
Page 11
खेल
आईएसएसएफ वर्ल्डकप : निशानेबाज ईशा सिंह का शानदार प्रदर्शन, महिला 25 मीटर...

जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 10
देश
सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ीं, पानीपत कोर्ट ने जारी किया नोटिस, दो जुलाई को पेशी

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 04 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 174 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 110 | ₹92,800 |



## आज का इतिहास

- **2012 :** भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली है।
- **2009 :** जालंधर, पंजाब, भारत में डेरा सच्चा खान के नेता संत रामानंद दास के अंतिम संस्कार में दो लाख लोग शामिल होते हैं। डेरा सच्चांद एक धार्मिक सामाजिक संगठन है, जो जालंधर, पंजाब, भारत के पास बलान गाँव में स्थित है। इसकी स्थापना गुरु रविदास के भक्तों द्वारा की गई थी।

## न्यूज बाइट्स

### बाजार 2700 अंक उछला, निवेशकों ने 12 लाख करोड़ कमाए

**मुंबई (ए.)।** चुनाव नतीजों से एक दिन पहले सेंसेक्स करीब 2,700 पॉइंट की तेजी के साथ 76,738 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी अपने ऑल टाइम हाई 23,338 पर पहुंच गया। इसमें 800 अंक से ज्यादा की तेजी देखने मिली। शेयर बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों की वेल्थ लगभग 12 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। BSE का मार्केट कैप शुक्रवार को 4,12,12,881 करोड़ रुपए था जो आज यानी, 3 जून को बढ़कर 4,23,71,233 करोड़ रुपए पहुंच गया है। पिछले 2 साल में यह शेयर बाजार की एक दिन में सबसे ज्यादा बढ़त है। इससे पहले 30 अगस्त 2022 को सेंसेक्स में 1500 अंक से ज्यादा की तेजी रही थी। सुबह 10 बजे सेंसेक्स 76.050 और निफ्टी 23,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

### ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद

**नई दिल्ली (ए.)।** नागपुर की एक अदालत ने सोमवार को ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अग्रवाल पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप हैं। निशांत अग्रवाल को 2018 में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निशांत अग्रवाल ब्रह्मोस एयरोस्पेस में सीनियर सिस्टम इंजीनियर थे और मिसाइल परियोजनाओं में शामिल थे। अग्रवाल को आईएसआई को परियोजनाओं के बारे में गोपनीय जानकारी देने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने 2018 में नागपुर के पास से गिरफ्तार किया था।

### सड़क हादसा, कार व बस की सीधी टक्कर में तीन की मौत

**गुमला (झारखंड) (नि।सं।)।** गुमला, दुर्जय पासवान-झारखंड के गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी है, जबकि एक बच्ची घायल हो गयी है। बताया जा रहा है कि खोरा गांव के समीप कार व मंत्री बस में सीधी भिड़ंत हो गयी। इससे ये हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से हादसे के बाद घायलों को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक बच्ची घायल हो गयी है।

# हजारों प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

**एजेंसी | नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सात चरणों में हुए मतदान की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से देशभर में विभिन्न मतगणना केन्द्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगी और अंतिम वोट गिने जाने तक निरंतर जारी रहेगी।

मतगणना के साथ ही विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद पूरी होगी। करीब 80 दिन तक चले लोकतंत्र के इस महोत्सव में सब की निगाहें कल की मतगणना पर टिकी है, जो यह तय करेगा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता की हैट्रिक लगाता है या फिर विपक्षी इंडिया समूह सत्ता परिवर्तन के अपने प्रयास में सफल होता है। मतगणना के लिए सभी राज्यों के जिला मुख्यालयों पर मतगणना केन्द्र स्थापित किये गये हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। सातों चरणों के मतदान की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) स्ट्रॉग रूम से सुबह तक कड़े पहरे में मतगणना टेबल तक पहुंचा दी जाएंगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्थापित व्यवस्था के अनुसार सबसे पहले सभी मतदान केन्द्रों पर डाक मतपत्रों की गिनती शुरू करायी जाएगी उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की और अंत में पांच-पांच वीवीपैट की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मतगणना का काम आखिरी वोट की गिनती तक निरंतर रूप से जारी रहेगाा।

### 64.2 करोड़ लोगों ने किया मतदान, बनाया विश्व रिकॉर्ड




लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमने 642 मिलियन (64.2 करोड़) मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह सभी जी7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और ईयू के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि भारत ने लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया। निर्वाचन आयुक्तों को सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा 'लापता जेंटलमेन' नाम दिए जाने के संदर्भ में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हम हमेशा यहीं थे, कभी नदारद नहीं रहे। राजीव कुमार ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल, डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान और सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए करीब चार लाख वाहनों, 135 विशेष ट्रेनों और 1,692 उड़ानों का इस्तेमाल किया।

## बिहार के सभी जिलों में अलर्ट, काउंटिंग सेंटर के बाहर धारा-144 लागू

**निज संवाददात | पटना**

लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर बिहार के सभी जिलों में पुलिस-प्रशासन को अलर्ट किया गया है। खासकर मतगणना के बाद चुनावी हिंसा की आशंका को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए संवेदनशील स्थलों को चिह्नित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि असामाजिक तत्व अफवाहों का सहारा न ले सकें। मतगणना के बाद अगले 24-72 घंटों तक एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, खुफिया सूचना के बाद इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त, आइजी, डीआइजी सहित जिलों के डीएम-एसपी को पत्र लिख कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। इसमें आशंका जताई गई है कि चार जून को मतगणना की समाप्ति के बाद विजयी प्रत्याशियों या उनके समर्थकों द्वारा विजय जुलूस निकाले जाने के दौरान माहौल बिगड़ सकता है। इसकी निगरानी की जाए ताकि इस दौरान उल्लास में सांप्रदायिक या सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाली टिप्पणी या नारा न लगाए जाएं। सभी जिलों में पूर्वानुमति के बाद ही विजय जुलूस निकाले जाने के निर्देश दिए गए हैं। इन जुलूसों की निगरानी में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सारण, पाटलिपुत्र, भोजपुर समेत जिन इलाकों में मतदान के दौरान या उसके बाद हिंसा हुई है, वहां अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## मध्यप्रदेश के राजगढ़ में ट्रैक्टर पलटने से 13 की मौत, राष्ट्रपति ने जताया दुख

**एजेंसी | राजगढ़ (मध्यप्रदेश)**

मध्यप्रदेश के राजगढ़ में रविवार की रात 9 बजे बारातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 16 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया। 12 ट्रॉमा सेंटर में हैं। गंभीर रूप से घायल 2 बच्चों समेत 4 लोगों को भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे में मरने वाले सभी लोग राजस्थान के झालावाड़ और बारां जिले के रहने वाले थे। बारात में शामिल एक महिला का कहना है कि ट्रैक्टर का ड्राइवर शराब के नशे में था। जानकारी के मुताबिक ट्रॉली में 50 बाराती थे। मौत उनकी हुई जो ट्रॉली के नीचे दब गए थे। ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला। जेसीबी की मदद से ट्रॉली उठाकर शवों को और अन्य घायलों को निकाला गया। मरने वालों में 5 महिलाएं, 5 बच्चे और 18 से 20 साल के 3 युवक हैं। हादसा राजगढ़ जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर पीपलोदी के पास हुआ है। ट्रैक्टर में राजस्थान के इकलेरा के समीप स्थित मोतीपुरा गांव से तातूड़िया परिवार की एक बारात राजगढ़ के पास देहरीनाथ पंचायत के गांव कमालपुर आ रही थी। खामखेड़ा से कुछ दूर पिपलौदी मोड़ पर ट्रैक्टर सड़क से उतरकर खाई में जा गिरा और पलट गया। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इधर, सूचना के बाद मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे। साथ ही एंबुलेंस भी मौके पर आ गई।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख



राजगढ़ दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में हुई सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार मिला. खबर अत्यंत दुःखद है। आगे उन्होंने लिखा कि मैं उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को हादसे में खोया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

## निजी फाइनेंस बैंक से 14 लाख रूपये की लूट

**निज संवाददाता | पटना**

एक निजी फाइनेंस बैंक में सोमवार को 14 लाख रुपए की लूट हो गई। सुबह करीब 10:45 बजे 6 अपराधी हथियार लेकर बैंक में घुसे। अपराधियों ने बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। फिर 6 मिनट के अंदर 14 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। सभी अपराधियों ने चेहरे पर नकाब पहन रखा था।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। घटनास्थल पर बिहटा डीएसपी पंकज कुमार मिश्र भी अपने दलबल के साथ मौजूद हैं। पुलिस सीसीटीवी की मदद से अपराधियों को पहचान करने में जुटी है। डीएसपी के मुताबिक, पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के गोखुलपुर की है। बैंक मैनेजर राजेश कुमार ने कहा कि रोज की तरह आज भी करीब 7 बजे बैंक खुल गई थी। बैंक के काम से वे बाहर निकल गए थे। करीब पौने ग्यारह बजे फोन से सूचना मिली कि बैंक में लूट हो गई है। करीब आधा दर्जन हथियारबंद और चेहरे पर गमछा, मास्क लगाए बदमाशों ने बैंक में घुसकर पहले गार्ड को बंधक बनाया। बैंक में मौजूद लोग कुछ समझ पाते इससे पहले अपराधियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए सभी स्टाफ और महिला समेत ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। चाबी छीन कर करीब 6 मिनट में बैंक की तिजोरी से 14 लाख लेकर फरार हो गए। डीएसपी पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो रुपए महंगा अमूल दूध 15 महीने बाद बढ़े दाम

**एजेंसी | नई दिल्ली**




अमूल दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने कहा है कि अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति और अमूल फ्रेश की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। दूध की आज सुबह से लागू हो गई हैं। फेडरेशन ने रविवार (2 जून) को लेटर जारी कर बताया कि, ऑपरेशन और प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ने के कारण दूध के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी का मतलब ये है कि एमआरपी में 3-4% की इजाफा होगा। बताया गया कि, इनपुट कॉस्ट बढ़ने के कारण हमारी मेंबर यूनियनों ने किसानों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 6-8% की बढ़ोतरी की है। अमूल उपभोक्ताओं की ओर से भुगतान किए गए प्रत्येक रुपए में से लगभग 80 पैसा दूध उत्पादकों को देता है। अमूल ने दूध की कीमतों में 15 महीने बाद बढ़ोतरी की है। इससे पहले फरवरी 2023 में 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। दूध की कीमतें बढ़ाने को लेकर अमूल ने कहा था कि, 'पिछले साल की तुलना में पशु चारे की कीमत ही करीब 20% बढ़ चुकी है। इनपुट लागत में बढ़ने के कारण हमारी मेंबर यूनियन ने किसानों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमतों में 2022 की तुलना में 8-9% की बढ़ोतरी की है।

## बीपीएससी टीयर -3 : आज से अतिथि शिक्षकों के लिए खुलेगा आवेदन विंडो

- 27 से 30 जून तक परीक्षा संभावित

**निज संवाददाता | पटना**

शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुर्नपरीक्षा (टीआरई-3.0) में अतिथि शिक्षक मंगलवार से 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में एकबार फिर आवेदन विंडो बीपीएससी ने खाला है। इस बाबत आयोग के परीक्षा नियंत्रक सत्य प्रकाश शर्मा ने अधिसूचना जारी कर दी। बताया गया है कि हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिए प्रत्येक वर्ष की सेवा अवधि के लिए पांच अंक अधिभार देते हुए अधिकतम 25 अंक अधिभार दिया जाना है। उक्त अधिभार अतिथि शिक्षक के नियुक्ति पत्र एवं संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर देय होगा। शिक्षा विभाग के 31 मई के पत्र के आलोक में अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र में नियुक्त अतिथि शिक्षक जो विद्यालय अध्यापक के वर्ग 11 से 12वीं में नियुक्ति के लिए अर्हता रखते हो, उनसे आवेदन लिया जाना है। बीपीएससी सभी ने 26 जिलों के डीएम को पत्र लिखकर आवासन की व्यवस्था करने को कहा है। आयोग की ओर से नई संशोधित परीक्षा तिथि 27 से 30 जून एकल पाली में संभावित है। आयोग के सचिव ने सभी डीएम से कहा है कि एक पाली में परीक्षा के लिए पूर्व में भेजे गए आवासन को संपुष्ट करते हुए छह जून तक आयोग को भेजने का आग्रह किया है।

### आवेदन कर चुके अभ्यर्थी, दे सकेंगे अनुभव प्रमाण पत्र

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि वैसे अतिथि शिक्षक जो पूर्व में आवेदन कर चुके हैं वह चार से 10 जून के बीच यूजरनेम व पासवर्ड का उपयोग करते हुए अपना अनुभव का डिटेल डाल सकते हैं। इसके लिए लागिंग में इंटर एक्सप्रीएंश डिटेल फार गेस्ट टीचर वन्ली पर क्लीक करते हुए अपना डिटेल भरेंगे। जो अतिथि शिक्षक आवेदन नहीं किए हो वह अपना आवेदन इस अवधि में कर सकते है।

## पटना, जहानाबाद, गया में बारिश, कई शहरों में तेज आंधी

- सुपौल, अररिया, शेखपुरा समेत 10 से ज्यादा जगहों पर बारिश का अलर्ट

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के कई जिलों में सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदला है। तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। जहानाबाद, गया और पटना में झमाझम बारिश हुई है। पटना के खगौल, फुलवारी शरीफ नौबतपुर की इलाकों में झमाझम बारिश हुई। कई शहरों में तेज आंधी चल रही है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, शेखपुरा, जमुई, मुंगेर, बेगूसराय, गोपालगंज, सारण, नालंदा समेत कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार जून के दूसरे हफ्ते में गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में मानसून 15 से 18 जून के आसपास दस्तक देगा। इसके साथ ही प्रदेश में बारिश और तेज हवाएं का चलनी शुरू हो जाएगी।

बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। साथ ही यहां से मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल स्थिति बनी हुई है। इन सब कारणों का असर बिहार के मौसम पर पड़ने लगा है। 10 दिन के बाद पटना समेत बिहार के लोगों को गर्मी और लू से राहत मिली है।

### अभी गर्मी से राहत नहीं

राज्य के उत्तर और पूर्व के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। लेकिन, दक्षिण और मध्य बिहार में लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। दक्षिण और मध्य बिहार के जिलों में अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जाएगा। इससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान होंगे।

## बिहार खादी समर कैम्प में गौरैया मैन संजय कुमार ने प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन और गौरैया संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**निज संवाददाता | पटना**




बिहार खादी समर कैंप के तीसरी सत्र में गौरैया संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौरैया मैन के नाम से प्रसिद्ध व प्रेस इन्फ़ॉर्मेशन ब्यूरो-सीबीसी (पटना) के उपनिदेशक संजय कुमार ने प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन एवं गौरैया संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक तापमान को बढ़ाने वाले तत्वों मसलन वाहनों,विकास के नाम पर पेड़ों का काटना और प्लास्टिक का इस्तेमाल इसी प्रकार बढ़ता जायेगा तो आने वाले दिनों में पृथ्वी का तापमान बढ़ ही जाएगा। उन्होंने गौरैया संरक्षण पर कहा कि 1950-70 के दशक में भारत में गौरैया की बहुत बड़ी आबादी देखी गई थी, लेकिन प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन के कारण धीरे धीरे इसकी आबादी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई।हाउस स्पैरो, ट्री स्पैरो जैसी विभिन्न प्रजातियाँ पाई जाती थीं और अब प्रतिकूल जलवायु प्रभाव के कारण हमें उन्हें संरक्षित महसूस कराने के लिए कृत्रिम स्पैरो हाउस बनाने पड़ रहे हैं।लोगों को जागरूक करने के लिए 'ओ री गौरैया और 'अभी मैंने जिंदा हूं गौरैया नाम से किताबें लिखी जोगौरैया को संरक्षित करने के लिए एक कदम उठाया है। बढ़ते तापमान और जीव-जंतुओं के महत्व' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि पहले मिट्टी या खपड़े के मकान व हाथ-पंखे व घड़े के पानी के दौर से निकलकर हम पक्के मकान व फ्रीज एवं एयर कंडीशन के दौर में पहुंच चुके हैं। तेजी से उद्योग और प्लास्टिक उत्पादन से कार्बन का उत्सर्जन बढ़ता जा रहा है। ऐसे कई कारण हैं, जिससे पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। अपने मुख्य भाषण में, श्री कुमार ने गौरैया की आबादी में चिंताजनक गिरावट पर प्रकाश डाला, यह प्रजाति एक समय भारत के शहरी और ग्रामीण परिदृश्यों में सर्वव्यापी थी। उन्होंने इस गिरावट के लिए निवास स्थान की हानि, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को जिम्मेदार ठहराया। श्री कुमार कहा गौरैया पर्यावरणीय स्वास्थ्य का संकेतक हैं।उनकी घटती संख्या मानवीय गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले व्यापक पारिस्थितिक व्यवधानों को दर्शाती है। इस आयोजन का एक उल्लेखनीय आकर्षण हस्तनिर्मित बर्डहाउस का वितरण रहा।

**मंगल कामना को लेकर ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को बट सावित्री व्रत पूजन करती हैं महिलाएं**

## छह जून को किया जाएगा वट सावित्री व्रत, वट वृक्ष में तीन देवताओं का वास

**निज संवाददाता | पटना**



वट सावित्री पूजा को लेकर बाजार में पूजा सामग्री सज गई है। सुहागिन महिलाएं अपने पति के दीर्घायु जीवन की मंगल कामना को लेकर ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को बट सावित्री व्रत पूजन करती हैं। यह व्रत पूजन इस बार छह जून को होने जा रहा है। इस दिन का उपवास सुहागिन महिलाओं के लिए खास होता है। सुहागिनें बट वृक्ष की विधि विधान से पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यता के मुताबिक, सुहागिन इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा कर पति के दीर्घायु जीवन के साथ परिवार में सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। मान्यता है कि बट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है। बट सावित्री व्रत से घर में सुख-समृद्धि के योग बनते हैं और रुके हुए कार्य पूरे होते हैं। ज्येष्ठ माह में होने वाला ये व्रत भीषण गर्मी को लेकर कठिन भी होता है। चूंकि गर्मी चरम पर होती है। पूजा के शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा के बाद महिलाएं कथा श्रवण करती हैं। पूजा में मौसमी फल, पकवान, चना आदि चढ़ाए जाते हैं। व्रती माथे पर कलश लेकर चलती हैं। वहीं अन्य महिलाएं समूह में गीत गाती हुई वट वृक्ष की पूजा करने जाती हैं। वट सावित्री व्रत पर सबसे पहले सुहागिन महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान जरूर कर लें। इसके बाद लाल रंग की आखर साड़ी पहने और श्रृंगार करें। इस दिन वट वृक्ष के पेड़ के नीचे साफ-सफाई करें और गंगाजल का छिड़काव करें।

इसके बाद वट वृक्ष में जल अर्पित करें और धूप, अगरबत्ती आदि जलाएं। अब वट वृक्ष के चारों तरफ सात बार कच्चा धागा लपेटते हुए परिक्रमा करें। अंत में वट सावित्री व्रत की कथा सुनें। पूजा के बाद जो फल, फूल, अनाज और कपड़ा आदि एक टोकरी में रख कर किसी ब्राह्मण को दान कर दें।

### वट सावित्री व्रत शुभ मुहूर्त

ज्येष्ठ महीने की अमावस्या तिथि 05 जून 024 को शाम 06 बजकर 24 मिनट पर शुरू हो जाएगी। साथ ही इस तिथि का समापन 06 जून को दोपहर 04 बजकर 37 मिनट पर होगा। ऐसे में हिंदू पंचांग के अनुसार, वट सावित्री व्रत 06 जून गुरुवार के दिन किया जाएगा।

### वट सावित्री व्रत की आवश्यक सामग्री

वट सावित्री की पूजा वट वृक्ष के नीचे की जाती है। वट सावित्री व्रत की पूजा के लिए अपने आस-पास एक वट वृक्ष ढूंढ लें। इस पूजा की अन्य जरूरी सामग्री है- बरगद का फल, सावित्री और सत्यवान की मूर्ति या तस्वीर, भिगोया हुआ काला चना, कलावा, सफेद कच्चा सूत, रक्षासूत्र, बांस का पंखा, सवा मीटर का कपड़ा, लाल और पीले फूल, मिठाई, बताशा, फल, धूप, दीपक, अगरबत्ती, मिट्टी का दीया, सिंदूर, अक्षत, रोली, सवा मीटर का कपड़ा, पान का पत्ता, सुपारी, नारियल, श्रृंगार सामग्री, जल कलश, पूजा की थाली, वट सावित्री व्रत कथा की पुस्तक आदि।


बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त

श्री राज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट

मीठापुर बस स्टैंड रोड, जक्कनपुर पुलिस थाना के पास, पटना

Paramedical Course

» BPT » BOT
» BMLT » BHM

Students Credit Card Facility Available

Nursing Courses

» B|Sc| Nursing
» GNM
» ANM

Registration for Session 2024




प्रशिक्षण हेतु संस्थान का अपना आधुनिक अस्पताल

Ph| 0612-2360081, 9155558888, 9162413233

E-mail: srthospital@gmail com, Web : www biharparamedical org

## संक्षिप्त समाचार

### डकैती के आरोपी को पुलिस ने लिया रिमांड पर

**मानपुर।** मुफस्सिल पुलिस द्वारा जेल में बंद टनकुप्पा थाना अंतर्गत मोकरी निवासी विक्की कुमार नामक अपराधी को 24घंटे के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।इस संबंध में एसआई अरविंद किशोर ने बताया की 4मई 2021को दिनदहाड़े दो अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट चंद्रशेखर कुमार से बाइक बी आर 01 जीइ 0419, 1.29लाख नगद और सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल लूट लिया था।उन्होंने बताया कि मोबाइल को अबगिल्ला से बरामद किया गया था।वही बाइक को शराब के साथ जब्त किया गया ।

### फतेहपुर में दो वारंटी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र कई गांवों में विशेष छापेमारी की गई। इस छापेमारी के दौरान पहाड़पुर गांव से वारंटी अर्जुन पासवान और नागवर गांव से वारंटी मनोज चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों के खिलाफ फतेहपुर थाना में एफआईआर दर्ज है। इसमें कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

### जीत-हार के जोड़-घटाव को ले चर्चाओं का बाजार गर्म

**नीमचक बथानी।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद शाम से ही लोगों के बीच जातीय समीकरण और सामाजिक गोलबंदी के चर्चे होने लगी। रविवार सुबह बाजार के चौक चौराहे हो या गांवों के दुअरा दालान हो सभी जगह कौन किसके पक्ष में समर्पित रहा तो कौन पलटी मारा बस इसी बात की चर्चा सुना गया। मालूम हो कि जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अतरी विधान क्षेत्र के मतों की गिनती सबसे अंत मे होती है और पिछली बार वर्तमान सांसद महज 1751 मतों के अंतर से जीत दर्ज किया था, इस कारण अतरी विधान सभा के मतदाताओं की दिलचस्पी अपने मतों से ज्यादा दूसरे इलाकों के मतों के ध्रुवीकरण की जानकारी लेने में है। कौन सा समर्पित कुनबा किधर की ओर रुख किया और कौन सा कुनबा अंतिम समय में पलटी मार कर पलटू चाचा की ओर रुख किया इसकी जानकारी जुटाना और फिर अपने दो चार साथियों के बीच चुनाव परिणाम की मुहर लोग हर मोड़ पर लगा रहें हैं। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में वर्तमान सांसद की नाराजगी का आकलन जदयू शीर्ष नेतृत्व नहीं कर सकी या इसे नजरअंदाज कर गई ये बात जदयू के कोर वोटर को हजम नही हो पाई और जदयू को या यूं कहें कि एनडीए को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दो बार के सांसद रहे अरुण कुमार जैसे ही हाथी पर सवार हुए तो ये बात भी सभी के जेहन में आ गई कि अब हाथी के चाल पर ही जहानाबाद का परिणाम निर्भर करेगा। सुरेंद्र यादव इस बार लालटेन को जला पातें है कि नहीं ये भी इसी बात पर निर्भर रहा कि जदयू के कोर वोटर में खासकर भूमिहार समाज अंतिम समय मे अरुण कुमार के साथ रहें या चुनाव के दिन राजद और सुरेंद्र यादव को मैदान से से बाहर करने के उद्देश्य से जदयू की ओर पलटी मार गयें। मतदान के बाद जो चर्चा सबसे ज्यादा हो रही है उसमें इस बात की चर्चा सबसे अधिक है कि जदयू के नाराज रहा ये तबका का क्या स्थिति रही। हालांकि मोदी मैजिक में इस धारणा को भी समाप्त कर दिया है कि हमें अपने इलाके के हित चाहने बाले अच्छे उम्मीदवार को जितना हैं। मोदी ने चुनाव को देशहित में कर दिया है जिसका असर भी देखा गया। नाराज तबका भी अंत मे देश हित में वोट किया। कभी हम अपने स्थानीय मुद्दे,उम्मीदवार की राजनैतिक हैसियत और सबसे जरूरी की जातीय चश्में के सहारे ही अपना प्रतिनिधि चुनने को प्राथमिकता देते थें, पर मोदी मैजिक ने स्थानीय मुद्दे और जात पात पर वोटिंग देने पुराने धारणा को मानो कम कर दिया है।

### आईडीए गया ने 25 चिकित्सकों को मोमेंटों दे किया सम्मानित




**बोधगया।** बोधगया के बुद्धा रिसोर्ट होटल सभागार में विश्व तंबाकू दिवस पर शहर के 25 चिकित्सकों को आईडीए गया ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। दंत चिकित्सक डॉ. रफत सुल्ताना ने बताया कि तम्बाकू सेहत के लिए काफी खतरनाक है। इससे परहेज करने की जरूरत है। आईडीए गया के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक मृणाल ने कहा कि तम्बाकू का सेवन हमारे दांतों की भी विभिन्न समस्याओं का कारण बनता है। दांतों की प्राकृतिक संरचना को नष्ट कर संक्रमण बढ़ाता है और दर्द उत्पन्न करता है। मसूड़ों के सूजन और संक्रमण का कारण बनता है। दांतों की जड़ों को नुकसान पहुंचाकर कमजोर कर देता है। यह मुख के कैंसर का भी कारण बनता है। इधर डॉ. अमित राज मृणाल ने तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा की। मौके पर आईडीए गया के सचिव डॉ. एस. नूर, कोषाध्यक्ष डॉ. गगन, थीमिस मेडिकेयर के जोनल सेल्स मैनेजर ललित नारायण मिश्रा, एरिया मैनेजर रत्नेश कुमार चौहान, बिजनेस एग्जीक्यूटिव राहुल कुमार, सन्नी कुमार सिंह, राहुल पाठक आदि मौजूद थे।

### काउंटिंग के दौरान कंट्रोल रूम को एक्टिव रखने का आदेश



**गया।** चार जून सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। इसकी सारी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम ने रविवार को गया कॉलेज गया पहुंच कर, मतगणना सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतगणना संबंधी दायित्व सौंपे। यहां गया संसदीय क्षेत्र के 06 विधानसभा क्षेत्र पड़े मतों की गणना होगी। उन्होंने निर्देश दिया है कि गया कॉलेज के गेट पर ही पर्याप्त साइनेज की व्यवस्था करवाएं ताकि एंट्री के दौरान ही मतगणना में आने वाले विभिन्न पदाधिकारी, कर्मियों व अन्य संबंधित व्यक्तियों को किस जगह पर क्या-क्या सुविधा है और किस विधानसभा का कहां पर मतगणना कार्य हो रहा है इत्यादि की पूरी जानकारी मिल सके। अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतगणना के दिन सुधा डेयरी का ठंडा रहने वाला पानी का टैंकर व्यवस्था करने को कहा गया है। साथ ही पीएचईडी के अभियंता को निर्देश दिया कि पानी टैंकर व पर्याप्त अस्थाई टॉयलेट की व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त रखें। बताया गया कि गया कॉलेज में स्थाई तौर पर 5 से 6 प्वाइंट्स पर टॉयलेट की व्यवस्था पहले से है, जहां मतगणना में कार्य में कर्मी व पदाधिकारी उसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिया है कि गया कॉलेज में बनने वाले कंट्रोल रूम को पूरी तरह एक्टिव रखना होगा। साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त रखना होगा। जिससे समेकित रूप से लोगों को राउंडवार मतगणना की जानकारी मिल सके। गेट पर रहेगी मोबाइल जमा करने की व्यवस्था उन्होंने नगर निगम के उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि साफ सफाई की पूरी व्यवस्था रखें। विधानसभा वार बड़े-बड़े आकार के तीन-तीन डस्टबिन रखें। इसके अलावा पर्याप्त सफाई कर्मी को भी उपलब्ध रखें ताकि डस्टबिन में कचरा भरने पर उसे तुरंत खाली कराया जा सके। डीएम ने बताया कि हर हाल में सुबह 08 बजे से मतों की गणना शुरू हो जाएगी। गया कॉलेज गेट पर ही मोबाइल कलेक्ट कराने की व्यवस्था कराएं। इस दौरान अच्छे से जमा व वितरण की व्यवस्था रहे। इस बैठक में सभी 06 विधानसभा से सहायक निर्वाची पदाधिकारी, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम, वरीय उप समाहर्ता स्थापना, ज़िला भू-अर्जन पदाधिकारी, ज़िला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, ज़िला जन सम्पर्क पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता रविन्द्र दिवाकर, वरीय उप समाहर्ता नजारत, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी/भवन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर-परिजन में मारपीट

## मेडिकल स्टूडेंट्स घायल, इमरजेंसी-ओपीडी सेवा ठप, अस्पताल पहुंचे मरीज हो रहे परेशान, तीन दिन पहले भी हुई थी झड़प

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के पावापुरी वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान में सोमवार को डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कई मेडिकल स्टूडेंट्स गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अब डॉक्टरों ने इमरजेंसी और ओपीडी सेवा को ठप कर दिया है और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इससे इलाज कराने पहुंचे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि तीन दिन पहले भी डॉक्टर और परिजनों के बीच झड़प हुई थी। इस मारपीट की घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि दर्जनों की संख्या में मरीज के परिजन हॉल में हैं, जहां एक परिजन डॉक्टर को थप्पड़ से पीट रहा है। फिर कुछ डॉक्टर पहुंचते हैं तो परिजन उसे दौड़ा देते हैं। इस घटना के बाद चिकित्सक आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को संस्थान के मेन गेट में ताला बंद कर मरीजों को अंदर प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। इससे नाराज परिजन मेन गेट का ताला तोड़कर घुस गए और पत्थरबाजी की। इस मेडिकल कॉलेज में बख्तियारपुर, लखीसराय, नवादा, जमुई, शेखपुरा, नालंदा समेत आसपास के जिलों के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। उन्हें बिना इलाज कराए ही वापस लौटना पड़ रहा है।

**मेडिकल कॉलेज में स्थिति तनावपूर्णः** घटना की सूचना मिलने के बाद पावापुरी थाना के थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले को शांत करने की कोशिश में जुट गए। इस दौरान मरीज के परिजनों ने मुख्य गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के छात्र भी उग्र हो गए। दोनों के बीच झड़प शुरू हो गई। पावापुरी थाना अध्यक्ष को परिजनों और मेडिकल स्टूडेंट्स के सामने हाथ जोड़ने पड़े, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। मेडिकल स्टूडेंट्स ने मरीज के परिजनों को मौके से खदेड़ दिया गया। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।



**मरीज से परिजनों को मिलने नहीं दिया गयाः** दरअसल, रविवार को ओपीडी सेवा बंद रहती है। सिर्फ इमरजेंसी ही कार्यरत रहता है। सोमवार को जैसे ही ओपीडी सेवा शुरू हुई तो मरीज इलाज के लिए आने लगे। मुख्य गेट पर ताला बंद होने के कारण मरीज इलाज के भटकते दिखे। कुछ मरीजों के परिजन गेट फांद कर अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे तो जाने नहीं दिया गया। इसके बाद हिंसक झड़प शुरू हो गई।

**कब तक ओपीडी सेवा बहाल होगी, कहना मुश्किलः** वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी के सुपरिंटेंडेंट अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि डॉक्टर और कर्मियों से बातचीत चल रही है। कब तक इमरजेंसी और ओपीडी सेवा बहाल होगी। इस संबंध में अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है।

**शनिवार को एक मरीज की मौत हो गई थीः** शनिवार को पुरी गांव निवासी स्वर्गीय कमला सिंह के 55 वर्षीय बेटे सुनील सिंह की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने विम्स में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने मरीज को मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजन आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ मारपीट की। डॉक्टरों की माने तो मरीज को मृत लाया गया था। परिजन मृत्यु प्रमाण पत्र और पर्ची की मांग कर रहे थे। वहीं, परिजन इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। इस मामले में विम्स अधीक्षक डॉक्टर अरुण कुमार सिन्हा ने तीन नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# नाबालिग का मिला शव, हेयर कट से हुई पहचान, शरीर पर नहीं बचा था मांस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में लापता लड़के का शव 6 दिन बाद बरामद हुआ है। गांव से तीन किमी दूर उसका शव बहुत ही खराब हालत में मिला है। शरीर पर मांस नहीं है। जंगली जानवरों ने शव को नोंच दिया है। हेयर कट से परिजनों ने उसकी पहचान की है। मृतक टुन्नी महतो का बेटा भोला उर्फ प्रिंस कुमार (15) है। जो 27 मई को मोमो खाने के लिए गांव के दूसरी तरफ गया था। जहां से वो लापता हो गया था। 29 को हरनौत थाने में लापता होने का मामला दर्ज हुआ। 2 जून को उसका शव मिला। भोला के भाई मनीष कुमार ने बताया कि हत्या के लिए मृतक के तीन नाबालिग दोस्तों को 30 हजार की सुपारी दी गई थी। दो की गिरफ्तारी हो गई। अभी मुख्य आरोपी और एक नाबालिग फरार है। मामला हरनौत थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव का है।



**मेरे भाई की कोई दुश्मनी नहीं थीः** किशोर के भाई मनीष कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने अपना जुर्म पुलिस के सामने कबूल किया है। उनकी निशानदेही पर डेड बॉडी का पता चला। पुलिस ने देर रात शव मिलने की जानकारी दी। गांव के ही टिंकू महतो के साथ भाई भोला रहता था। टिंकू महतो को भोला चाचा कहता था। टिंकू महतो का उसके भाई जितेंद्र से भूमि विवाद चल रहा है। जितेंद्र महतो टिंकू महतो को फंसाने चाहता था। इसलिए भाई की हत्या करवा दी। मेरा भाई टिंकू महतो के साथ रहता था। ऐसे में उसके साथ कुछ अनहोनी होती तो टिंकू महतो पर आरोप लगता।

**सुपारी के 10 हजार रुपए दिए गए थेः** मनीष ने कहा कि गिरफ्त में आए आरोपी ने पुलिस के सामने यह कबूल किया कि जितेंद्र ने 30 हजार की सुपारी दी थी। इसमें 10 हजार रुपए की पहली किश्त दी गई। भाई को बहला फुसलाकर गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर चिरारी खंधा के पास ले गए। उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। शव को बांध के नीचे फेंक दिया।

♦ **3 दोस्तों ने 30 हजार में ली थी सुपारी**

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रहीः** हरनौत थानाध्यक्ष अबु तालिब अंसारी ने बताया कि परिजन ने दो संदिग्ध के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसकी निशानदेही पर किशोर का शव बरामद किया गया है। इस मामले अन्य लोगों की भी संलिप्तता सामने आई है। जिनके विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जंगली जानवरों के कारण शरीर कंकाल में तब्दील हो गया है।

# छाते के नीचे खड़े होकर ट्रैफिक व्यवस्था संभालेंगे जवान

निज संवाददाता। गया

गया जिला पुलिस ने इस भीषण गर्मी के बीच ट्रैफीक पुलिस वेल्फेयर के लिए एक पहल शुरू की है। चौक-चौराहा और तिराहे पर ड्यूटी करने वालों के लिए एसएसपी आशीष भारती ने आउटडोर छाता की व्यवस्था की है। शहर के अंदर विभिन्न चौक-चौराहों पर ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक पुलिस के जवान अब छाते के नीचे खड़े हो कर ट्रैफिक को दिशा देंगे। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस के जवान साल भर खुले आसमान के नीचे ही खड़े होकर ड्यूटी किया करते थे। तल्ख गर्मी हो या फिर कड़ाके की ठंड या फिर भारी बरसात उन्हें सभी मौसम में खुले आसमान के नीचे ही खड़े होकर अपनी ड्यूटी करनी पड़ती थी।



♦ **शुद्ध पेयजल और ओआरएस की भी होगी व्यवस्था, ट्रैफिक पोस्ट के लिए हो रही पहल**

**न ट्रैफिक पोस्ट है और न ट्रैफिक लाइटः** खास बात यह है कि बेशक गया पर्यटन के मानचित्र पर विशेष पहचान रखता हो और प्रति वर्ष लाखों की संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक यहां घूमने आते हैं, लेकिन यहां न तो ट्रैफिक लाइट है और न ही ट्रैफिक पोस्ट। यही वजह है कि ट्रैफिक पुलिस को खुले आसमान के नीचे ही खड़ा होकर हर मौसम ड्यूटी करनी पड़ती है। एसएसपी का कहना है कि ट्रैफिक पोस्ट का प्रस्ताव भेजा गया है। इस बीच ट्रैफिक पुलिस के जवानों का इस भीषण गर्मी में स्वास्थ्य बेहतर रहे। उनकी तबीयत खराब न हो। इसके लिए आउट डोर छाता की व्यवस्था की गई है। आधा दर्जन से अधिक पोस्ट पर छाता मुहैया कराया गया है। साथ ही ओआरएस और शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था की गई है।

# जेडीयू कार्यकर्ता की हत्या

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में जदयू कार्यकर्ता की चुनावी रंजिश में हत्या कर दी गई है। कार्यकर्ता पर भाला, तलवार से हमला किया गया है। मृतक की पहचान स्वर्गीय बरहमदेव प्रसाद के बेटे अनिल कुमार (60) के तौर पर हुई है। वो पार्टी के पोलिंग एजेंट थे। जिसके बाद गांव के कुछ लोगों ने चुनाव के बाद उठा लेने की धमकी दी थी। आज सुबह जब अनिल कुमार शौच के लिए खेत की ओर गए तो इसी दौरान उन पर हमला कर दिया। घटना परवलपुर थाना क्षेत्र के माउया गांव की। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मौके पर नालंदा से एनडीए प्रत्याशी और जदयू सांसद कौशलेंद्र कुमार भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार पार्टी में काफी सक्रिय थे। निर्मम तरीके से उनकी हत्या की गई है।



कई बार वार किया गया है। पहले ही धमकी दी गई थी। ऐसी घटना करने वाले को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वहीं बेटी नीतू कुमारी ने बताया कि पोलिंग एजेंट बनने के बाद ही 5-6 लोगों ने धमकी दी थी। चुनाव के बाद उठा लेने, देख लेने की बात कही थी। आज उन्होंने मार डाला। मृतक की पत्नी प्रमिला देवी ने कहा कि 5 बीघा जमीन के लिए विवाद चल रहा है।

# जिलस्तरीय खरीफ कर्मशाला 6 को, तैयारी पूरी, कृषि विभाग की योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में छह जून को जिलास्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसमें कर्मी और चयनित किसानों को कृषि, पशुपालन व मत्स्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही खरीफ की उन्नत खेती के तरीके भी बताये जाएंगे। डीएओ महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कर्मशाला में अलग-अलग सत्र होंगे। किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, जलछाजन, राष्ट्रीय कृषि विकास, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कृषि यांत्रिकरण, कस्टम हायरिंग, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, सूक्ष्म सिंचाई योजना, पशुपालन, मत्स्यपालन के बारे में जानकारी दी जाएगी। कृषि वैज्ञानिक खेती की बारीकियां बताएंगे। खेत की मिट्टी की जांच कराने के फायदे की जानकारी दी जाएगी।

## उन्नत खेती के गुर भी सिखाए जाएंगे




**7 से 17 जून तक चलेगा कार्यक्रमः** आत्मा के उप परियोजना निदेशक अविनाश कुमार ने बताया कि 7 से 17 जून तक प्रखंड स्तर पर अभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा। इसमें किसानों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही अनुदान पर बीज का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी जाएगी। साथ ही किसानों को लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जाएगा। कर्मशाला सह प्रशिक्षण में इनकी दी जाएगीः 1. जलवायु अनुकूल खेती 2. मोटे अनाज की खेती के फायदे 3. खरीफ मक्का और प्याज की खेती 4. जीरो टिलेज और सीड ड्रिल से धान की उन्नत खेती 5. जैविक खेती के फायदे 6. कृषि यांत्रिकरण 7. सूक्ष्म सिंचाई से पानी की बचत व अन्य।

# पोस्टमॉर्टम के लिए बॉडी लेने श्मशान पहुंची पुलिस पर हमला

निज संवाददाता। गया

गया में जांच के लिए गई फतेहपुर पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। जख्मियों में 2 एसआई और तीन पुलिसकर्मी हैं। सभी का इलाज सीएचसी फतेहपुर में चल रहा है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि गांव में एक महिला की कुएं गिरकर मौत हो गई। उसका अंतिम संस्कार कराया जा रहा। डेड बॉडी जलाई जा रही थी। तभी पुलिस पहुंची और पोस्टमॉर्टम कराने की बात कहने लगी। जिसके बाद पुलिस पर हमला कर दिया गया। मामला फतेहपुर थाना क्षेत्र के गक्षण्डा की है।

**पति के आने के बाद दाह संस्कार के लिए जा रहे थे परिजनः** जानकारी अनुसार रविवार को महिला कुएं में गिर गई थी। मृतका का पति किसी दूसरे प्रदेश में काम करता है। आज सुबह पति गांव पहुंचा। जिसके बाद ग्रामीण दाह संस्कार के लिए बॉडी को लेकर श्मशान जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने परिजनों को पोस्टमॉर्टम कराने को कहा।



**आरोपियों की पहचान की जा रही हैः** पुलिस का आरोप है कि पोस्टमॉर्टम कराने की बात पर गांव के शरारती तत्व भड़क गए। गांव के लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने बताया कि ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला किया है। मामले में आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। किसी भी हमलावर को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस दबिश जारी है।

# प्रेमी ने चार दोस्तों के साथ की गर्लफ्रेंड की हत्या, गुजरात से मर्डर करने गया पहुंचा युवक

निज संवाददाता। गया

गया में 29 मई को नक्सल प्रभावित क्षेत्र परसिया गांव के पास पेड़ से लटका युवती का शव मिला था। युवती की पहचान गीता कुमारी (18) के रूप में की गई थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमी संजीत के साथ ही मनीष कुमार, नीतीश कुमार, रामजीत कुमार और आकाश कुमार शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि संजीत का पिछले दो साल से युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन, युवती कुछ और लड़कों से बातचीत कर रही थी। इससे नाराज संजीत गुजरात से 26 मई को गया पहुंचा और 28 मई को दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। युवक के परिजनों ने बताया कि गीता 28 मई की रात घर से लापता हो गई थी। अगले दिन सुबह उसकी लाश घर से 3 किलोमीटर दूर पेड़ से लटकी मिली थी।



**मोबाइल लोकेशन से हुआ खुलासाः** इमामगंज SDPO अमित कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए गांव के ही युवक संजीत कुमार (26) के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो संजीत और उसके 4 साथियों का लोकेशन घटना वाले इलाके में मिला। इसके बाद पुलिस ने संजीत को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान संजीत ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। संजीत ने पुलिस को बताया कि गीता के साथ पिछले 2 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच वह गुजरात कमाने चला गया। गुजरात में गांव के साथियों ने फोन पर बताया कि गीता कुछ दिनों से किसी दूसरे लड़के से बातचीत कर रही है। इसके बाद 26 मई को गुजरात से इमामगंज कसियाडीह लौटा।

**मिलने के लिए बुलाया था घरः** संजीत ने पुलिस को बताया कि 28 मई की रात गीता को अपने घर मिलने के लिए बुलाया। गीता रात को जब घर पर आई तो बातचीत के दौरान दूसरे लड़के से बातचीत के सवाल पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। इसके बाद अपने 4 साथियों को बुलाया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पांचों ने मिलकर उसके शव को परसियाडीह के पतरकी आहर के पास एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका दिया और अपने-अपने घर वापस आ गए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani।com/epaper



# हाईटेंशन नंगे तारों के ऊपर लोहे का तार फेंक करवाता था शार्ट सर्किट

## तीन चोरों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के तारगिर गांव से बीती रात्रि ग्रामीणों ने तीन चोरों को रंगे हाथ धमौल-तारगिर रोड स्थित चन्दन कुमार के ऑनलाइन दुकान से चोरी करते हुए पकड़ा एवं सुबह पुलिस को सूचना दिए। सूचना पाकर थाने में पदस्थापित एसआई सत्येन्द्र सिंह चौकीदार एवं पुलिस बल के साथ गांव आये और चोरों से पूछताछ हेतु थाना लेकर चले गए। ग्रामीणों ने बताया कि पकड़ाये चोरों द्वारा बताया गया कि उन्हें जिस गांव में चोरी करनी होती थी, वे उस गांव के हाइटेंशन नंगे तारों पर लोहे का तार फेंक कर शार्ट सर्किट करवा देते थे। जिससे गांव की बिजली गुल हो जाती थी। उसके बाद वे बाइक व मोबाइल चोरी के साथ-साथ ताला तोड़कर सीएसपी समेत दुकानों में रखे पैसे आदि की चोरी किया करते थे। चोरी का यह नायाब तरीका जानकर लोग हैरान रह गए। बताया जाता है कि बीते रविवार की रात्रि को नेमनबिगहा गांव निवासी भूषण प्रसाद के पुत्र रंजय कुमार, सुनील कुमार के पुत्र गौरव कुमार एवं सुरेंद्र मिस्त्री के पुत्र सोनू कुमार को ग्रामीणों द्वारा चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। जबकि पकड़ाये चोरों के अन्य छः साथी दरियापुर गांव के रहने वाले हैं, वे भागने में सफल रहे। पकड़ाये चोरों ने भागने वाले चोरों की पहचान दरियापुर के गोलू कुमार, सचिन कुमार, शिवम कुमार, धीरज कुमार एवं गुलशन कुमार उर्फ एलेक्स के रुप में की है। बताते चलें कि बीते कुछ दिनों से थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना बढ़ गई थी। जिसको लेकर पुलिस चौकन्ना थी। इसी बीच ग्रामीणों द्वारा चोरों को पकड़कर देने से पुलिस को सहायता मिलने की उम्मीद ग्रामीणों द्वारा जताई जा रही है। ताकि चोरी जैसी घटनाओं पर पुलिस का पूर्णतः नियंत्रण स्थापित हो सके। नेमन बिगहा गांव निवासी महेंद्र प्रसाद के पुत्र अजय कुमार ने कहा कि चोर रंजय कुमार ने मेरा मोबाइल चोरी कर लिया था। पकड़ाये जाने पर उसके पिता ने मोबाइल लाकरव वापस दिया है। तारगिर बाजार के दुकानदार अनुज कुमार के दुकान से एक दिन 25000 रुपये एवं दूसरे दिन 10000 रुपये की चोरी करने की बात भी चोरों ने कबूली है। साथ ही चन्दन कुमार के ऑनलाइन दुकान से 25000 रुपये की चोरी करने की बात भी कबूल की है। पकड़ाये चोरों ने कहा कि वे प्लान बनाकर विभिन्न गांवों से बाइकों की भी चोरी कर उसे औने-पौने दाम पर बेचा करते थे। चोरों द्वारा बाइक चोरी करने से पहले चोरी की जाने वाली बाइक का पहले से एडवांस पैसे लेकर घटना को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की गई। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा तीन युवकों को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। पुलिस तीनों युवकों से सघन पूछताछ कर रही है। साथ ही कहा कि पुलिस हर बिन्दु पर जांच कर रही है। जांचोपरांत उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सनकी बेटे ने गोली मारकर किया मां की हत्या

निज संवाददाता

**नवादा**। नगर थाना क्षेत्र के पुरानी जेल रोड मुहल्ले में सनकी बेटे ने मां की गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद इलाका में दहशत का माहौल कायम हो गया। गोली की आवाज सुनते ही अगल-बगल में लोगों में दहशत छा गया। रविवार की देर रात नगर थाना क्षेत्र के पुरानी जेल रोड के एक मकान में गोली मारकर महिला की हत्या की गई। हत्या की घटना के बाद पुलिस ने हत्याभियुक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक महिला की पहचान पुरानी जेल रोड निवासी राजकुमार डोम की पत्नी दीपा देवी के रूप में की गयी है। मृतक दीपा देवी के मंझले बेटे राज डोम ने अपनी माँ की गोली मार हत्या कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि घर मे संपत्ति को लेकर कई माह से विवाद चला आ रहा था। आरोपी बेटा अपने घर बेचकर पैसा मांग रहा था। इसी बात को लेकर कई बार घर में परिजनों के साथ मारपीट करता था। घरवाले घर को बेचना नहीं चाहते थे मगर वह उसे बेचने का दवाब बनाता था। अचानक रविवार की रात अवैध हथियार से अपनी माँ को गोली मार दी। जिसके बाद महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने हत्याभियुक्त को उसी के घर से गिरफ्तार कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हत्या के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। मृतका की पेट में गोली मारी गई है।

# डीएम व एसपी ने मतगनना कर्मियों के साथ किया संयुक्त ब्रीफिंग



निज संवाददाता

**नवादा**। प्रशांत कुमार सी एच जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, नवादा एवं कार्तिकेय के शर्मा पुलिस अधीक्षक नवादा की अध्यक्षता में आज नगर भवन नवादा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य हेतु सभी अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था से संबंधित संयुक्त ब्रीफिंग किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को मतगणना कार्य से संबंधित दिए आवश्यक निर्देश। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना के दिन आप सभी सुबह 5:00 बजे तक अपना अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। त्रिस्तरीय सिक्योरिटी रहेगी। 100 मीटर की दूरी में धारा 144 लागू रहेगा। फ्रिस्किंग कार्य के लिए अलग से घेरा दिया गया है महिला व्यक्तियों के लिए महिला फिक्सिंग कार्य करेंगे। किसी भी परिस्थिति में मोबाइल का अंदर ले जाना वर्जित है। कुछ पदाधिकारी के लिए मोबाइल ले जाने की अनुमति है। मीडिया कर्मियों के लिए मोबाइल की अनुमति है। अभिकर्ताओं के लिए अलग द्वार बनया गया है एवं पदाधिकारी के लिए अलग द्वार बनाया गया है। किसी भी परिस्थिति में पुलिस अधिकारी काउंटिंग हाल के अंदर प्रवेश नहीं कर सकते हैं। 100 मीटर के दायरे में किसी भी गाड़ी के जाने की अनुमति नहीं है। अफवाहों के उड़ने की स्थिति में कृपया हमें जल्द से जल्द सूचना करें ताकि हम तुरंत उसे खंडित कर सकें। पार्टी बूपॉलिटिक्स के बारे में चर्चा कदापि नहीं करेंगे यदि चर्चा करते हुए पाए जाएंगे तो विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन लेकर के अंदर जाना वर्जित है। किसी भी परिस्थिति में गाड़ी का अंदर जाना वर्जित है। विधि व्यवस्था से संबंधित स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत जिम्मेवारी निभाने है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आप लोग मीडिया से बात नहीं करेंगे।

# पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के कई पंचायतों में इन दिनों जल संकट उत्पन्न हो गया है। जिससे लोगों को परेशानी बढ़ी हुई है। एक ओर भीषण गर्मी से लोग त्रस्त हैं, तो दूसरी ओर लोग पानी के लिए भटकना मजबरी बना है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत हर घर को नलजल से जोड़ा गया, लेकिन यह योजना भी पूर्ण रूप से धरातल पर उतर नहीं पाई है, जिससे लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। यह हाल कहुआरा, हंडिया, इचुआकरना, ननौरा, नारदीगंज पंचायत समेत अन्य पंचायत की है। डीएम के निर्देशानुसार पीएचईडी विभाग के कर्मी खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती व नलजल को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं, ताकि लोगों को जल संकट की समस्या से निजात मिल सके। बावजूद कई वार्ड में अभी भी यही हालत बनी हुई है। कहुआरा पंचायत में नलजल का लाभ सही तरीके नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे हैं। इसके अलावा ननौरा पंचायत के गोतरायन गांव में भीम नारायण महतो के घर के समीप, सीताराम पासवान के घर के पास, राम सहाय मांझी के घर के पास,देवी स्थान के समीप, राजकुमार पांडेय के घर निकट, कहुआरा डीह में शरण पासवान, बबलू राय, देवी स्थान के समीप, शंकर पांडेय, कारु महतो, परमेश्वर महतो के, कृष्ण महतो, सुरेन्द्र प्रसाद, नवीन सिंह, सुधीर सिंह, कमल नयन, बबलू महतो के घर के समीप, जनपुरा गांव में मुसहरी टोला में, अर्जुन ठाकुर के घर के समीप, खुशहाल बिगहा गांव में मध्य विद्यालय में, कैलाश मांझी, राजाराम सिंह के घर के समीप, माया बिगहा गांव में कैलाश मांझी, गढ़ही गांव में कपिल राजबंशी, चन्दिरक यादव के घर के समीप, भट्ट बिगहा गांव में धनेश्वर मांझी, गुलाब चौधरी, नरेश राजबंशी, शम्भू मांझी, मोती मांझी के घर के पास के अलावा मध्य भट्ट बिगहा में, हरनारायणपुर गांव में जियत पोखर के समीप, सुरेश चौधरी, विशुन महतो के पास चापाकल खराब है। इनमें अधिकांश पहाड़ी चापाकल है। इसके अलावा अन्य पंचायत में भी यही हाल बना हुआ है। जिस कारण लोगों को सही तरीके से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस सम्बंध में पीएचईडी के जेई प्रिंस कुमार ने कहा मामला संज्ञान में आया है, स्थलीय निरीक्षण कर जल्द पेयजल संकट दूर किया जाएगा।

# तीन बदमाशों ने एक बाइक सवार को लूटा

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)**। थाना क्षेत्र के भोरमबाग गांव के पास तीन बदमाशों द्वारा रविवार की देर शाम एक बाइक सवार युवक के साथ लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक कौआकोल थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव निवासी स्व. दयानंद मण्डल के पुत्र अशोक मण्डल ने बताया कि वह अपनी बाइक से देर शाम में घर लौट रहा था, तभी थाना क्षेत्र के भोरमबाग गांव के पास तीन बाइक सवार बदमाशों ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया एवं तीनों मिल कर उसके साथ मारपीट करते हुए उसके पास रहे 70 हजार रुपये नगद, सोना के चेन व बाइक नम्बर BR47B2106 को छीन कर फरार हो गया।

# भीषण गर्मी में खल रही पीपल एवं बरगद के पेड़ों की कमी, पेड़ लगाएं-जीवन बचाएं

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र में विगत दो सप्ताह से भीषण गर्मी से लोगों का सामान्य जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं लोग अपने आसपास में पीपल, बरगद एवं नीम के पेड़ों की कमी को देख हतोत्साहित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार विगत वर्षों पूर्व सड़क के दोनों किनारों पर पीपल, बरगद एवं नीम के पेड़ की संख्या अधिक हुआ करती थी। किन्तु दो दशकों से सड़क के किनारे अवस्थित कुछ पेड़ आंधी-पानी से टूटकर नष्ट हो गए, तो कुछ पेड़ों को स्वार्थी लोगों ने अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए काट कर हटा दिया। वहीं भीषण गर्मी एवं उच्च तापमान ने लोगों को पेड़ों के महत्व को अच्छी तरह से बता दिया है। सड़क पर चलने वाले बाइकसवारों से लेकर पैदल चलने वाले लोगों को पेड़ की छांव नसीब नहीं हो पा रही है। अगले वर्ष भीषण गर्मी से लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए लोग अभी से पीपल, बरगद एवं नीम के पेड़ लगाने में जुटे हुए हैं। ताकि आस-पास के क्षेत्रों में ऑक्सीजन की मात्रा भरपूर मिले।वहीं विज्ञान के सेवानिवृत्त शिक्षक शियराम सिंह ने कहा कि पेड़ जीवन हेतु एक बहुमूल्य संसाधन है। नीम का पेड़ 55 से लेकर 100 तक के तापमान को सहन कर सकता है। वहीं अन्य पेड़ों के अपेक्षाकृत पीपल, बरगद एवं नीम के पेड़ अधिक ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने कहा कि एक नीम का पेड़ तीन एयर कंडीशनर के बराबर शीतलता प्रदान करती है। इसलिए लोगों को अपने जीवन के साथ-साथ भविष्य में गर्मी से राहत हेतु पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। साथ ही आमलोगों से अपने आसपास के क्षेत्रों में नीम, पीपल एवं बरगद के पेड़ जरूर लगाने की अपील की है।



# पत्नी से तंग आकर पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजन हतप्रभ

- रविवार क्रो उनकी भाजी शिव परिचर्या गयी हुई थी। रात्रि में उनके पति ने कहा मैं थका हूं, थोड़ा शरीर में तेल लगा। इतने में पत्नी आगबबूला हो गयी और घर में लड़ाई -झगड़ा करने लग गयी।



निज संवाददाता

**नवादा**। जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बिहटा गांव में पत्नी द्वारा घरेलू कलह किए जाने से तंग आकर पति ने आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद पूरा परिवार शोक में है और रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव क्रो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। बताया जाता है कि पति-पत्नी में विवाद हुआ, तो पति ने गुस्से में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया। मृतक की पहचान बिहटा गांव निवासी लक्ष्मण चौहान उर्फ लच्छू चौहान के रूप में की गयी है। मृतक के भाई छोटेलाल चौहान ने बताया गया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में हमेशा विवाद हुआ करता था। रविवार क्रो उनकी भाजी शिव परिचर्या गयी हुई थी। रात्रि में उनके पति ने कहा मैं थका हूं, थोड़ा शरीर में तेल लगा। इतने में पत्नी आगबबूला हो गयी और घर में लड़ाई -झगड़ा करने लग गयी। उसके बाद पति गुस्से में आकर अपने घर में सो गया और रात्रि में चुपके से फांसी लाकर आत्महत्या कर लिया जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर है। पकरीबरांवां थानाध्यक्ष ने बताया एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किये जाने की सूचना मिली जिसके बाद शव क्रो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले में अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की गयी है।

## मौसम ने बदला मिजाज

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)**। सुबह होते सोमवार की तीखी धूप ने लोग परेशान हो गए, लेकिन मौसम ने अचानक करबट बदल दिया। मौसम बदलते ही नारदीगंज के विभिन्न हिस्सों में आसमान में काले काले बादल छाए हुए हैं। ऐसे में वर्षा होने की उम्मीद जताई जा रही है, फिलहाल लोगों को गर्मी से राहत मिलना शुरू हो गया।लोग कहते हैं कि वर्षा हुई तो किसानों को गरमा फसल में संजीवनी का काम होगा। वर्षा होने से खेती बाड़ी में भी फायदे होने की बात कही जा रही है।

## नवादा ने शेखपुरा को हराया

**नवादा (नि.सं.)**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नालंदा में आयोजित श्यामल सिंह अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में नवादा का मुकाबला शेखपुरा से हुआ जिसमें नवादा के कप्तान अतुल प्रकाश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पृथ्वी कुमार के 42 विक्रम के 35 कुशाग्र के 29 एवं अतुल के 18 रनों की मदद से पूरी टीम 40 ओवर में 204 रनों का स्कोर खड़ा किया। गेंदबाजी करते हुए शेखपुरा के गेंदबाज आशीष कुमार ने चार जबकि सत्यांश ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

# सीसीटीवी की निगरानी में होगी वोटों की गिनती

निज संवाददाता

**नवादा**। लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर हुए मतदान के बाद चार जून को मतगणना की जायेगी। ड्रोन, वीडियो कैमरा, सीसीटीवी आदि से वोटों की गिनती के समय निगरानी की जायेगी। मतगणना को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। काउंटिंग को लेकर डीएम प्रशांत कुमार सीएच और एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने जिला समाहरणाल सभागार में संयुक्त रुप से प्रेसवार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी। डीएम ने कहा कि मतगणना पारदर्शी तरीके से हो, इसके लिए सभी जरूरी उपाय किये गये हैं। निर्वाचन आयोग के ऑब्जर्वर भी पूरे समय मॉनीटरिंग करेंगे। कड़ी सुरक्षा के बीच होगी काउंटिंगः- डीएम प्रशांत कुमार सीएच ने कहा कि चार जून की सुबह आठ बजे से सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती होगी। इसके आधे घंटे के बाद सुबह 8:30 बजे से इवीएम से मतों की गणना प्रारंभ होगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी रहेगी। पूरी मुस्तैदी के साथ निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में मतगणना कार्य संपन्न कराया जायेगा।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website: bceceboard.bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/05 दिनांक- 03.06.2024

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2024

Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2024

दिनांक 09.06.2024 को आयोजित की जानेवाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024 की परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों / केन्द्राधीक्षकों / संलग्न पदाधिकारियों एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पटना एवं भागलपुर जोन के पूर्व निर्धारित **परीक्षा केन्द्र कोड सं. क्रमशः 1141 एवं 9111** में टंकणभूल के कारण अभ्यर्थी के एडमिट कार्ड पर परीक्षा केन्द्र का नाम गलत अंकित हो गया है, जिसे संशोधित कर दिया गया है। संशोधित परीक्षा केन्दों की विवरणी निम्नवत् है;

| क्रम सं. | परीक्षा केन्द्र कोड | एडमिट कार्ड पर अंकित परीक्षा केन्द्र का नाम | संशोधित परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| i. | 1141 | Mahant Hanuman Sharan SR Sec. School, Near LCT Ghat Rajapur Mainpura Patna | Mahanth Hanuman Sharan Mahavidyalaya Near LCT Ghat, Rajapur-Mainpura, Patna |
| ii. | 9111 | Radha Devi Girls High School Chunihari Tola, Rani Sati Mandir, Naya Bazar, Bhagalpur | Jhunjhunwala Adarsh Girls School, Chunihari Tola, Rani Sati Mandir, Naya Bazar, Bhagalpur |

उपरोक्त के अनुसार सम्बन्धित अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड में संशोधन कर दिया गया है। तदनुसार अभ्यर्थी अपना संशोधित Admit Card पुनः पर्षद के वेबसाईट से Download कर प्राप्त कर लें।

2. दिनांक 09.06.2024 के लिए पूर्व निर्धारित अन्य सभी परीक्षा केन्द्र पूर्ववत् रहेगें।

परीक्षा नियंत्रक

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

(भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070

वेबसाईट : www.aicte-india.org

सार्वजनिक सूचना

**बीबीए/बीसीए/बीएमएस कार्यक्रमों को संचालित करने वाले संस्थानों के लिए पोर्टल को फिर से खोलने के सम्बन्ध में**

अब तक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अभातशिप) ने 4300 से अधिक बीबीए/बीसीए/बीएमएस कार्यक्रम संचालित करने वाले संस्थानों को 'जैसा है-जहां है' के आधार पर अनुमोदन प्रदान किया है। तथापि, अभातशिप को अभी भी इच्छुक संस्थानों से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु बड़ी संख्या में अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं।

इन अनुरोधों पर विचार करते हुए, अभातशिप ने शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए बीबीए, बीसीए और बीएमएस कार्यक्रमों को संचालित करने वाले संस्थानों के लिए आवेदन पोर्टल को फिर से खोलने का निर्णय लिया है।

जिन संस्थानों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें अब रुपये 5,000/- के विलंब शुल्क के साथ दिनांक 07/06/2024, सांय 5.00 बजे तक अपने आवेदन जमा करने का एक अतिरिक्त अवसर दिया गया है ।

सभी इच्छुक संस्थानों से अनुरोध किया जाता है कि उनके आवेदनों पर विधिवत् विचार किया जाना सुनिश्चित किए जाने हेतु वे शीघ्र इस बढ़ाई गई समय सीमा का लाभ उठाएं ।

अधिक जानकारी हेतु एवं अपना आवेदन जमा करने के लिए कृपया अभातशिप की आधिकारिक वेबसाइट www.aicte-india.org पर जाएं।

विज्ञापन क्रमांक:
विनियमन ब्यूरो/अभातशिप/05(01)/2024

प्रो० राजीव कुमार
सदस्य सचिव, अभातशिप

CBC 21300/12/0001/2425

## संक्षिप्त समाचार

### सीता और राम का विवाह देखने उमड़ी भीड़

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीएमपी-6 स्थित कलकतिया गाछी के समीप चल रहे महाविष्णु यज्ञ में रविवार को राम-सीता विवाह का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। महायज्ञ के दौरान कथा वाचिका राधा किशोरी ने सीता और राम के विवाह का वर्णन किया। मुख्य यजमान मुन्ना चौधरी ने बताया कि महायज्ञ में शामिल होने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। बड़े-बुजुर्ग, बच्चे सभी कथा व रामलीला का आनंद ले रहे हैं। मेले में चाट पापड़ी से लेकर हर प्रकार के साज सज्जा के सामान उपलब्ध है। मेले में शिल्प कारीगरों को अच्छी आमदनी हो रही है। इस मौके पर दुर्गेश चौधरी, राम कुमार चौधरी समेत समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### गायत्री शक्ति पीठ नाजीरपुर में 16 को मनेगा गंगा दशहरा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नाजीरपुर स्थित गायत्री शक्तिपीठ के सभागार मे जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें जोन समन्वयक शशिभूषण ठाकुर ने घर-घर यज्ञ कार्यक्रम और पर्यावरण संतुलन को यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। रामयाद त्रिवेदी ने पीपल, बरगद, नीम, आंवला, तुलसी के औषधीय गुण बताया। गोष्ठी में 16 जून को गंगा दशहरा धूमधाम से और 17 जून को अखंड ज्योति पत्रिका पाठक सम्मेलन गायत्री शक्तिपीठ के सभागार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी में बताया गया कि 2026 में वांदनीय माताजी का जन्म दिवस है। यह अखंड ज्योति-पत्रिका का शताब्दी वर्ष भी है। इस लिए इस लक्ष्य को लेकर सारे कार्यक्रम को करते रहने को कहा गया। गोष्ठी में बबलू तिवारी, शम्भू प्रसाद सिंह, व्यवस्थापक ललितेश्वर प्रसाद सिंह, दुर्गा शरण शर्मा, उप जोन समन्वयक धीरेन्द्र नाथ पटेल, जिला महिला समन्वयक सोनी तिवारी, सीता पांडे, उषा कुमारी, जिला समन्वयक ओम प्रकाश गुप्ता आदि थे।

### नव दंपती ने पीपल का पौधा लगा कर पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कुढ़नी प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर में रविवार को शादी कर आया दूल्हा नितिन राज और दुल्हन खुशी सिंह ने पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार और उनकी पत्नी सोनी कुमारी ने बताया कि नितिन व खुशी शनिवार को परिणय सूत्र में बंधे हैं। उनकी शादी कांटी स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में हुई है। इस मौके पर रामनरेश सिंह, राजमंगल सिंह, नवीन सिंह, अनीता देवी, धर्मशीला देवी, राजवंशी देवी, पिंकी कुमारी, ज्योति कुमारी, निक्की कुमारी मौजूद थी।

### बादलों की आंख मिचौली के बीच तापमान में कमी से राहत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** धूप और बादलों के बीच दिनभर आंख मिचौली का खेल जारी रहा। हवा की गति मध्यम होने से लोग को झुलसाती गर्मी से छुटकारा मिला। रविवार को अधिकतम तापमान में 4.1 डिग्री की कमी आई। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान 33.2 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं सुबह और दोपहर के समय सापेक्षिक आर्द्रता क्रमशः 77 और 68 प्रतिशत रही। अंतर कम रहने के कारण हवा में नमी की मात्रा दिन और रात में एक समान बनी रही। इससे उमस महसूस हुई। शनिवार से रविवार तक पारा चार डिग्री कम हुआ है। पारा नीचे जाने से लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिली। वरीय मौसम वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल सत्तार ने बताया कि अगले दो दिनों में जिले के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। उसके बाद पांच जून से एक बार फिर मौसम करवट बदल सकता है। पारा फिर से 40 के पार जा सकता है, जिससे लोगों को प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ सकती है।

# रेलवे स्टेशनों पर लग रही एटीवीएम: टिकट के लिए लाइन में लगने की नहीं होगी जरूरत, क्यूआर कोड स्कैन कर करें पेमेंट



**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के लिए मुजफ्फरपुर स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंटिंग मशीन (एटीवीएम) लगाई जा रही है। पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित की गई है। इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 09 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 08 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 06 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम और धनबाद मंडल के 07 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

### लाइन में लगने की झंझट खत्म

एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाइन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिंग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए है। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावे स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित है। जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगी। एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है। एटीवीएम चौबीसों घंटे कार्य करती है। साथ ही इस सिस्टम में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब्ध है।

### कहां कितनी मशीने लगीं हैं

दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ, लखीसराय स्टेशनों पर कुल 38 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। सोनपुर मंडल के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, सोनपुर, मानसी, नवगछिया, बेगूसराय स्टेशनों पर 24 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मधुबनी, नरकटियागंज, सीतामढ़ी स्टेशनों पर 29 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा, डालटनगंज, नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, सिगरौली स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड एवं भभुआ रोड स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।

### क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान कर सकते

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने के लिए फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है।

**कटहल के नीचे छिपाकर ला रहा था**

# बंगाल से किशनगंज लाई जा रही शराब की खेप जब्त: वाहन जांच के दौरान पिकअप से 702 लीटर बरामद



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज एसपी सागर कुमार के निर्देश पर शराब और अन्य मादक पदार्थों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर आज गलगलिया चेकपोस्ट पर बंगाल की तरफ से आ रही एक महिंद्रा पिकअप को चेकिंग के लिए पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया। वहीं पुलिस को देख पिकअप का चालक तेज गति से गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसके बाद छापेमारी दल ने उसका पीछा कर गलगलिया बस स्टैंड के पास पकड़ लिया और उसके वाहन की तलाशी ली गयी। जिसमें पिकअप पर लोड कटहल की बोरी के नीचे अवैध विदेशी शराब का कार्टून पाया गया।

चेकिंग के दौरान में कई कार्टन में विदेशी शराब की कुल 1872 बोतलें पायीं गई, जिसकी कुल मात्रा-702 लीटर है। उक्त चालक पं0 बंगाल के अशोक चक्रवर्ती (22) के रूप में हुई है। बताया गया कि ये सभी पश्चिम बंगाल से शराब की बड़ी खेप लाकर बिहार की अन्य जिलों में तस्करी करता है। गलगलिया थाना में सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 57 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार: मोतिहारी में पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा

**गाड़ी के सीट के अंदर छुपाकर रखी थी**



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की है। 57 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मोतिहारी एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक चार चक्का गाड़ी में गांजा छुपाकर रखा हुआ है। एसपी ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार को निर्देश दिया कि सूचना का सत्यापन करते हुए उसकी गिरफ्तारी की जाए, जिसके बाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने थाना के पुलिस बल के साथ सूचना का सत्यापन करते हुए भितहा के वकील अंसारी के गैरेज के पास डिलीवरी होने सूचना मिली। इस स्थल को चारों तरफ से नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की। इस दौरान वकील अंसारी में गैरेज के पास से एक चार चक्का गाड़ी की जांच की गई। गाड़ी के सीट के अंदर छुपा कर रखे 57.2 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ कार में सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ गिरफ्तार भूटान सहनी, थाना-श्यामपुर भटहा, जिला-शिवहर, विकास कुमार यादव, थाना- मुफस्सिल, वकील अंसारी, थाना-हरसिद्धि के रूप में अपना नाम बताया, जब पूछा गया की कहा से लाया था, उसने अपने गिरोह के जुड़े अन्य सदस्य के नाम पुलिस टीम को बताया, जिसे पुलिस गुप्त रखते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में सदर एसडीपीओ 2 पिपरा कोठी जीतेश पांडे, मुफस्सिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार, निर्भय कुमार,अमित कुमार सिंह,अनुज पांडेय, श्रीकान्त चौहान, जिला आसूचना इकाई, सिपाही/कुमार चिरंजीवी एवं नित्यानंद दुबे शामिल थे।

# नालंदा में जेडीयू के पोलिंग एजेंट की पीट-पीटकर हत्या, चुनावी रंजिश या जमीन विवाद?



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में जेडीयू के पोलिंग एजेंट की आज सुबह पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से इतना पीटा कि मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ब्रह्मदेव प्रसाद के (60) वर्षीय पुत्र अनिल कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि चुनावी रंजिश और भूमि विवाद के चलते हत्या को अंजाम दिया गया है। मामला परबलपुर थाना क्षेत्र के माउआ गांव का है। मृतक अनिल कुमार की पुत्री ने बताया की आज सुबह उसके पिता खेत की ओर गए थे। जहां पर घात लगाए गांव के ही आधा दर्जन बदमाशों ने उन पर भाला लेकर हमला कर दिया और शरीर में जगह-जगह पर भाला भोंककर उनकी निर्मम हत्या कर दी। परिजन के मुताबिक लोकसभा चुनाव के दौरान वे पोलिंग एजेंट बने थे। इसके बाद गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी। और आज उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं मृतका की पत्नी ने बताया कि सहोदर भाई से ही 4 बीघा का भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। उन्हीं लोगों ने भूमि विवाद और चुनावी रंजिश को लेकर उनके पति की हत्या करवाई है। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत जदयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार जदयू के सच्चे कार्यकर्ता थे। यह पोलिंग एजेंट भी बने थे इसके बाद कुछ लोगों ने इन्हें देख लेने की धमकी दी थी उन्हीं लोगों के द्वारा आज उनकी हत्या कर दी गई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ है। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत पवलपुर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए हैं। हत्या की इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है।



# विशिष्ट शिक्षकों को मिलेगा नये सिरे से नियुक्ति-पत्र

**पटना, एजेंसी।** सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग के बाद नये स्कूलों में पदस्थापित किया जाना है। नये स्कूल में योगदान देने के साथ ही वे सभी विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे। ऐसे में इन शिक्षकों को नये सिरे से नियुक्ति पत्र भी दिया जाएगा। शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। विभागीय पदाधिकारी बताते हैं कि विशिष्ट शिक्षक बनते ही नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा मिल जाएगा। इसलिए उन्हें नया नियुक्ति-पत्र भी दिया जाएगा। विभाग की तैयारी है कि 10-15 जून के बीच में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसिलिंग शुरू करा दी जाये। दस दिनों के अंदर सबकी काउंसिलिंग सबंधित जिलों में ही करायी जाएगी। विभाग का लक्ष्य है कि 30 जून तक सभी इच्छुक शिक्षकों का पदस्थापन उनके आवंटित जिले के किसी स्कूल में करा दिया जाये।

# पिकअप से टक्कर के बाद गड्ढे में गिरी बस: हादसे में 6 यात्री घायल



**ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल, बस में 20 लोग कर रहे थे सफर**

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। भागलपुर नारायणपुर ह॥ - 31 भ्रमपुर चौक के पास बस और पिकअप में टक्कर हो गई है। बस में करीब 20 लोग सवार थे। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। हालांकि घटना की जानकारी के बाद डायल-112 और स्थानीय पुलिस मौके के पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**घायलों का चल रहा इलाज :** बताया जा रहा है कि बस भागलपुर से नारायणपुर की तरफ जा रही थी। तभी तेज रफ्तार से नारायणपुर की तरफ से भागलपुर आ रहे पिकअप वाहन से भीषण टक्कर हो गई। हालांकि घटना में कोई हताहत होने की फिलहाल जानकारी नहीं है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शेखपुरा सदर अस्पताल में तैनात महिला गार्ड की हत्या

**लखीसराय में भाई के ससुराल गई थी, शव को जलाने का किया प्रयास**



**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा सदर अस्पताल में एनजीओ के माध्यम से तैनात महिला गार्ड लवली कुमारी(28) की उसके भाई के ससुराल में गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की हत्या कर उसकी भाभी के परिजन साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से मृतका के शव को गंगा घाट मरांची ( पटना) में जलाने का प्रयास किया गया। लेकिन घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने रविवार की शाम पटना जिले की मरांची थाना पुलिस की मदद से लाश को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। लखीसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र के कुरौता गांव में महिला की हत्या की गई थी। जहां मृतका के भाई की सूचना पर मरांची पुलिस ने शव को बरामद करने की कार्रवाई शुरू की।

### गमछा से गला दबाने की आशंका

मरांची थानाध्यक्ष सौरव सिंधु ने बताया कि लखीसराय जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी अवधेश यादव की पत्नी लवली कुमारी(28) का शव मरांची घाट से बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि लवली शेखपुरा सदर अस्पताल में प्राइवेट गार्ड के रूप में काम करती थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के भाई नीरज कुमार की सूचना पर शव को बरामद किया गया है। मृतका के गले में फंदा का निशान है। जिससे लगता है कि मृतका की मौत गमछा से गला दबाने से हुई है। बताया कि मृतका अपने भाई नीरज कुमार के ससुराल लखीसराय थाना क्षेत्र के कुरौता खीरू यादव के यहां एक दिन पहले गई थी। जहां उसकी हत्या कर दी गई।

**पैसे की मांग को लेकर भाई के ससुराल गई थी :** सूत्रों ने बताया कि मृतका लवली का अपने भाई नीरज के साले गुलशन कुमार के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुलशन अक्सर शेखपुरा में भी रहा करता था। लवली से गुलशन का 3 लाख रुपए का भी लेनदेन की बात कही जा रही है। जिसे मांगने के लिए वह गुलशन के घर कुरौता गयी थी। जहां गुलशन सहित अन्य ने उसकी हत्या कर लाश को गायब करने का प्रयास किया। बाद शव का अंतिम संस्कार किये जाने का प्रयास किया गया। मृतका के भाई नीरज कुमार के बयान पर गुलशन कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# फेसबुक लाइव आकर पत्रकार ने दी जान, कहा- अपनी लड़ाई अपनों के कारण हारा, अब हिम्मत नहीं बची

निज संवाददाता। आरा

बक्सर में एक पत्रकार ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपनी जान दे दी। करीब 9 मिनट के वीडियो में रघुनाथपुर गांव के वार्ड-1 निवासी हरि शेखर पाठक (42) ने अपनी आपबीती सुनाई और पहले से तैयार फंदे में झूल गए। पत्नी से तलाक के बाद वे काफी परेशान थे। फेसबुक पर पहली बार लाइव आएं और 8 मिनट 55 सेकेंड के वीडियो में उन्होंने कहा कि मैं अपनी लाइफ से थक गया हूं, मैंने अपनी जिंदगी में बहुत स्ट्रगल किया, लेकिन अब हिम्मत नहीं है। अपनी लड़ाई अपनों की वजह से हार गया हूं। जो करने जा रहा हूं, अपनी इच्छा से कर रहा हूं। हालांकि, ये बुजदिली है, लेकिन मुझ में अब हिम्मत नहीं बची। हरि शेखर पाठक एक निजी टीवी न्यूज चैनल में काम करते थे। रविवार की रात सोशल मीडिया पर लाइव आकर पहले अपने हाथ की नस काटी, फिर फंदे से लटक आत्महत्या कर ली।

**लव मैरिज की था, एक बेटा भी है:** हरि पाठक पारिवारिक कलह से काफी परेशान थे। मुंबई की एक लड़की से लव मैरिज की थी। दोनों का एक पुत्र भी है, लेकिन पिछले दिनों पत्नी से तलाक हो गया था। अपने बेटे को लेकर काफी परेशान थे। मामला न्यायालय में चल रहा है। हरि पाठक का पैतृक गांव बक्सर जिले के बगेन थाना क्षेत्र का कैथी है। पिछले एक दशक में उन्होंने अलग-अलग टीवी चैनलों में काम किया। उनकी पत्रकारिता आरा से शुरू हुई थी। लोकसभा चुनाव 2024 में भी खबरों को लेकर एक्टिव थे। हरि अपने रघुनाथपुर स्थित घर के नीचे कमरे में जान दे दी।

**मरने से पहले फेसबुक पर सुनाई अपनी आपबीती:** पहले हरि ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपनी पूरी दास्तान सुनाई है। उन्होंने वीडियो में कहा कि बहुत ज्यादा फ्रस्ट्रेशन में आ गया हूं, वैसे कहा जाता है कि फ्रस्ट्रेशन में आकर ऐसी हरकत करना बुजदिली होती है।आप देख लीजिए और रिकॉर्ड कर लीजिए, इस वक्त अपने रघुनाथपुर स्थित घर पर हूं। लाइफ में पहली बार फेसबुक पर लाइव आ रहा हूं, क्योंकि यह चीज आप लोगों को देखना जरूरी है। गवाह सिर्फ आप लोग ही रहेंगे।

**अपनों से जंग नहीं होती:** वीडियो में आगे कहा कि सभी मित्रों से अनुरोध है कि



सबूत के तौर पर रिकॉर्ड कर लें। किसी व्यक्ति विशेष को हानि नहीं पहुंचेगी। मैं अपने लाइफ में बहुत ही स्ट्रांग हूं, हर एक मुश्किलों से लड़ा हूं। आज मुझे ऐसा लग रहा है कि अपनी लड़ाई अपनों की वजह से हार गया हूं। आप सारी जंग जीत लीजिएगा, लेकिन अपनों से आप कभी जंग नहीं जीत पाएंगे। मुझे लगता है कि अपनों से जंग होती ही नहीं है। लेकिन अपने ही जंग पर जब उतारू हो जाए, एक अलग बात होती है। मैं किसी व्यक्ति पर कोई आरोप नहीं लग रहा हूं। जो भी करूंगा मैं अपनी इच्छा से करूंगा।

**दोस्तों ने हरि के पिता को फोन पर दी सारी जानकारी:** जब हरि लाइव पर थे तब उनके दोस्त और करीबियों ने उनके मोबाइल पर काफी फोन किया। पर हरि ने फोन रिसीव नहीं किया, इसके बाद उनके पिताजी के मोबाइल पर फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी गई। जब तक उसके पिता दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे, तबतक उनकी जान चली गई थी। इस घटना के बाद परिजनों ने पूरी घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी।

### ♦ तलाक से डिप्रेशन में थे

**जमीन विवाद में जेल भी गए थे, पैरालिसिस से पीड़ित थे:** पुलिस ने बक्सर सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। हरि अपने तीन भाई रवि शेखर पाठक, शशि शेखर पाठक और कवि शेखर पाठक और एक बहन चंदा देवी से छोटे थे। बताया जाता है कि हाल में एक जमीनी विवाद में गोलीबारी के आरोप में उन्हें और उनके पिता को जेल भेजा गया था। जेल से बेल पर बाहर आने के बाद काफी परेशान थे। इसी दौरान हरि पैरालिसिस का शिकार हो गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए समर्थक पर हमला कांड में 10 आरोपी फरार

**आरा।** मतदान की पूर्व संध्या पर 31 मई को चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर गांव निवासी एनडीए समर्थक रालोजपा (पारस) के कार्यकर्ता रजनीकांत पासवान पर तलवार और रॉड से हमला, जाति सूचक शब्दों का उपयोग और पिटाई करने के कांड में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस कांड में सपना की ही रात पुलिस ने गणेश राय को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि इस कार्ड के 10 आरोपी अब भी फरार हैं। इस घटना को लेकर एक वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसमें इस कांड में एक दल के समर्थकों पर वोट देने का दबाव का आरोप लगा था। इधर, चांदी थाना के थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि पूर्व के किसी मामले को लेकर मारपीट की घटना घटी है।

### पीडीएस ग्राहकों का करानी होगी केवाईसी

**बक्सर।** जिले में वैसे राशन कार्ड धारक अपना केवाईसी नहीं कराते हैं तो उन्हें राशन के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। इसलिए जन वितरण प्रणाली की दुकान से राशन लेने वाले लाभुकों को अपना केवाईसी कराना जरूरी है। विभाग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में राशन कार्ड में नामित उपभोक्ताओं की जांच की जा रही है। वैसे लाभुक जो अपना केवाईसी नहीं कराएंगे, उन्हें नियमानुसार मृत मानकर उनका राशन बंद कर देने का प्रावधान किया गया है।

### 8 जून तक होगी ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर डाटा इंट्री

**बक्सर।** जिले के सरकारी स्कूलों में 8 जून तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा पहली से बारहवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्टूडेंट प्रोफाइल डाटा इंट्री ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर की जाएगी। इस सबंध में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सभी बीईओ के माध्यम से एचएम को भी निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग के निर्देश के मुताबिक वैसे स्कूल, जहां आइसीटी लैब स्थापित हैं, के छात्र-छात्राओं के स्टूडेंट प्रोफाइल की डाटा इंट्री संबंधित स्कूल में ही करायी जाएगी। यदि इन विद्यालयों के नामांकित बच्चों की इंट्री पूर्ण हो जाती है तो निकटतम विद्यालयों को भी उस स्कूल से संबद्ध कर डाटा इंट्री करायी जाएगी। शिक्षा विभाग ने ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल का डाटा एंट्री कार्य पूरा कराने का निर्देश सभी जिले को दिया है। बता दें कि प्रखंड संसाधन केंद्र रोस्टर तैयार कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की देख-रेख में आवश्यकतानुसार कंप्यूटर एवं मानव बल रखकर कार्य संपन्न कराएंगे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पहली से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों के स्टूडेंट डाटा इंट्री के लिए 5 कंप्यूटर शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### इंटर की विशेष कंपार्टमेंटल परीक्षा की स्क्रूटिनी के लिए आवेदन 6 तक

**बक्सर।** इन्टरमीडिएट विशेष एवं कंपार्टमेंटल परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जो छात्र-छात्रा अपने परीक्षाफल से संतुष्ट नहीं हैं वे स्क्रूटिनी कराने के लिए बिहार बोर्ड के वेबसाइट पर 6 जून तक आवेदन कर सकते हैं। यदि कोई विद्यार्थी अपने किसी एक विषय या एक से अधिक या सभी विषयों के प्राप्तांक से असंतुष्ट है तो अपने उस विषय की उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटिनी कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्क्रूटनी के लिए परीक्षार्थियों को 120 रुपए प्रति विषय की दर से निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। यदि उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों में अंक मुख्य पृष्ठ पर अंकित नहीं है तो उसमें सुधार किया जाएगा। प्रदत्त अंकों के योग में यदि कोई त्रुटि हो तो उसमें सुधार किया जायेगा। यदि कोई प्रश्न या उसके खण्ड का प्रश्नोत्तर अमूल्यांकित है तो उसका मूल्यांकन कर प्राप्तांक में सुधार किया जाएगा। उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटिनी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर अप्लाई फॉर स्क्रूटिनी( इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा 2024 )लिंक पर क्लिक करें। परीक्षार्थी अपना रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित करते हुए अपना पासवर्ड बना कर रजिस्टर करें। पासवर्ड को भविष्य में अपने उपयोग के लिए सुरक्षित रखें। परीक्षार्थी रौल कोड, रौल नम्बर एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए लॉगिन करें। फिर एप्लिकेशन फॉर्म फॉर स्क्रूटिनी दिखेगा। इसमें विद्यार्थी का सभी विवरणी विषय सहित उपलब्ध रहेगा। जिस विषय में विद्यार्थी को उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटिनी कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना हो वे उस विषय के सामने अंकित चेक बॉक्स के अन्दर टिक मार्क करेंगे। इसके बाद फी पेमेंट के लिए पेज पर उपलब्ध पे बटन को क्लिक करेंगे।

### जल्द होगा सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य

**बक्सर।** बिहार रिन्युअल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी(ब्रेडा) द्वारा सभी पंचायतों के वार्ड में सोलर लाईट लगाने का काम जल्द शुरू होगा। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द ही पंचायतों की गलियां सोलर लाइट से जगमगाएंगी। मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना के तहत 15वीं वित्त योजना से सोलर लाइट लगाया जायेगा। इन सोलर लाइटों की 5 साल तक रख-रखाव की जिम्मेदारी ब्रेडा के ऊपर होगी। जबकि मुखिया और वार्ड सदस्य इसकी निगरानी करेंगे। सोलर लाइट में लगी बैट्री पूरे दिन सूर्य की रोशनी से चार्ज होगी। सोलर सिस्टम में सेंसर लगा हुआ है। अंधेरा होते ही सोलर लाइट जलने लगेगा और गलियों में दूधिया रोशनी छा जाएगी। जिससे गलियों से गुजरने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा प्रत्येक वार्ड में 10 सोलर लाइट लगाया जायेगा।

### तापमान में आई गिरावट से लू का असर कम



**बक्सर।** जिले में पिछले 2 दिनों से चल रही लू व आग बरसाती धूप का असर कुछ कम हुआ है। लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि पुरवा हवा के साथ उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। इसका मुख्य कारण न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होना है। रविवार को भी आसमान में बादलों के आवागमन से धूप-छांव का मौसम रहा। आसमान में सुबह से हल्के बादल तैरते रहे। हालांकि दोपहर बाद आसमान पूरी तरह साफ हो गया। अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार भी कम रही। 8 किलोमीटर की रफ्तार से पुरवा हवा चली। उमस भरी गर्मी दिन से अधिक रात को परेशान कर रही है। आग उगलती धूप से झुलस रहे लोग गला तर करने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स, सत्तू, अमझोर व शिकंजी से गला तर कर रहे हैं। इन दिनों शहर समेत ग्रामीण इलाकों में अस्थायी दुकानें खुली हुई हैं। नारियल पानी, नींबू व लस्सी पीने के लिए दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देर शाम तक दिख रही है। मौसम में नरमी से लोगों को राहत है। अगले 4-5 दिनों के बाद फिर झुलसाएगी लू मौसम विभाग के अनुसार मौसम अभी शुष्क रहेगा। हालांकि इस.बीच मानसून पूर्व बारिश की गतिविधियां हो सकती हैं। अगले 4-5 दिनों के बाद फिर से तापमान में बढ़ोतरी होगी। अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। जिससे फिर से अधिक गर्मी व लू का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल रविवार को अधिकतम तापमान में कमी से लोगों को काफी राहत महसूस हुई। अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से थोड़ा ही अधिक है। सूबे में सबसे ज्यादा तापमान नवादा में 40.7 डिग्री तापमान रहा।

# गोलीबारी मामले में एफआईआर दर्ज, 10 नामजद, वारदात में पांच लोग हुए थे घायल

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव में शनिवार की शाम हुए चुनावी रंजिश को लेकर गोलीबारी की घटना को लेकर प्राथमिक हुई है। घायल किशन दयाल राम के बयान पर प्राथमिक में करिया सिंह, त्रिभुवन सिंह, शंभू भुवन सिंह, बजेंद्र सिंह, विकास सिंह, गोलू सिंह, लल्लू सिंह, मनोज सिंह, किशुन सिंह और मंटू सिंह समेत 10 को नामजद आरोपित किया गया है। इसमें लल्लू सिंह, मनोज सिंह, किशुन सिंह और मंटू सिंह पर गोली चलाने का आरोप लगाया गया है।

**पुलिस की छापेमारी जारी:** पुलिस ने हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एससी–एसटी एक्ट के तहत हुई प्राथमिकी के आधार पर चार आरोपितों गोलू सिंह, विकास



सिंह, बिजेंद्र सिंह और मनोज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। दिनदहाड़े वारदात के बाद CISF और STF की कंपनी लगातार कैंप कर रही है।

**परिवार के लोगों को भी गोली लगी है:** घायल किशन दयाल राम ने आरोप लगाया है कि वह शनिवार को वोट देने के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय में जा रहे थे। तभी रास्ते में अचानक उसे देखकर आरोपित पूछने लगे कि किस पार्टी को वोट देने जा रहे हो। तब उसने कहा कि हम कहीं वोट गिराए आप लोगों को क्या मतलब। इस पर आरोपित ने गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब वह भागने लगा तो दो नाली बंदूक से गोली चलाने लगे। एक गोली बाए कंधे पर लगी। आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य आए तो उनके ऊपर भी फायरिंग की गई। जिसमें राहुल कुमार, खुशी कुमारी, गौतम कुमार और हरेंद्र कुमार को भी गोली लगी है। इसके बाद इन्हें इलाज के लिए अरशद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### ♦ वोटिंग को लेकर हुआ था विवाद, CISF और STF कर रही कैंप

# ट्रक के चक्के में फंसी लकड़ी सीने से टकराई, मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव स्थित बालू घाट पर सोमवार की सुबह लकड़ी के गुल्ले से चोट लगने से ट्रक खलासी की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक वैशाली जिला के कटहरा ओपी क्षेत्र के दुलहपुर गांव निवासी बिंदेश्वर राय का 19 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार है। वह पेशे से ट्रक खलासी था। इधर उसके साथी ड्राइवर ने बताया कि वह दोनों ट्रक लेकर अपने गांव दुल्हापुर से बहियार गांव स्थित बालू घाट 6 बी पर ट्रक पर बालू लोड करने आए थे। जहां वह अपने ट्रक पर बालू लोड कर रहा था। पीछे एक ट्रक लगा था। जिसके चक्के के नीचे लकड़ी का गुल्ला लगा था। जैसे ही वह ट्रक आगे बढ़ा। गुल्ला चटक कर उसके सीने पर जा लगा। जिससे



वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया

**दो भाइयों में बड़ा था:** सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में बड़ा था। उसके परिवार में मां संजू देवी और एक भाई आयुष कुमार है। घटना के बाद मृतक की मां संजू देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सांसद प्रतिनिधि से मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। आरा

बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरा भातूचकिया गांव के बूथ संख्या 79, 80, 81 पर केंद्रीय मंत्री सह आरा सांसद राजकुमार सिंह के प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह पर हमला मामले प्राथमिकी दर्ज हुई है। घायल धीरेंद्र सिंह के बयान पर प्राथमिक में 250–300 अज्ञातों को आरोपित किया गया है। पुलिस आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। दरअसल शनिवार को मतदान के दौरान सेमरा मतदान केंद्र से बीजेपी के बूथ एजेंट को भगाने की सूचना मिली थी। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि बूथ संख्या 79, 80, 81 पर पहुंचे थे। आरोपी की विपक्षी दल के उग्र कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि को देखते ही मारपीट करनी शुरू कर दी थी।



**जल्द से जल्द सभी की गिरफ्तारी होगी:** इस दौरान गाड़ी का कांच भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मारपीट के दौरान आरोपितों ने मोबाइल, पर्स, पैसा भी छीन लिया था। पुलिस प्राथमिक के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तारी करने में जुटी हुई है। भोजपुर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि जख्मी के बयान पर हुए प्राथमिकी के आधार पर सभी असामाजिक तत्वों की जल्द से जल्द पहचान कर उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, बक्सर के करहसी गांव में मायके वालों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करहसी गांव में एक विवाहिता की मौत हो गई। इसके बाद मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। यह पुलिस पर गलत आवेदन लिख मामले की लीपा पोती करने के विरोध में एसपी-डीएसपी के आने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम होने देने की बात पर अड़े हुए थे। यहां पहुंचे डीएसपी धीरज कुमार के समक्ष उन्होंने अपनी बात रखी। यहां आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, बाद में पति, सास, ससुर, देवर व ननद पर दहेज को लेकर हत्या का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें त्वरित करवाई करते हुए पुलिस ने पति ब्रजेश यादव को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की मां फूल कुमारी ने बताया कि मृतका राजपुर के इस्माइलपुर निवासी शर्मा यादव की बेटी मनीषा कुमारी है। साल 2021 में मुफस्सिल थाने के करंहसी निवासी मन्नारायण यादव के बेटे ब्रजेश यादव उर्फ बुधिराम यादव के साथ धूमधाम से शादी की गई थी। हालांकि, कुछ दिनों से सब



कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। बाद में मनीषा के ससुराल वालों ने दहेज में बाइक व सोने की चेन को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसको लेकर रविवार की देर शाम विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। जबकि, इस घटना की सूचना दी गई कि उसने फांसी लगी ली है।

**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस:** मृतका के मायके वालों ने देखा कि शव को जमीन पर लिटाया गया है। वहीं, थाना की ओर से बेटी के ससुराल वालों से गलत बयान की रिपोर्ट भी लिख ली गई थी। बताया जाता है कि लड़के का चाचा चौकीदार है, इस कारण मामले को रफा-दफा करने के लिहाज से लीपा पोती की जा रही है। सोमवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजन शव का पोस्टमार्टम के लिए नहीं देने की मांग पर अड़ गए, वह डीएसपी-एसपी को बुलाने की मांग करने लगे। इसकी सूचना पर डीएसपी धीरज कुमार पहुंचे और उन्होंने मृतका के परिजनों से शिकायत दर्ज करने का आश्वासन दिलाया गया, तब पोस्टमार्टम करने दिया गया। वहीं, डीएसपी धीरज कुमार को मृतका की मां फूल कुमारी देवी द्वारा दामाद ब्रजेश यादव उर्फ बुधिराम यादव, उनके पिता मन्नारायण यादव, देवर चुनमुन कुमार व सास तथा ननद को हत्या का नामजद बनाया। इस संबंध में जब मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन झा से बात किया गया, तो उन्होंने कहा कि पति को त्वरित करवाई करते हुए गिरफ्तार कर आगे की करवाई की जा रही है।

### पति अरेस्ट

# जमीन के लिए दो परिवार में हुई मारपीट, 10 घायल, रास्ते को लेकर चल रहा विवाद

निज संवाददाता। आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के न्यू बहिरो मोहल्ले में रविवार को रास्ते के विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों से दस लोग जख्मी हो गए। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में एक पक्ष से नवादा थाना क्षेत्र के न्यू बहिरो मोहल्ला निवासी राजेश कुमार सिंह, उनकी पत्नी सीता देवी, पुत्री शोभा कुमारी और पुत्र उदय सिंह शामिल हैं।

**जमीन घेरने पर कहासुनी:** दूसरे पक्ष से मुकेश कुमार सिंह, उनकी पत्नी राजकुमारी देवी, दो पुत्री छोटी कुमारी, लाडली कुमारी और दो पुत्र अंकित राज व सूर्यदेव कुमार शामिल है। इधर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उसके पिता की एक



कट्ठा जमीन है और उसमें चार रूम है। सभी भाइयों ने अपने रूम को घेर लिया है और उसके हिस्से की जमीन से रास्ता निकाल रहे थे। जब अपनी जमीन घेर रहे थे। उसी विवाद को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई।

**घायलों का चल रहा इलाज:** दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट की। दूसरे पक्ष के अंकित चंद्रवंशी ने बताया कि जिस मकान में हम लोग रहते हैं इसका मुख्य रास्ता मेरे बड़े पापा राजेश बंद कर रहे थे। 16 मई को झगड़ा हुआ था जिसको लेकर पुलिस ने मामले को रफा-दफा किया था, लेकिन आज मेरे बड़े पापा के परिवार जबरन रास्ते को बंद कर रहा था, जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो पूरा परिवार हमलोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के दौरान दो दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर ईंट-पत्थर चलाई। जिसमें दोनों पक्षों से सभी लोग जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

### ♦ दीवार खड़ी करने पर एक-दूसरे पर हमला

# सड़क हादसे में दो दोस्त हुए जख्मी, दोनों बाइक से कर रहे थे सफर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के समीप रविवार को अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

**दोनों घायलों का चल रहा इलाज:** जख्मियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी मनोज कुमार का 20 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार और उसी गांव के निवासी स्व. वर्मा नंद राय का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार शामिल है। इधर जख्मियों के परिजन ने बताया कि राहुल कुमार ट्रैक्टर चलाता है। उसी ट्रैक्टर को देखने के लिए वह अपने दोस्त संजीव कुमार के साथ बाइक से बड़हरा थाना क्षेत्र के मटुकपुर गांव जा रहा था। इसी दौरान डुमरिया गांव के समीप उसकी बाइक



### ♦ सड़क पर गिरे गिट्टी के कारण हुआ हादसा

सड़क पर गिरे गिट्टी से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वही, सदर अपस्ताल के इमरजेंसी के ऑन ड्यूटी चिकित्सक आशुतोष कुमार ने बताया कि एक युवक के सिर और पैर में काफी गंभीर चोटे है। जबकि दूसरे युवक के सिर चोट आई है। दोनों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नियोजित शिक्षकों को वेतन की करनी होगी और प्रतीक्षा

**भागलपुर**। भागलपुर विगत कुछ माह से जिला के सभी कोटि के शिक्षकों को एक से पांच तारीख के अंदर वेतन भुगतान कर दिया जा रहा था। इससे शिक्षकों में खुशी थी, परंतु इस बार नियोजित शिक्षकों को मई के वेतन के इंतजार करना होगा। जिला शिक्षा कार्यालय के स्थापना शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार माध्यमिक, बीपीएससी, मदरसा, संस्कृत आदि शिक्षकों के वेतन भुगतान आज से कल तक में कर दिए जाएंगे। जबकि नियोजित शिक्षकों को अभी वेतन नहीं मिल सकेगा। एसएसए से वेतन पाने वाले नियोजित शिक्षकों के वेतन मद की राशि अभी तक राज्य से अप्राप्त है। जिसके कारण उन्हें वेतन का इंतजार करना होगा। इधर, स्थापना शाखा ने बाकी कोटि के शिक्षकों के वेतन भुगतान हेतु प्रक्रिया आरंभ कर दी है। बताते चलें कि जिला के नियोजित शिक्षकों को अलग-अलग मद से वेतन दिया जाता है। 16 प्रखंड सर्वशिक्षा मद से जबकि बाकी के प्रखंड राज्य शिक्षा मद से वेतन प्राप्त करते हैं। एसएसए का पैसा केंद्र सरकार से आता है। केंद्र से पैसा नहीं आने के कारण काफी समय से राज्य सरकार ही एसएसए के मद से वेतन पाने वाले शिक्षकों को उपावंटन के तहत पैसा दे रही थी। परंतु, इस बार अभी तक जिला को राशि प्राप्त नहीं हुई है।

### जेईई एडवांस्ड का आंसर की जारी

**भागलपुर**। भागलपुर आईआईटी मद्रास ने रविवार को जेईई एडवांस्ड 2024 का आंसर-की जारी कर दी है। दोनों पेपर का आंसर की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आंसर की पेपर-1 और 2 के लिए पीडीएफ के रूप में उपलब्ध करायी गयी है। इसके साथ ही वेबसाइट पर उम्मीदवारों की रिस्पॉन्स शीट भी जारी की गयी है। प्रोविजनल आंसर की और रिस्पॉन्स शीट का उपयोग करके, उम्मीदवार परीक्षा में अपने संभावित स्कोर का अनुमान लगा सकते हैं। आंसर की चैलेंज विंडो 3 जून शाम पांच बजे तक खुली रहेगी। वेबसाइट पर जाकर ही आंसर की पर आपत्ति दर्ज करवा सकते है। प्रोविजनल आंसर की पर प्राप्त आपत्तियों के आधार पर नौ जून को फाइनल आंसर की जारी की जायेगी। इसके साथ ही रिजल्ट भी नौ जून को जारी कर दी जायेगी। 10 जून से इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी।

### शराब के नशे में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**टेटिया बंबर**। गंगटा थाना पुलिस में शराब के नशे में उत्पात मचा रहे एक शराबी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत रोपा मोड़ निवासी निरंजन यादव शराब के नशे में हो हल्ला मचा रहा था। तभी पुलिस गश्ती टीम ने दरियापुर के समीप से उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच के क्रम में शराब पीने की पुष्टि हुई। तत्पश्चात उसे न्यायालय में पेश किया गया । चानन| चानन थानाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने रविवार को प्रखंड के मानपुर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दस लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

### टीएमबीयू स्वास्थ्य केंद्र का दरवाजा टूटा

**भागलपुर**। टीएमबीयू के विभिन्न विभागों के भवनों की जर्जर हालत से बड़ा हादसा होने का खतरा लगातार बना हुआ है। इसी कड़ी में रविवार को टीएमबीयू स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी में तैनात एक गार्ड बाल बाल बच गये। दोपहर में गार्ड हेल्थ सेंटर के बरामदे पर कुर्सी पर बैठा हुआ था। उसी समय प्रवेश द्वार के बगल वाला दरवाजा गिर गया। टीएमबीयू स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. अरशद कमाल ने बताया कि गेट गिरने की सूचना उन्हें गार्ड ने दी। साथ ही यह भी कहा कि हेल्थ सेंटर में लकड़ी के बने गेट व खिड़की को दीमक खा चुका है। जिसके मरम्मत की आवश्यकता है।

### गर्मी छुट्टी के बाद 1 जुलाई से खुलेगा कॉलेज

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में शनिवार से ग्रीष्मावकाश शुरू हो गया। कुलपति के आदेशानुसार 1 जून से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश की घोषणा शुक्रवार को ही कर दी गई। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि मुंगेर विवि के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में 01 से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। पूर्व निर्धारित परीक्षा से संबंधित या अन्य आवंटित कार्य यथावत संचालित होंगे।

### टीएमबीयू को मनोविज्ञान के 11 असिस्टेंट प्रोफेसर मिले

**भागलपुर**। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) ने मनोविज्ञान विषय के लिए 424 असिस्टेंट प्रोफेसरों को अलग-अलग विश्वविद्यालय आवंटित कर दिया है। टीएमबीयू को मनोविज्ञान के 11 असिस्टेंट प्रोफेसर मिले हैं। इनमें डॉ. सपना, चंदा कुमारी, सुपेंद्र यादव, कंचन सिंह, ऋचा, रजनी सिंह, बी. अमरूनिंशा, रंजना, विवेकानंद, चांदनी और निकिता जायसवाल के नाम शामिल हैं। डॉ. सपना एसएम कॉलेज में अतिथि व्याख्याता के तौर पर कार्यरत हैं। कॉलेज आवंटन की अधिसूचना बीएसयूएससी ने जारी कर दी है। जल्द ही टीएमबीयू में शिक्षकों को अलग-अलग कॉलेज व विभाग आवंटित किये जाएंगे।

### 200 रुपये के विवाद में दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीट

**भागलपुर**। बरारी के सब्जीबाग मोहल्ले में दुकानदार व ग्राहक के बीच 200 रुपये को लेकर मारपीट हो गई। ग्राहक की पिटाई से दुकानदार का एक दांत टूट गया। रविवार सुबह में मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्ष शिकायत लेकर बरारी थाने पहुंचे। हालांकि पुलिस ने जब केस दर्ज कराने की बात कही तो दोनों पक्ष ने आपस में समझौता कर लिया। ग्राहक पूर्व में 200 रुपये उधार लेकर गया था। रविवार को वह दोबारा दुकान पहुंचा तो दुकानदार ने पैसे की मांग की। इसी बात पर दोनों के बीच बहस होने लगी, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। बरारी पुलिस को शिकायत में दुकानदार ने बताया कि ग्राहक ने मार कर मेरा दांत तोड़ दिया है, जबकि ग्राहक का कहना है कि दुकानदार ने ही पहले हमला किया था। बरारी थानेदार अभय शंकर ने बताया कि दोनों पक्ष थाने पर शिकायत लेकर पहुंचे थे।

### आधार कार्ड नवीनीकरण और सुधार के लिए भटक रहे स्टूडेंट

**मुंगेर**। सोनो विभिन्न लाभुक योजनाओं व अन्य कार्यों के लिए अनिवार्य किए गए आधार कार्ड को बनवाना या फिर उसमें संशोधन करवाना प्रखंड में आसान नहीं है। यहां आधार कार्ड बनवाने या फिर उसमें संशोधन करवाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों सबसे अधिक परेशानी सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों को उठानी पड़ रही है। आधार कार्ड संशोधन को ले कई दिनों तक आधार केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। गौरतलब हो कि पूर्व से प्रखंड मुख्यालय स्थित आधार केंद्र पर आधार कार्ड नवीनीकरण व सुधार का कार्य होता है, पर यहां काफी भीड़ रहती है।लोग सुबह से ही लाइन में खड़े रहते हैं। वहीं अब डुमरी स्थित बैंक आफ इंडिया में भी आधार केंद्र खोला गया है पर बावजूद इसके यहां भी लोगों की लंबी लाइन लगी रहती है।लिहाजा आधार कार्ड संशोधन व बनवाने के लिए आने वाले लोगों की परेशानियां कम नहीं हो रही है। सरकारी स्कूलों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 1ली से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों का प्रोफाइल 15 जून तक ई शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है पर परेशानी यह है कि यदि आधार कार्ड और स्थानांतरण प्रमाण पत्र में नाम, जन्मतिथि आदि में कोई त्रुटि रहती है तो बच्चे का डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो रहा है। ऐसे में बच्चों को आधार कार्ड में संशोधन की आवश्यकता होती है। लिहाजा आधार कार्ड नवीकरण व संशोधन के लिए बच्चे आधार केंद्रों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सोनो और जवाहर उच्च विद्यालय राजपुर डुमरी में आधार केंद्र खोला गया। बाकायदा आधार सेटअप स्थापित किया गया। ऑपरेटर की नियुक्ति की गई आज की तिथि तक परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सोनो का आधार केंद्र चालू नहीं हो सका। यदि प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सोनो स्थित आधार केंद्र ठीक से काम करना शुरू कर दे तो बच्चों के साथ ही प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# युवक को पांच लोगों ने मिलकर बुरी तरह पीटा

## डायल-112 की पुलिस ने युवक को पहुंचाया अस्पताल

### दोस्त के साथ जा रहा था पीड़िता

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के पीरपैंती थाना क्षेत्र ओलनी टोला में युवक को पीटकर जख्मी कर दिया गया। निरंजन मंडल के जख्मी बेटे विशु कुमार ने कहा कि मैं अपने साथी मनसोख कुमार के साथ बासा पर जा रहा था तभी रास्ते में लड़की ने रुकने की इशारा किया। इसके बाद शिवनंदन मंडल, उमेश कापरी , निरंजन मंडल, मिथुन मंडल सहित अन्य ने मिलकर पकड़ लिया और अपने घर के अंदर ले जाकर बेरहमी से मेरी पिटाई कर दी। घटना की जानकारी पीड़ित के घर वालों को मिली। जिसके बाद डायल-112 को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को रेफरल अस्पताल पीरपैंती में पहुंचाया।

**दोषियों पर जल्द कार्रवाई का निर्देशः** पीड़ित युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के भागलपुर रेफर कर दिया गया। पीड़ित युवक की मां बबिता देवी ने बेटे को जख्मी स्थिति में देखकर थाना में लिखित आवेदन दिया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ टू अर्जुन गुप्ता, थाना अध्यक्ष नीरज कुमार भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित का हाल जाना। एसडीपीओ 2 ने निर्देश दिया है कि जल्द दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# 'एग्जिट पोल के चक्कर में नहीं रहे लोग'

## ♦ इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा ने कहा- भाजपा ने न्यूज चैनलों को खरीदा है, 30 सीटों पर जीत रहे हैं हम

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपूर में एग्जिट पोल के नतीजे के बाद इंडी अलायंस भड़क उठी है। इंडी अलायंस के प्रत्याशी मीडिया पर भड़की है। कॉंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता राहुल गांधी ने सभी प्रत्याशियों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। भागलपुर से महागठबंधन समर्थित कॉंग्रेस प्रत्याशी अजित शर्मा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में नेताओं को एग्जिट पोल पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी गयी है। वहीं अजित शर्मा ने एग्जिट पोल पर सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा कि बिहार में इंडिया अलायंस 30 से अधिक सीटें जीत रही है भागलपुर में हमारी जीत हो रही है। लेकिन एग्जिट पोल में हमारी हार है।

**एग्जिट पोल को बताया गलतः** भाजपा ने चैनलों को खरीदा है। बैठक में हमें यह कहा गया है कि किसी भी नतीजे के चक्कर मे न पड़ें हमारी जीत हो रही है हमारी सरकार बन रही है। काउंटिंग हॉल में जो भी कार्यकर्ता रहेंगे वो अंत तक डटे रहे इसकी सलाह दी गयी है। शर्मा ने आगे बताया कि मीडिया में जो एग्जिट पोल दिखाया जा रहा है वह पूरी तरह गलत है। किया चुनाव आयोग ने पत्रकारों को इजाजत दे दी थी की कौन किसको कितना वोट कर रहा है? मीडिया एक अनुमान के आधार पर एग्जिट पोल बता रहे हैं और हमारा मानना है कि भागलपुर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। वही लगातार एनडीए के तरफ से भी जीत का दावा किया जा रहा है।

# हत्या के पांच दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के बायपास थाना क्षेत्र के मुखेरिया तालाब से नाबालिग का शव बरामद हुआ था। मामले में पुलिस ने 20 लोगों से पूछताछ की है। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम, डॉग स्क्वाड से जांच करवाई थी। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पुलिस को मिल चुकी है। तकनीकी रिपोर्ट वैज्ञानिक अनुसंधान और सूचना संकलन के आधार पर पुलिस ने 20 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

**भागलपुर- जगदीशपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया थाः** बता दे की खुटहा के रहने वाले धर्मचंद्र भारती के 14 वर्षीय पुत्र मणिराज कुमार की गुमशुदगी के संबंध में 25 मई को बायपास थाना में मामले को पंजीकृत किया गया था। 29 मई को मणिराज का शव मुखेरियां तालाब से बरामद हुआ था। मणिराज को बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया था। घटना की जानकारी के बाद परिजन और ग्रामीण उग्र हो गए थे। भागलपुर- जगदीशपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। इधर, सूचना के बाद सदर एसडीएम धनंजय कुमार, विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण और छह थानों की पुलिस ने परिजनों को समझा कर मामले को शांत कराया था। पुलिस ने पांच दिन के अंदर इस मामले में 20 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। गिरफ्तारी नहीं हुई है। मालूम हो कि बायपास थाना क्षेत्र के खुटहा निवासी धर्म चंद्र भारती के पुत्र मणिराज 25 मई को लापता हुए थे।

# रिटायरमेंट के बाद महाविद्यालय में शिक्षक को दो जिम्मेदारी, भागलपुर में प्राचार्य ने कहा- सचिव ने रखा है

## ♦ सचिव ने कहा- प्राचार्य देंगे जवाब, लोगों ने राज्यपाल को लिखा पत्र

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के नवगछिया के बनारसी लाल शराब वाणिज्य महाविद्यालय में रिटायरमेंट के बाद भी कमेटी की मेहरबानी पर दो अलग-अलग पदों पर कार्य कर रहे कर्मी की शिकायत नवगछिया के अमर किशोर ने राज्यपाल को पत्र देकर की है। अमर किशोर ने इस संबंध में राज्यपाल को दिए गए पत्र में कहा है कि महाविद्यालय में रिटायरमेंट के बाद भी अकाउंटेंट पद पर कार्यरत बिनोदानंद मंडल लगातार इस पद पर कार्य कर रहे हैं। वह वर्ष 2020 में ही रिटायर हो चुके हैं नियमावली के अनुसार सचिव के द्वारा उन्हें एक्सटेंशन दिया गया है, जबकि किसी भी कार्य अवधि को बढ़ाने का समय मात्र 3 साल है जो कि वर्ष 2023 में ही पूरा हो चुका है। लगभग 70 वर्ष की आयु में भी इनसे काम लिया जा रहा है। इसके बावजूद विनोदानंद मंडल अकाउंटेंट पद पर तो कार्य कर ही रहे हैं अब कॉलेज में बने नए बीसीए डिपार्मेंट में भी वह ऑफिस इंचार्ज के पद पर भी कार्यरत हैं । अमर किशोर ने कहा कि महाविद्यालय में कार्य अवधि पूरा होने के बावजूद दो-दो पद पर रह कर मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है। कॉलेज में कई वित्तीय अनियमितता भी हैं। मगर सचिव इन सभी बातो को दरकिनार कर विनोदानंद मंडल को ही कॉलेज में रखे हुई है। जबकि अन्य को भी मौका दिया जाना चाहिए। इस से यह साफ प्रतीत होता है की किसी निजी कारणों से सचिव के द्वारा विनोदानंद मंडल को कार्य अवधि समाप्त होने के बाद भी कॉलेज में अकाउंटेंट के पद पर रखा है। बता दे कि इससे पूर्व भी सैदापुर निवासी राजेश कुमार ने एसडीओ , जिला अधिकारी सहित कुलपति को पत्र लिखकर इस संबंध में कार्रवाई करने की मांग की थी। मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**सचिन ने कुछ भी कहने से किया इनकारः** महाविद्यालय के सचिव मृत्युंजय सिंह गंगा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी कहने से इनकार करते हुए इसकी जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य से लेने को कहा। महाविद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद नईमुद्दीन ने कहा कि महाविद्यालय की कमेटी के द्वारा विनोदानंद मंडल को रखा गया है जब उनसे यह पूछा गया कि रिटायरमेंट के बाद कितने वर्षों तक कॉलेज में उनसे कार्य लिया जा सकता है तो उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है वह पूरी जानकारी लेकर बताएंगे वहीं इस पद पर कॉलेज के अन्य कर्मियों या फिर नए लोगों को नियुक्त करने की बात पर प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में कोई ऐसे कर्मी नहीं है जिन्हें यह विभाग दिया जा सके वैसे पूरी जानकारी लेकर वह बताएंगे।

# पिकअप से टक्कर के बाद गड्ढे में गिरी बस, 6 यात्री घायल, ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। भागलपुर नारायणपुर NH - 31 भ्रमपुर चौक के पास बस और पिकअप में टक्कर हो गई है। बस में करीब 20 लोग सवार थे। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। हालांकि घटना की जानकारी के बाद डायल-112 और स्थानीय पुलिस मौके के पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**घायलों का चल रहा इलाजः** बताया जा रहा है कि बस भागलपुर से नारायणपुर की तरफ जा रही थी। तभी तेज रफ्तार से नारायणपुर की तरफ से भागलपुर आ रहे पिकअप वाहन से भीषण टक्कर हो गई। हालांकि घटना में कोई हताहत होने की फिलहाल जानकारी नहीं है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आज जारी होगा यूजी सेम-1 में का पहला मेरिट लिस्ट

निज संवाददाता। मुंगेर

विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय डिग्री कोर्स के यूजी सेमेस्टर-1, सत्र 2024-28 में नामांकन का शेड्यूल पूर्व में ही जारी कर दिया गया है। जिसमें 01 और 02 जून को आवेदन प्रपत्र की त्रुटियों को शुद्ध करने का मौका दिया गया था। उसके बाद 04 जून को नामांकन के लिए पहला मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी होते ही 05 से 11 जून तक उसके आधार पर चयनित विद्यार्थियों को नामांकन का मौका दिया जाएगा। पहले मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन पूरा होने के बाद लगे हाथ 13 जून को दूसरा मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। जिसके आधार पर 13 से 19 जून तक दूसरे मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। उसके बाद 21 जून को तीसरे मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। जिसके आधार पर 21 से 24 जून तक नामांकन का मौका दिया जाएगा। तीनों मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन के बाद रिक्त रह गए सीटों की सूची जारी की जाएगी। मुंगेर| मुंगेर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में शनिवार से ग्रीष्मावकाश शुरू हो गया। कुलपति के आदेशानुसार 1 जून से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश की घोषणा शुक्रवार को ही कर दी गई। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि मुंगेर विवि के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में 01 से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल-16-24, दिनांक 31.05.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पिन -713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस रखनेवाले एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य के नाम के साथ उसका स्थान:** एएसएन मंडल - आसनसोल मंडल में रेलवे क्वार्टर के लिए स्मार्ट मीटर का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 1,19,58,508.76। **बयाना राशि:** रु. 2,09,800/-। **निविदा दस्तावेजों की कीमत:** शून्य। **बंद होने तथा खुलने की तारीख एवं समय:** 28.06.2024 को सुबह 11.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 6 माह। सम्पूर्ण विवरण को रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **(ASN-71/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल से चलने वाली 10 यात्रीवाही ट्रेनों में 14 अदद एसएलआर के पार्सल स्थान को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के निकट डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से चलने वाली 10 यात्रीवाही ट्रेनों में 14 अदद एसएलआर के पार्सल स्थान को लीज पर देने लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियमों एवं शर्तों वाली गैर-हस्तांतरणीय नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। तत्काल ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग विवरण: • नीलामी कैटलॉग सं.:**पीसीएल-एडब्ल्यूएच-एल-24-6सी। **ट्रेन संख्या :** 10 यात्रीवाही ट्रेनों में 14 अदद एसएलआर। **नीलामी प्रारंभ तारीख एवं समय:** 13.06.2024, अपराह्न 01.00 बजे।

**(HWH-79/2024-25)** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/05/2024, दिनांक 30.05.2024।** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (कॉन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकोल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा निम्न कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और पर्याप्त अनुभव रखने के साथ वैध ठेकेदारी लाइसेंस रखने वाले अनुभवी संकेत एवं दूरसंचार ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: एसएएनडीटी-सीओएन-05-2024-एचडब्ल्यूएच। कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में नवापात्रा और नवाब मोड़ स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य तथा मधुपुर जंक्शन पर बाईपास लाइन के संबंध में किसी भी इंजीनियरिंग गतिविधि के संबंध में सहायक कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 13,18,61,878/-। **बयाना राशि जमा :** रु. 8,09,300/- एफए एंड सीएओ/कॉन, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में जमा किया जाना चाहिए। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00/-। **प्रस्ताव एवं बयाना राशि की वैधता:** निविदा खोलने की तारीख से 90 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.06.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** एलओए जारी होने की तारीख से 12 माह। उपरोक्त उल्लिखित निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय को या उसके पूर्व इस निविदा के प्रति उपरोक्त उल्लेखानुसार निविदा दस्तावेज की कीमत एवं बयाना राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के पश्चात निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड एवं बोलियों को **www.ireps.gov.in** पर जमा किया जा सकता है। इस निविदा के प्रति सभी प्रकार से पूर्ण और ऊपर बताए गए सभी दस्तावेजों के साथ निविदाएं **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेजों, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना को उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (कॉन), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकोल घाट रोड, हावड़ा-711101 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

**(CON-22/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सासंद की गाड़ी पर फायरिंग के मामले में ताबड़तोड़ एक्शन, एक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**मसौढ़ी (पटना)।** शनिवार की देर शाम थाना के तिनेरी से लौटने के दौरान पटना- गया- डोभी सडक मार्ग (एनएच-22) स्थित थाना के तिनेरी मोड़ के पास सासंद रामकृपाल यादव की गाड़ी पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अन्य आरोपित फिलहाल फरार बताए जाते हैं और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही थी। इस मामले में सांसद ने गोपालपुर मठ के अखिलेश यादव, सूरज यादव, बिट्टू यादव, विकास यादव, गौतम यादव, आदित्य यादव, सत्येंद्र यादव, सागर यादव और सौंटी यादव के अलावे 35-40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी। बताया जाता है कि सभी आरोपित राजद समर्थक हैं। इधर, पुलिस ने छापामारी कर आरोपितों में से एक गोपालपुर मठ के उमेश यादव के पुत्र विकास यादव को गिरफ्तार कर लिया, जबकि फिलहाल अन्य आरोपित फरार बताए जाते हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। उक्त मामले की जांच और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ नभ वैभव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है। शनिवार को दोपहर मध्य विद्यालय, तिनेरी स्थित मतदान केंद्र संख्या–178 पर स्थानीय राजद विधायक रेखा देवी और उनके समर्थकों के साथ तिनेरी के कुछ मतदाताओं की झड़प हो गई थी। सूचना पाकर घटना की जानकारी लेने सांसद रामकृपाल यादव शनिवार की देर शाम तिनेरी पहुंचे थे। ग्रामीणों से बात कर जैसे ही एनएच-22 स्थित तिनेरी मोड़ के पास सड़क पर उनकी गाड़ी पहुंची थी। उतर दिशा में पूर्व से रहे बाइक सवार कुछ बदमाशों ने उनकी गाडी पर फायरिंग कर दी थी। हालाकि इसमें सांसद बाल बाल बच गए थे और उनकी गाड़ी भी सुरक्षित थी। इधर, अचानक हुई फायरिंग के कारण वे दक्षिण दिशा में नदौल की ओर चल दिए थे। बताया जाता है कि सांसद बिना अंगक्षक के ही थे। इस बीच, उनके साथ उन्हें सड़क पर छोड़ने आए तिनेरी के कुणाल कुमार को बदमाशों ने पिस्तौल के बट से मारकर सिर फोड़ दिया व मुखिया रीना कुमारी के पति शशि कुमार की भी पिटाई कर दी। इस घटना की जानकारी होते ही सांसद फिर तिनेरी मोड़ के पास पहुंचे थे और एसएसपी को सूचनना दी थी। इस बीच घटना के विरोध में और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वहां सड़क जाम कर दिया था। फिलहाल फायरिंग के साक्ष्य नहीं सिटी एसपी (पूर्वी) भारत सोनी ने बताया कि फिलहाल सांसद पर फायरिंग के साक्ष्य नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास खोखा भी नहीं मिला है। एफएसएल की टीम भी साक्ष्य का पता करने में लगी हुई है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और एसआईटीम का गठन कर पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। विधायक ने भी दर्ज कराई प्राथमिकी शनिवार की दोपहर में मतदान के दौरान मध्य विद्यालय, तिनेरी स्थित मतदान केंद्र संख्या – 178 पर ग्रामीणों से हुई झड़प के मामले में विधायक रेखा देवी ने तिनेरी गांव के 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की है। इनमें तिनेरी मुखिया रीना कुमारी, उनके पति शशि कुमार, पूर्व मुखिया राकेश कुमार, मनीष कुमार, विपुल कुमार, रजनीकांत शर्मा, चितरंजन सिंह, बिट्टू कुमार, सुनील सिंह, राजनंदन शर्मा और रामपुकार शर्मा शामिल हैं। बताया जाता है कि सभी आरोपित भारतीय जनता पार्टी के समर्थक हैं। आरोप है कि शनिवार की सुबह राजद के पोलिंग एजेंट को भगा कर आरोपितों ने बूथ पर कब्जा कर लिया था। इसकी जानकारी होने पर जब विधायक वहां पहुंची तो उन्होंने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया था। साथ ही आरोपितों ने उनके साथ रहे राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बीएन सहाय के साथ भी मारपीट की थी। वहीं, तिनेरी के मतदाताओं का आरोप था कि विधायक मतदान केंद्र में मतदान को प्रभावित करने का प्रयास कर रही थी। इसका विरोध वहां मतदान के लिए पंक्ति में खडे मतदाताओं ने किया था, जिससे वहां हंगामे की स्थिति व्याप्त हो गई थी। बाद में वहां मौजूद पुलिस बल के सहयोग से विधायक चली गईं। इस दौरान मतदान भी प्रभावित हुआ था।

## जश्न में डूबे भाजपा कार्यकर्ता, लड्डू से लिखा- 400 पार



निज संवाददाता

**पटना।** एग्जिट पोल से एनडीए समर्थक काफी उत्साहित हैं। परिणाम आने से एक दिन पहले आज बीजेपी कार्यकर्ताओं ने खुद से लड्डू तैयार किया। इस दौरान लड्डू से ही 400 पार की तस्वीर ट्रे में उकेरी गई। BJP यूथ विंग के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा सिंह उर्फ कल्लू ने बताया कि देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। एग्जिट पोल से भी बेहतर परिणाम कल आने वाला है। पीएम नरेंद्र मोदी की करिश्माई छवि के आगे पूरा विपक्ष धराशायी हो गया है। राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि आने वाले परिणाम को लेकर INDIA गठबंधन कार्यकर्ता उत्साहित हैं। जश्न की अभी वैसी तैयारी नहीं है। समय के साथ सब होगा। अभी मैं बाहर आया हूं। कांग्रेस के प्रवक्ता राजेश राठौर ने कहा कि जश्न की अभी कोई तैयारी नहीं है। सुबह से कांग्रेस दफ्तर सदाकत आश्रम में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। समय के साथ सब हो जाएगा। अभी कोई ऐसी तैयारी नहीं है। बिहार में लोकसभा का चुनाव लड़ रही असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम किशनगंज सीट पर जीत को लेकर आश्वस्त है। संगठन प्रभारी सरफराज ने बताया कि 2020 विधानसभा चुनाव में जब एग्जिट पोल आया था, उस वक्त भी हमारी पार्टी को जगह नहीं दी गई थी। इसके बावजूद भी हमलोग जीते थे। इस बार भी किशनगंज की सीट पार्टी जीत रही है। इसको लेकर जश्न की तैयारी चल रही है।

## बिहार में सिखाया जा रहा सांप के डंसने का इलाज

निज संवाददाता



**पटना।** भीषण गर्मी के बाद आने वाली बरसात के पूर्व स्वास्थ्य विभाग की पहल पर ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सक सांप काटने के बाद पीड़ित व्यक्ति की चिकित्सा के दौरान मानकों के पालन से अवगत हुए। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बताया गया कि सर्पदंश की घटना के बाद पीड़ित जब अस्पताल आए तो कैसे उपचार करना है और क्या-क्या सावधानियां रखनी हैं। पहले चरण में सभी जिला अस्पताल से एक-एक डॉक्टर और इपिडेमोलाजिस्ट को प्रशिक्षित किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बरसात के दौरान सांप और कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। प्रशिक्षण के क्रम में डॉक्टरों को बताया गया कि पहले रोगी को शांत कराएं। इसके बाद यह सुनिश्चित करें कि सांप जहरीला था या नहीं। अमूमन देखा जाता है कि गेहुंअन सांप दिन में काटता है। उसके काटने के बाद शरीर में जहर के कारण असह्य पीड़ा होती है। करैत सांप अक्सर रात के समय काटता है। करैत सांप के काटने पर चुभन महसूस होती है। बताया गया कि ज्यादा मामलों में मरीज का नर्वस सिस्टम प्रभावित होता है। उसकी मांसपेशियां शिथिल होने लगती हैं। मरीज की आंख पर उसका असर दिखने लगता है। सांस संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज(सीएमसी), वेल्लोर के डॉ. अमिथ बालाचंद्रन, डॉ. अजीत शेवाले व चेन्नई की डॉ. ज्ञानेश्वर ने चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया।

## बिहार स्टेट यूथ लीग 2024 का समापन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार स्टेट यूथ लीग 2024' का आज समापन हो गया। अंडर-15 और अंडर- 17 के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की टीम बीएसएसए चैंपियन बनी। खिलाड़ियों और टीम को ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट के साथ नगद पुरस्कार भी मिला। लीग में अलग-अलग फुटबॉल क्लब की कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस तरह के टूर्नामेंट का बिहार में पहली बार आयोजन किया गया था। अंडर-15 के फाइनल में अल्फा और बीएसएसए के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें बीएसएसए ने 2-1 से जीत दर्जकर खिताब अपने नाम कर ली। अंडर- 17 में बीएसएसए ने पीएसएफए को 1-0 से हरा दिया।

## अगस्त में आरंभ होगी बिहार के कॉलेज में नये सत्र की पढ़ाई

निज संवाददाता



**पटना।** विश्वविद्यालयों व कालेजों में नया शैक्षणिक सत्र 2024-25 की पढ़ाई हर हाल में अगस्त के पहले सप्ताह में आरंभ हो जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने आवश्यक प्रक्रिया आरंभ कर दी है। यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम जगदीश कुमार के अनुसार नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) जून के मध्य तक सीयूईटी यूजी 2024 का परिणाम जारी करेगा।इसके बाद विश्वविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। इसी के आधार पर अगस्त के पहले सप्ताह तक कक्षाएं आरंभ करने की कवायद है। सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक और पीजी का शैक्षणिक सत्र 2024-25 अगस्त के पहले हफ्ते से शुरू करने को कहा है। करीब 261 विश्वविद्यालय सीयूईटी यूजी 2024 की मेधा सूची से स्नातक स्तर के विभिन्न कोर्स में नामांकन देंगे। इसके साथ ही सभी विश्वविद्यालयों को जून के अंत तक स्नातक व पीजी के परिणाम जारी करने को कहा गया है। इससे विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया और सेमेस्टर की तैयारी पूरी करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इसके साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रोजेक्ट वर्क और इंटर्नशिप के लिए दो हफ्ते का और समय देने का भी आग्रह किया गया है। 261 से अधिक विश्वविद्यालयों में स्नातक और पीजी पाठ्यक्रमों में पहले वर्ष में नामांकन सीयूईटी की मेधा सूची से होगा। यूजीसी चेयरमैन प्रो. जगदीश एम कुमार ने कहा उच्च शिक्षण संस्थानों में चार करोड़ से अधिक सीट हैं। चार करोड़ छात्र विभिन्न डिग्री प्रोग्राम में निबंधित हैं, जबकि करीब 3.41 करोड़ छात्र अपनी पहली डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों को सीट बढ़ाने की स्वायत्ता भी दी गई है। एनईपी 2020 के तहत छात्रों को तीन वर्षीय, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम चुनने की आजादी है। एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट में छात्र कोई भी कोर्स करते हैं, उसके क्रेडिट एबीसी में जुड़ेंगे। प्रो. कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024 से देश का पहले ई-विश्वविद्यालय के रूप में राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय शुरू करने की तैयारी चल रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा आनलाइन विश्वविद्यालय होगा। इस विवि में उच्च शिक्षण संस्थान, उद्योग और एडूटेक प्लेटफार्म को एक साथ लाना है। इसका मकसद छात्रों को ग्रामीण, दूर-दराज और कामकाजी पेशेवरों को घर बैठे गुणवत्ता युक्त सस्ती शिक्षा मुहैया करवाना है।

## फतुहा में आरपीएफ शातिर को दबोचा

**पटना (नि.सं.)।** रेलवे ट्रैक के सहारे जा रही सिग्नल की लाइन के वायर को काटकर एक निर्माणाधीन मकान में छिपाए तार के साथ एक शातिर को आरपीएफ ने दबोच लिया। साथ ही इसकी निशानदेही पर चोरी की सामान की खरीद करने वाला बर्तन दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर करवाई की है। हालांकि इससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ हैरविवार को फतुहा स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची आरपीएफ पोस्ट प्रभारी विनोद विश्वकर्मा के साथ अन्य रेल पुलिस मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंच कर देखा कि सिग्नल विभाग के कर्मी वहां मौजूद थे। उनके साथ मिलकर घटनास्थल का मुआयना किया तो देखा की दनियावां और फतुहा के बीच में 01/ 19-21 के बीच जंपर वायर किसी के द्वारा काट कर ले जाया गया है। घटनास्थल के आसपास खोजबीन किया गया।

## अब राजधानी में शुरू होगा नमामि गंगे प्रोजेक्ट का काम

निज संवाददाता



**पटना।** लोकसभा चुनाव खत्म हो गया है। अब राजधानी में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के बाकी कामों को पूरा करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले नेटवर्किंग का काम करना है। अभी तक शहर में 50 प्रतिशत भी नेटवर्किंग काम नहीं हो पाया है। राजधानी में दीघा से लेकर पहाड़ी तक नेटवर्किंग का काम करना है। शहर दीघा, दानापुर एवं कंकड़बाग में बनने वाले एसटीपी को नेटवर्किंग के माध्यम से जोड़ना है ताकि शहर के घरों से निकलने वाले गंदा पानी को साफ किया जा सके। राजधानी में 750 करोड़ की लागत से 450 किलोमीटर लंबा नेटवर्क बनाना है। वर्तमान में बोरिंग रोड, राजीवनगर, पाटलिपुत्रा एवं कंकड़बाग के कुछ क्षेत्रों में नेटवर्किंग का काम करना है। दानापुर एसटीपी का वर्तमान में ट्रायल चल रहा है। अगले दो माह तक ट्रायल चलने की उम्मीद है। सबकुछ ठीक रहा तो दो माह बाद काम शुरू हो जाएगा। वहीं दीघा एसटीपी का अभी 50 प्रतिशत निर्माण कार्य हुआ है। कंकड़बाग एसटीपी का निर्माण कार्य भी अभी 50 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है। बुडको के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही एसटीपी का निर्माण कार्य काफी जोर-शोर चल रहा है। दीघा एसटीपी में मंदिरी, राजापुर एवं कुर्जी नाला का पानी साफ होगा। वहीं दानापुर एसटीपी में दीघा नहर से लेकर आसपास के मोहल्लों के गंदा पानी को साफ किया जाएगा। वहीं, कंकड़बाग एरिया का पानी पहाड़ी पर बनने वाले एसटीपी पर किया जाएगा।

## दानापुर में ट्रांसफार्मर में लगी आग

**पटना (नि.सं.)।** सोमवार को दानापुर के मार्शल बाजार स्थित बीबीगंज पुलिस चौकी के पास एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। मुख्य सड़क मार्ग पर आग लगने के बाद उस रास्ते से गुजर रहे राहगीरों में हड़कंप मच गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद कई लोगों ने धूल फेंक कर आग को बुझाने का प्रयास करने किया, लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के साथ ही बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा उस इलाके की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। वहीं सूचना मिलते ही अग्निशमन की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। क ड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया।

## पटना, जहानाबाद समेत 4 जिलों में बारिश

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के कई जिलों में सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदला है। तेज हवा के साथ बारिश हुई। जहानाबाद, गया और पटना में झमाझम बारिश हुई है। पटना के खगौल, फुलवारी शरीफ और नौबतपुर की इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इसके साथ ही बांका में भी तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। कई शहरों में तेज आंधी चल रही है। तेज आंधी की वजह से बांका जिले के रजौन प्रखंड के मंझोनी गांव में करीब 40 आम के पेड़ टूट गए। वहीं, 50 क्विटंल से अधिक आम बर्बाद हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार जून के दूसरे हफ्ते में गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है।

## अपराधियों ने 2 युवक को मारी गोली, एक की मौत

निज संवाददाता

**पटना।** सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के काली मंदिर के नजदीक अपराधियों ने सोमवार को दिनदहाड़े दो युवकों को गोली मार दी, जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।पटना सिटी के एएसपी शरद आर एस ने इसकी पुष्टी की है। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आलमगंज थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो युवकों को अपराधियों के द्वारा गोली मारे जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि घायल युवकों में लल्लू कुमार और सूरज कुमार शामिल हैं। इनकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के करीब है। अपराधियों ने सूरज और लल्लू को नजदीक से गोलियां मारी है। इसमें सूरज को तीन गोली लगी है। दो गोली पीठ में और एक गोली कमर में लगी है। वहीं लल्लू को भी अपराधियों ने दो गोली मारी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के सभी अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का मानना है कि सूरज का आपराधिक इतिहास रहा है। कई आपराधिक मामले में सूरज का नाम भी शामिल है। पुलिस सभी मामलों को गहराई से छानबीन करने में जुट गई है। घटना का कारण पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है, जो भी मामला सामने आएगा। उसे मीडिया से शेयर किया जाएगा। पटना सिटी के आलमगंज में अपराधियों द्वारा दो युवकों को गोली मारे जाने की घटना के बाद इलाज के दौरान एक युवक लल्लू कुमार की मौत अस्पताल में हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए पटना सिटी के एएसपी शरद आर एस ने बताया कि सोमवार को दिनदहाड़े अपराधियों द्वारा दो युवकों को गोली मारी गई थी।

## अब प्रधानाध्यापक अपने कार्यों का बंटवारा शिक्षकों के बीच करेंगे

निज संवाददाता



**पटना।** आठ जून को छुट्टी समाप्त होने के बाद सभी सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को प्रतिदिन कक्षाएं लेनी होगी और इसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को देनी होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रायः देखा जा रहा है कि प्रधानाध्यापक स्कूल के कागजी काम में ही फंसे रह जाते हैं, वे अध्यापन नहीं कर पाते। अब प्रधानाध्यापक अपने कार्यों का बंटवारा शिक्षकों के बीच करेंगे। इससे उन्हें समय मिल सकेगा और कक्षाएं ले पाएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानाध्यापक जब कक्षाएं लेंगे तो अन्य शिक्षकों में भी पढ़ाने के प्रति उत्साह जगेगा। स्कूल में प्रधानाध्यापक की अलग छवि रहती है। प्रधानाध्यापकों को प्रत्येक कक्षा के निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया है। ताकि शिक्षकों की अध्यापन शैली एवं बच्चों की विषयवार समझ की परख कर सकें। उन्हें यह भी देखना होगा कि बच्चों को दिए गए एफएलएन किट का प्रयोग पढ़ाने में हो रहा या नहीं। स्कूलों का निरीक्षण कर्मी भी कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन का स्तर देखेंगे। निरीक्षण कर्मी बच्चों से संबंधित विषय पर प्रश्न भी कर सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण कर्मियों को भी पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन करने के लिए कहा गया है। ताकि वे बच्चों की विषयवार योग्यता परख सकें।

## प्रशांत किशोर किससे मिलाएंगे हाथ

निज संवाददाता




**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के हर बयान की चर्चा देश की सियासत में होती है। चुनावों को लेकर उनकी भविष्यवाणी भी खूब सुर्खियां बटोरती है। वहीं, हाल ही में उन्होंने लोकसभा चुनाव में मोदी की थर्ड टर्म की प्रिडिक्शन की थी, एग्जिट पोल के नतीजे भी वही बता रहे हैं। इस बीच उनका एक और बयान खूब चर्चा में है। दरअसल, एग्जिट पोल आने से पहले उन्होंने खूब इंटरव्यू दिए। 'लल्लनटॉप' को दिए इंटरव्यू में प्रशांत किशोर से जब ये पूछा गया कि क्या 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में उनका दल किसी से गठबंधन करेगा, तो इसपर उन्होंने खुलकर अपनी राय रखी। सियासी गलियारों में ऐसी चर्चाएं रहती हैं कि प्रशांत किशोर किस दल से हाथ मिलाएंगे, लेकिन उनके बयान ने सबकुछ साफ कर दिया। प्रशांत किशोर ने साफ शब्दों में कहा, किसी भी दल से गठबंधन करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने बड़े दावे से कहा, 243 सीट मतलब 243 सीट... 242 भी नहीं, अगर जन सुराज जिस दिन दल बनेगा वो 243 लड़ेगा 242 नहीं लड़ेगा। आपको इसको नोट कर लीजिए। इससे कुछ दिन पहले प्रशांत किशोर ने यह भी दावा किया कि बिहार में 2025 में जन सुराज ही जीतेगा। उन्होंने कहा, मैं लिखकर देता हूं कि 2025 में बिहार में जन सुराज अपने दम पर सरकार बनाएगा और किसी से गठबंधन नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि लोगों को लगता है हम बीजेपी या राजद का वोट काटेंगे, लेकिन हम ऐसा नहीं करेंगे। इनको तो जनता ही काट कर साफ कर देगी।

## तेज रफ्तार ट्रक ने पति-पत्नी को रौंदा, मौके पर दोनो की मौत

**पटना (नि.सं.)।** पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पटना-फतुहा मार्ग पर जाम लगा दिया और जमकर प्रदर्शन किया। मृतक की पहचान कृष्णा निकेतन निवासी दिलीप कुमार और संजू सिंह के तौर पर हुई है। मामले की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर समेत कई थानों की पुलिस पहुंची। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। थाना प्रभारी कृष्ण चंद्र भारती ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया गया है।

## आईआईटी पटना में 70 प्रतिशत से अधिक प्लेसमेंट, 135 से अधिक कंपनियां आईं

निज संवाददाता



**पटना।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) पटना में कैंपस प्लेसमेंट की रफ्तार गत दो वर्षों के अपेक्षा इस वर्ष धीमी है। बीते दो सत्र बैच 2022 एवं 2023 में छात्रों को 400 से अधिक जॉब ऑफर मिले, जबकि सत्र 2021-22 में 97.65 एवं 2022-23 में 91.26 प्रतिशत विद्यार्थियों के प्लेसमेंट हुए है। वर्ष 2024 के लिए अब तक बीटेक के विद्यार्थियों का 70 प्रतिशत से अधिक प्लेसमेंट हो चुके है। इसमें अब तक 285 से अधिक विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर सहित 295 से अधिक विद्यार्थी को स्थायी आफर मिले हैं। इस वर्ष अब तक 135 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट के लिए पहुंच चुकी है। प्लेसमेंट अभी जारी है। इसमें बीटेक कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग ब्रांच में 95 प्रतिशत से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है। वर्ष 2021-22 में 213 विद्यार्थी प्लेसमेंट में हिस्सा लिया, इसमें 208 को जाब आफर मिला, वर्ष 2022-23 में 286 छात्रों में 261 को प्लेसमेंट दिया गया। संस्थान के छात्रों के नियुक्ति के लिए आइटी, साफ्टवेयर, फाइनेंस एंड बैंकिंग, एनालिटिक्स एंड बैंकिंग, एनालिटिक्स एंड कंसल्टिंग, कोर इंजीनियरिंग, इ-कामर्स, हेल्थ केयर, मैन्यूफैक्चरिंग, आटोमोबाइल आदि से संबंधित क्रमशः 154 एवं 162 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने हिस्सा लिया। आइआइटी के कैंपस चयन में पैकेज में वृद्धि दर्ज की गई है। विद्यार्थियों को वर्ष 2022 में अधिकतम 61.30 लाख रुपये रहा। जबकि वर्ष 2023 के लिए बीटेक अभ्यर्थियों का अधिकतम 82.05 लाख का पैकेज मिला है। आइआइटी के अधिकारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर छंटनी का असर दिख रहा है। कंपनियां आ रही है, लेकिन कम लोगों को प्लेसमेंट कर रही है। इसके बाद भी आइआइटी पटना का बेहतर स्थिति है। यहां प्लेसमेंट के लिए गूगल, आरकेल, एमटीएक्स, स्प्रिंकलर, धानी, एटलसियन, मीडिया नेट, बाश, टीवीएस, बीपीसीएल, बीइएल, सी-डैक आदि कंपनियां भाग ली है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# झारखंड के 9 जिलों में 5 और 6 जून को लू का यलो अलर्ट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अभी भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। आज मंगलवार से एक बार फिर तापमान बढ़ेगा। इस दौरान लू भी चलेगी। मौसम विभाग ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम केंद्र के अनुसार 4 जून को गढ़वा, पलामू और चतरा जिले में लू चलेगी। वहीं 5 और 6 जून को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा में लू चलने की चेतावनी है।।

इधर, रांची में आज बारिश के आसार हैं, लेकिन 4 जून से तापमान बढ़ेगा। 4 जून को रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और पांच-छह जून को 41 डिग्री पर पहुंचने की संभावना है। दूसरी ओर, पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में आंधी के साथ बारिश हुई। सिमडेगा, बोकारो और गिरिडीह समेत कई जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। रविवार को सबसे ज्यादा 49 एमएम बारिश पश्चिम सिंहभूम के जगन्नाथपुर में हुई।

**फिर पार करेगा 40 डिग्री तापमान :** मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी रांची सहित सभी जिलों का अधिकतम तापमान एक बार फिर 40 डिग्री से ऊपर जा सकता है। 5 और 6 जून को रांची में लू चलने की संभावना है। वहीं पलामू प्रमंडल के जिलों का तापमान 45 डिग्री से अधिक होने का अनुमान लगाया गया है। मौसम केंद्र ने इसको लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी का मौसम 8 जून तक शुष्क रह सकता है।

बीते 24 घंटे के मौसम के आंकड़े की बात करें तो रविवार को डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री रहा। रांची के तापमान में शनिवार की तुलना में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। रांची का तापमान रविवार को 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र ने 3 जून को प्रमाण पलामू प्रमंडल



को छोड़ कई जगहों पर बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान लगाया है।

**ऐसा है मौसम का पूर्वानुमान :** मौसम विभाग के अनुसार आज यानी 3 जून से लेकर 5 जून तक मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। वहीं 6 जून को भी राज्य के कई जिलों में हीटवेव चलेगी। जारी रिपोर्ट के अनुसार आज राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य तथा दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं मेघ गर्जन और तेज हवाओं का झोंका चल सकता है। इन इलाकों में वज्रपात की भी संभावना जताई गई है।

जिन जिलों में बारिश का अलर्ट है उनमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी तथा रामगढ़ जिले आएंगे। 4 जून को राज्य के गढ़वा, पलामू तथा चतरा जिले में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है।

इसी तरह 5 और 6 जून को राज्य के गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग एवं कोडरमा जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति रहेगी।

**41 डिग्री तक जाएगा राजधानी रांची का अधिकतम तापमान :** राजधानी रांची के मौसम की बात करें तो 3 जून को आंशिक बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल भी बन सकते हैं। आज अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहने की संभावना है। इसी तरह चार-पांच और 6 जून को राजधानी का मौसम साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। 4 जून को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और 5 और 6 जून को 41 डिग्री रहने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहेगा।


## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में हाईवे पर सफर करना हुआ महंगा



**रांची, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में टोल दरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब राजमार्गों का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को सोमवार से अधिक भुगतान करना होगा। इससे झारखंड से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग भी प्रभावित होंगे।वाहन चालकों के लिए एनएचएआई ने टोल प्लाजा की नई दर रविवार रात 12 बजे से लागू करने की आम सूचना जारी कर दी है। एनएचएआई ने टोल प्लाजा के शुल्क की दर में जो संशोधन किया है, उसके अनुसार करीब 2 से 5 प्रतिशत तक टोल दर में बढ़ोतरी हुई है। बता दें कि राजमार्ग उपयोगकर्ता शुल्क का वार्षिक संशोधन पहले इस साल एक अप्रैल से लागू किया जाना था, लेकिन लोकसभा चुनावों के कारण दर वृद्धि स्थगित कर दी गई थी। वार्षिक संशोधन औसतन पांच प्रतिशत के दायरे में रहने की संभावना है। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि नया शुल्क तीन जून 2024 से लागू होगा

### चाकुलिया के खोड़ीपहाड़ी में दिखा सूर्यास्त का मनमोहक नजारा



**चाकुलिया , एजेंसी।** चाकुलिया प्रखंड स्थित जुगीतोपा पंचायत के खोडीपहाड़ी की अलग ही पहचान है। यह ऐतिहासिक खोडीपहाड़ी आषाढ़ महीना के चौथे शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा धूमधाम से पहाड़ पूजा करते हैं। जहां झारखंड ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लोग भी आते हैं। यह प्रकृति की अद्भुत छटा पहाड़ लोगों का मन मोह लेती है। यहां का दृश्य लोगों को काफी लुभाता है।ऐसा ही कुछ नजारा रविवार की शाम सूर्यास्त का कैमरे में कैद हुआ। इन दिनों हो रहे मौसम के बदलाव में सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा बेहद मनमोहक बन जाता है। शाम करीब 6 बजे जैसे ही सूर्यास्त होने लगा, वैसे-वैसे यह दृश्य अद्भुत होता गया। डूबते सूरज का रंग सुर्ख लाल होता गया। सूर्यास्त का यह नजारा देखने के लिए युवाओं की भीड़ खोडीपहाड़ी के ऊपर उमड़ पड़ी। शाम को पहाड़ पर सैर पर जाने वाले लोगों ने जैसे ही सूर्यास्त का नजारा देखा वे आकर्षित हुए बिना नहीं रहे। इस दौरान जैसे ही सूर्यास्त होने लगा डूबते सूरज का रंग सुर्ख लाल होता गया। वैसे-वैसे यह दृश्य अद्भुत होता गया।

### गांधी चौक सब्जी मंडी में तब्दील

**देवघर/मधुपुर, एजेंसी।** मधुपुर शहर का हृदय स्थल गांधी चौक सब्जी मंडी में तब्दील हो गया है। गांधी चौक पर मुख्य सड़कों का अतिक्रमण कर दर्जनों दुकानें लगाई जा रही है। अतिक्रमण करने वाले दुकानदार प्रशासन के नियम और कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं। नगर परिषद और अंचल प्रशासन इन अतिक्रमणकारियों दुकानदारों को हटाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। गांधी चौक, स्टेशन रोड और हटिया रोड से गुजरने वाले को रोजाना जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। अतिक्रमण के कारण सड़कों की चौड़ाई भी आधी हो गई है। स्टेशन रोड में 40 फीट की सड़क 15 फीट, गांधी चौक में 60 फीट की चौड़ाई घटकर 15 से 20 फीट रह गई है। हटिया रोड में करोड़ों का सब्जी मार्केट बनने के बावजूद अधिकांश दुकानदार सड़कों पर ही अपनी दुकानदारी कर रहे हैं। अनुमंडल प्रशासन द्वारा कई बार कड़ाई कर इन दुकानदारों को सब्जी मार्केट में बैठने का प्रयास किया है। गांधी चौक पर भी अतिक्रमणकारियों दुकानदारों को पकड़कर जुर्माना सहित ठेला को भी जब्त किया गया। लेकिन प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए दुकानदार फिर सड़क पर ही दुकान लगा देते हैं। हटिया रोड में भी सड़क 20 फीट से घटकर 10 फीट तक सिमट गई है। सरदार पटेल रोड और डालमिया कूप के आसपास भी यही हाल है। एससी मुखर्जी रोड, भगत सिंह चौक, हाजी गली, थाना रोड में कमोबेश ऐसी स्थिति है।

## तीन महीने में तीन सीनियर डॉक्टरों ने रिम्स की नौकरी छोड़ी, चार विभागों के छह वरीय डॉक्टर भी कतार में

**रांची , एजेंसी।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में प्रबंधन की कड़ाई और संस्थान की अव्यवस्था से नाराज होकर सीनियर डॉक्टर अस्पताल छोड़कर जा रहे हैं। पिछले तीन माह में दो डॉक्टर संस्थान छोड़ चुके हैं, जबकि एक इस्तीफा देकर 3 माह की नोटिस पीरियड में हैं। इस्तीफा देने वाले डॉक्टरों में सीटीवीएस विभाग के हेड डॉ. विनीत महाजन, कार्डियोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीजी सरकार और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. विक्रांत रंजन शामिल हैं। तीनों डॉक्टरों ने व्यक्तिगत कारण बताकर इस्तीफा दिया है। डॉ. महाजन रिम्स छोड़ने के बाद अभी एम्स गुवाहाटी के सीटीवीएस विभाग के प्रमुख पद पर योगदान दे चुके हैं। डॉ. पीजी सरकार रांची में ही एक अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के हेड के रूप में इलाज कर रहे हैं। वहीं, रिम्स में यह चर्चा जोरों पर है कि अस्पताल के चार विभाग के और छह वरीय चिकित्सक भी इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। यूरोलॉजी विभाग के दो, कार्डियोलॉजी विभाग से भी दो डॉक्टरों के जल्द इस्तीफा देने की खबर है। इसके अलावा न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉक्टरों के नौकरी छोड़ने भी चर्चा तेज है।

रिम्स के कई डॉक्टरों ने बताया कि इस्तीफा देने वाले डॉक्टरों में से दो ने प्रबंधन के दबाव में आकर फैसला लिया है। प्रबंधन अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की बजाय सिर्फ डॉक्टरों पर कड़ाई कर रहा है। अस्पताल में न तो दवाएं उपलब्ध हैं और न ही लाइफ सेविंग दवाएं बाहर से मंगवाने की छूट है। रिम्स प्रबंधन ढुलमुल रवैये के कारण चाह कर भी कई बार मरीज को बचा नहीं पाते हैं। यहां कलंक लेने से बेहतर है रिम्स छोड़कर स्वतंत्र होकर काम करें। 3 माह में निदेशक आधा दर्जन चिकित्सकों को कर चुके हैं शोकॉज~ इधर, रिम्स निदेशक ने व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए चिकित्सकों व कर्मियों के बीच थोड़ी कड़ाई की है। पिछले तीन माह में करीब आधा दर्जन चिकित्सकों को विभिन्न कारणों से शोकॉज कर चुके हैं। कुछ डॉक्टरों को ड्यूटी से नदारद रहने पर, तो कुछ को बाहर से दवा मंगाने व जांच कराने के लिए शोकॉज किया गया है। जिन चिकित्सकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है, उनमें एक न्यूरोलॉजी, एक कार्डियोलॉजी, एक मेडिसिन और दो क्रिटिकल केयर के चिकित्सक शामिल हैं।

## रांची में आठ सौ फीट की बोरिंग के बाद भी नसीब नहीं पानी, हर साल घटता जा रहा भू जलस्तर

**रांची, एजेंसी।** कांके रोड में कांके डैम है, लेकिन जरूरी नहीं कि आसपास रहने वाले प्यासे न हो। कांके रोड का हाल यह है यहां पानी की बहुत दिक्कत है। कहीं-कहीं तीन-तीन बोरिंग फेल है, चौथी बोरिंग में पानी आया। चार सौ से लेकर सात सौ-आठ सौ फीट बोरिंग के बाद किसी तरह पानी नसीब होता है।

कांके रोड के रहने वाले जयंत शाहदेव कहते हैं कि यहां सात सौ-आठ सौ फीट बोरिंग के बाद ही पानी संभव है। इसके बाद भी मिल जाए तो वह सौभाग्य की बात है। नीचे चट्टान भी है। पथरीला इलाका है।

लेक साइड में तो काफी दिक्कत है। चांदनी चौक के पास द सोलिटियर अपार्टमेंट में रहने वाले विनोद पोद्दार कहते हैं यहां कुल 12 अपार्टमेंट है। कुल साठ से ऊपर लोग रहते हैं। यहां रेन हार्वेस्टिंग की व्यवस्था होने के बाद भी दिक्कत है। सप्लाई पानी से काम चलता है। यहां आसपास यही स्थिति है।

कांके रोड में पानी की बहुत दिक्कत है। अब इधर तालाब तो रहे नहीं। चारों तरफ अपार्टमेंट खड़े हो गए। इससे रिचार्ज भी नहीं हो पाता। बारिश के जल को बचाने का कोई उपाय भी नहीं है। कांके रोड में रहने वाले व्यवसायी प्रमोद सारस्वत कहते



हैं कि मेरे अपार्टमेंट में पुरानी बोरिंग है। पानी रहता है, लेकिन समस्या तो है ही।

सप्लाई से राहत मिल जाती है, लेकिन यहां सप्लाई का पाइप फट जाता है और शिकायत करने के बाद भी जल्दी नहीं बनता। सो, हजारों लीटर पानी ऐसे ही बर्बाद हो जाता है। एक ओर हम सब पानी की किल्लत से जूझते हैं, दूसरी ओर आंखों के सामने पानी को बर्बाद होते देखते हैं।

कांके रोड, लेक एवेन्यू में रहने वाले अशोक नारसरिया कहते हैं मेरे यहां हर साल पांच फीट पानी नीचे जा रहा है। इस बार नपवाया था तो 290 फीट पर पानी है। अगले साल, 295 फीट पर मिलेगा। हमारे यहां शुरू से रेन वाटर हार्वेस्टिंग है, इसलिए पानी की समस्या बहुत नहीं है।

इधर, हल्की बारिश से कुछ राहत मिली है। चांदनी चौक, गांधीनगर के आसपास बहुत परेशानी है। अभी पता चला कि मोरहाबादी के इ इंपायर अपार्टमेंट में भी पानी की बहुत समस्या है। पर, नए अपार्टमेंट में जरूरी है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग हो।

इसका कड़ाई से पालन हो तभी हम पानी की समस्या को दूर कर सकते हैं। अन्यथा कांके रोड की जो स्थिति है, आने वाले दिनों में और भयावह होगी। चांदनी चौक के आगे जो नदी है, वह नाला बन गई है। पानी रहता ही नहीं। इसे भी पुनर्जीवित करने की जरूरत है ताकि पानी का लेयर ऊपर आ सके।

## नशे की खुराक नहीं मिलने से था परेशान, झारखंड में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड के चतरा के नगवां मुहल्ला में नशे की लत में पड़े एक युवक की जान चली गई। उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। युवक सचिन वर्मा (19) पिता प्रमोद वर्मा नगवां मुहल्ला का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि उसे नशे की लत थी। नशे की खुराक नहीं मिलने से परेशान होकर उसने कमरे के अंदर जाकर फांसी के फंदे में लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालांकि मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है।

आसपास के लोगों को इसकी जानकारी होने पर घर पहुंचे और आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय घर पर कोई सदस्य नहीं था। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि शहर में इन दिनों नशा करने वाले युवाओं की संख्या बढ़ गई है। कई युवक ब्राउन शुगर, गांजा आदि की लत में पड़ कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। नशे की खुराक नहीं मिलने के कारण विक्षिप्त की तरह करते हैं। पूर्व में भी नशे की खुराक नहीं मिलने के कारण कई युवकों ने आत्महत्या कर चुके हैं। शहर में दिन प्रतिदिन नशे का कारोबार फल फूल रहा है। सफेदपोश मोटी रकम कमा रहे हैं।

पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से सफेदपोश व तस्करो का मनोबल बढ़ा हुआ है। दिनदहाड़े ब्राउन शुगर की पुड़िया की खरीद बिक्री की जा रही है, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं मिल रही हैं। तस्कर मालामाल हो रहे हैं तो वहीं युवा वर्ग नशे की दलदल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। परिजन परेशान हैं हर रोज परिजन थाना पहुंचकर अपने बेटे को पकड़ने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन पुलिस कोई ध्यान नहीं दे रही हैं।

**नशे के कारण बढ़ गई है आपराधिक घटनाएं :** नशे का सबसे ज्यादा शिकार युवा वर्ग हो रहा हैं। युवा नशे की चपेट में आसानी से आ जाते हैं। नशे के कारण ही कई घर बर्बाद हो चुके हैं। महंगे नशे करने की लत लगने के बाद जब पैसे के अभाव में नशा नहीं मिल पाता हैं तो अपनी लत पूरी करने के लिए अपराध की ओर रूख करने से भी नहीं हिचकाते हैं। ऐसा कई मामले आ चुके हैं कि नशे की लत पूरी करने के लिए मोबाईल छिनतई, घरो में चोरी जैसे घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ गई है।

## 6 दिवसीय जेकेआई कराटे प्रशिक्षण शुरू



**चाईबासा, एजेंसी।** जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया झारखंड के तत्वाधान में जेकेएआई पश्चिमी सिहंभूम चाईबासा के मुख्य ब्रांच एवं सब ब्रांच के छात्र-छात्राओं का छः दिवसीय आउट साइड फील्ड कराटे ट्रेनिंग कैंप सोमवार से शुरू हो गया है। यह जानकारी सेंसाई पंकज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर हर दिन सुबह 5~30 से 7~30 तक 2 घंटे का कराटे प्रशिक्षण ट्रेनिंग चाईबासा के भिन्न भिन्न आउट फील्ड स्थान पर आयोजित की गयी है। इस प्रशिक्षण शिविर में जॉइंट्स रिलेटेड एक्सरसाइज, बॉडी फिटनेस,किहोन, काता प्रतियोगिता संबंधित कुमीते, सेल्फ डिफेंस, माइंड कंसंट्रेशन एवं नान चाकू के साथ-साथ अपने आप में किस प्रकार सेल्फ कॉन्फिडेंस डेवलप करेंगे ।सभी प्रकार का प्रशिक्षण दिया ज था है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि हम लोग तो किसी कमरे में या हॉल में अपने मन को कंसंट्रेट करके प्रशिक्षण प्राप्त कर लेते हैं ,लेकिन किसी ग्राउंड में डिफरेंट टाइप्स ऑफ एक्टिविटीज के बीच में अपने मन को कितना कंसंट्रेट कर पाते हैं या नहीं। मुख्यतः इसका प्रशिक्षण इस तरह के ट्रेनिंग में दिया जाता है ।जैसा कि हम जानते हैं कि हमारा मन और मस्तिष्क जब तक संतुलित एवं लक्ष्य पर केंद्रित नहीं होगा ।तब तक हम किसी भी काम को सही ढंग से अंजाम नहीं दे सकते हैं। इसी क्रम में सोमवार को ट्रेनिंग का पहला दिन गांधी मैदान चाईबासा में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।सबसे बड़ी यह बात थी कि इस ग्राउंड में एक तरफ क्रिकेट मैच खेल रहे थे कुछ लोग एक्सरसाइज कर रहे थे और कराटेकार कराटे प्रैक्टिस कर रहे थे। इन सभी एक्टिविटीज के बीच में हमारे गर्ल्स एंड बॉयस कराटेकारों ने दो घंटे का प्रशिक्षण का लक्ष्य को पूरा किया ।

## रांची के स्पा सेंटर में देह व्यापार : विदेश से मंगाई गई थीं लड़कियां, कई हुए गिरफ्तार

**रांची।, एजेंसी।** डिजायर काम्पलेक्स स्थित एक स्पा सेंटर में सिटी एसपी और लालपुर थानेदार ने छापामारी कर छह युवक और तीन विदेशी लड़कियों सहित आठ युवतियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए छह युवक रांची के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। वहीं युवतियों में तीन थाइलैंड, दो दिल्ली, दो बंगाल और एक रांची की है।

पुलिस का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर में गलत काम हो रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस के देखते ही अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने सेंटर के अंदर से युवक और युवतियों को गिरफ्तार किया। स्पा सेंटर से 80 पैकेट कंडोम, बीयर और शराब की बोतल बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपितों से पूछताछ की गई तो पता चला कि कई दिनों से वह इस काम से जुड़े हुए थे।

पुलिस का कहना है कि स्पा सेंटर का मालिक गौरव अग्रवाल दिल्ली में रहता है। दिल्ली में रहकर वह रांची में देह व्यापार करा रहा था। पुलिस ने इस




मामले में गौरव अग्रवाल को भी आरोपित बनाया है। दिल्ली में रहने वाली जिन दो युवकों को पकड़ा गया है वह गौरव अग्रवाल के कहने पर स्पा का पूरा काम देख रहे थे। थाइलैंड और अन्य जगहों से युवतियां स्पा में काम करने के लिए आती हैं। कुछ दिनों तक रुकने के बाद वापस चली जाती हैं फिर दूसरी लड़की को लाया जाता है।

पुलिस का कहना है कि स्पा सेंटर से पुलिस ने पैकेज लिस्ट बरामद किया है। उसमें तीन हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक का पैकेज का जिक्र है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि जो भी ग्राहक आता था उसे तीन हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये में क्या क्या सुविधा मिलेगी इसकी जानकारी दी जाती थी। एक लाख के पैकेज में ग्राहक के लिए एक साल तक स्पा में सबकुछ फ्री की सुविधा थी।

शहर के कई इलाकों में स्पा सेंटर चलता है। पुलिस को इसकी शिकायत मिली है स्पा सेंटर में गलत काम होता है। पुलिस सभी स्पा सेंटर का लिस्ट तैयार कर रही है। पुलिस का कहना है कि सभी स्पा सेंटर में छापेमारी की जाएगी और जो दोषी होगा उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## बदले दौर में विलुप्त होने कगार पर है पारंपरिक वाद्य यंत्र

**देवघर/मधुपुर, एजेंसी।** लगन का मौसम चल रहा है, शादी के मौके पर बजने वाले ढ़ोल, ताशा, बैंड की सुरीली आवाज जहां खुशी के माहौल को मनमोहक बना देती थी। आज के बदले दौर में पारंपरिक वाद्ययंत्र विलुप्ति के कगार पर है। आधुनिकता की दौड़ में शहनाई की आवाज कर्कश डीजे की आवाज में दबता जा रहा है। ध्वनि को प्रदूषित करता इसका धून जब किसी दिल के मरीज के कानों तक पहुंचती है, तो जान निकलने के लिए तड़फड़ाने लगता है। किसी की नींद खराब हो या किसी की जान निकले शादियों में डीजे का प्रचलन निरंतर बढ़ता जा रहा है। कभी शादियों के दिनों में शादी घरों में महिलाओं के द्वारा पारंपरिक विवाह गीत गाए जाते थे। आंगन में गीतों के साथ विवाह से सप्ताह पूर्व पूरा मोहल्ला जमा हो करना नाचा- गाया करता था। ढ़ोल की थाप के बगैर कोई भी मांगलिक कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता था। लेकिन आज कानफोड़ू डीजे लोगों को कान को बंद करने पर मजबूर कर देता है। गाड़ी पर लगे डीजे साउंड बॉक्स से निकलता तेज आवाज और चमचमाती रोशनी के बीच भोजपुरी, खोरठा, नागपुरी, हिंदी गीतों का अश्लील रीमिक्स पारंपरिक ढ़ोल- बाजे पर कुठाराघात करते दिखती है। लुप्त होते पारंपरिक वाद्य यंत्र और कलाकारों को समाज और सरकार के द्वारा प्रोत्साहन देकर बचाने की जरूरत है।

## झारखंड के कई इलाकों में बारिश की संभावना, चलेंगी तेज हवाएं

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में बीते करीब दो हफ्ते से प्रचंड गर्मी का सितम झेल रहे रांची और उसके आसपास के लोगों को थोड़ी राहत मिली है। रविवार को दिनभर रांची में बादल छाए रहे। अधिकमत तापमान जो पिछले कुछ दिनों से आग बरसा रहा था, वह 35.4 डिग्री पर आ गिरा। उधर, पलामू क्षेत्र में अधिकत तापमान चार डिग्री तक गिरने से थोड़ी राहत तो मिली है, लेकिन रविवार को तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मेदिनीनगर का तापमान 41.1 डिग्री दर्ज किया गया।

पलामू में तापमान गिरने की खुशी भी सिर्फ रविवार तक ही रहेगी, क्योंकि मौसम विभाग ने सोमवार से वहां अगले दो दिन फिर से भीषण गर्मी और लू का यलो अलर्ट जारी किया है। जबकि इस दौरान राज्य के शेष भागों



में तेज हवा और गरज के साथ वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। रविवार को गढ़वा का अधिकतम तापमान 40.7 और गुमला का 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार पलामू में हल्के बादल छाए रहने के कारण यहां तापमान में कमी आयी।भीषण गर्मी में लू की वजह से 29 मई से एक जून के बीच राज्यभर में करीब 60 लोगों की जान जा चुकी है। 29 मई को पांच व्यक्ति की मौत हुई थी। वहीं 30 मई को 14 और 31 मई को 28 व्यक्तियों की मौत हुई थी। इसके अलावा एक जून को भी 13 लोगों की जान जा चुकी है

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया, पलामू, गढ़वा और आसपास के जिलों में मौसम बदलाव के कारण अधिकतम तापमान नीचे गिरा, लेकिन अगले दो दिनों के दौरान इन जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य के शेष भागों में मौसम बदलाव और तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है। यानी पलामू, गढ़वा और आसपास के जिलों के अलावा राज्य में अन्य जगहों पर बारिश हो सकती है। लेकिन पलामू के लोगों को एक मुसीबत का सामना भी करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने यहां अगले दो दिनों के लिए भीषण गर्मी और हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है।राजधानी समेत झारखंड के कई जिलों में रविवार को आंशिक बादल छाए रहे। रांची का अधिकमत तापमान 35.4 डिग्री रहा। जमशेदपुर में 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### गरमी और संवेदना

जब गरमी चरम पर हो, तब विशेष रूप से मजदूरों व मेहनतकश लोगों की चिंता सबसे जरूरी है। इस लिहाज से दिल्ली के उप-राज्यपाल वी के सक्सेना ने जो निर्देश दिया है कि निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 से 3 बजे तक सवैतनिक अवकाश दिया जाए, उसकी सराहना की जानी चाहिए। दिल्ली में जब पारा 50 डिग्री के पार चला गया हो, तब मजदूरों के अनुकूल कदम उठाना और उनसे काम लेने वालों को उदारता के लिए पाबंद करना समय की मांग है। राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गरमी के बावजूद अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां काम नहीं रुक सकता, पर कार्य के समय को मौसम के अनुरूप बनाया जा सकता है। जहां भी मजदूरों को धूप में काम करना पड़ रहा है, वहां यह नियम लागू होना चाहिए या काम के घंटों में परिवर्तन किया जाना चाहिए। पहले के दौर में किसान सुबह छह से ग्यारह बजे तक खेतों में काम करने के बाद लौट आते थे और शाम चार बजे के बाद ही वापस खेत में काम के लिए लौटते थे। किसी काम को पूरा करने के लिए यह कतई जरूरी नहीं कि जीवन को खतरे में डाला जाए।प्रतिकूल मौसम में मजदूरों के अनुरूप नीतियों की पालना अनिवार्य है। आमतौर पर मजदूरों के बारे में नहीं सोचा जाता है। बड़ी संख्या में मजदूर विपरीत हालात में काम करते पाए जाते हैं। उनसे काम लेने वाले उनकी सहूलियत के बारे में रत्ती भर भी नहीं सोचते हैं। आज जब भारत के एक बड़े क्षेत्र में तापमान कुछ ज्यादा ही परेशान कर रहा है, तब दिल्ली की तरह ही दूसरे राज्यों की सरकारों को भी समाधान पर गौर करना चाहिए। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने तो अपने मातहत कार्यरत मजदूरों को दिन में तीन घंटे का ब्रेक देने संबंधी व्यवस्था को पहले ही लागू कर दिया है। खास बात यह है कि यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आएगा। हालांकि, ऐसे मामलों में केवल निर्देश देना ही पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्देश को सभी कंपनियां और ठेकेदार अपने दायरे में पूरी तरह से लागू करें। स्वयं मजदूरों को भी अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सचेत होना चाहिए। चंद पैसों के लिए लू का शिकार होकर जीवन संकट में डालना सही नहीं है। उन्हें अपने आसपास पानी का इंतजाम भी करवाना चाहिए। अधिकारियों ने तो कागजी भलमनसाहत दिखाते हुए मजदूरों के लिए नारियल पानी तक का इंतजाम रखने के लिए कहा है, पर क्या तमाम कार्यस्थलों पर शीतल पेयजल भी उपलब्ध है? शहरों में बढ़ते तापमान से निपटने के लिए जल और छिड़काव की सबसे ज्यादा जरूरत है, पर क्या शहरों ने पर्याप्त पानी का इंतजाम कर लिया है? ऐसे इलाकों में क्या होगा, जो पेयजल के लिए भी तरस रहे हैं।पेयजल का इंतजाम न होने की वजह से ही बिहार में अनेक स्कूलों में बच्चों के बीमार पड़ने की शिकायत सामने आई है। पहला सवाल तो यही है कि इतनी गरमी में स्कूल क्यों खुले हुए थे? जब पारा 42 के पार पहुंच जाए, तो स्कूल चलाना क्यों जरूरी है? देश में ज्यादातर स्कूल बंद हो गए हैं, तो बिहार में स्कूलों को खोलने और बच्चों को बुलाने की क्या मजबूरी थी? अगर भीषण गरमी में भी स्कूल चलाए जा रहे थे, तब उन स्कूलों में शीतल जल और बिजली से संचालित पंखों की व्यवस्था किसकी जिम्मेदारी थी? देश के जिन इलाकों में स्कूलों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, उन्हें विशेष रूप से सतर्क रहना चाहिए, ताकि किसी भी बच्चे के बीमार पड़ने की नौबत न आए।

## आत्मघाती है तम्बाकू का नशा

*प्रारंभ में शौक के रूप में तंबाकू खाने वाले व्यक्ति अंतत- इसकी लत का शिकार हो जाते हैं। यही लत व्यक्ति को कमजोर कर देती है और तंबाकू उसके ऊपर हाबी हो जाती है। जिस व्यक्ति में इसकी लत नहीं है, वह चाहे तो इसको आसानी से छोड़ सकता है, लेकिन लत वाले आदमी को इसे छोड़ना काफी मुश्किल है। इसके प्रभाव से शरीर का आभामंडल समाप्त हो जाता है। जब किसी खाने वाले व्यक्ति को देर तक तंबाकू खाने को नहीं मिलती तो उसका व्यवहार काफी चिड़चिड़ा हो जाता है।*

**(सुरेश हिंदुस्तानी)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि सन 2050 तक 2.2 अरब लोग तंबाकू या तंबाकू उत्पादों का सेवन कर रहे होंगे। इस आकलन से अंदाजा लगाया जा सकता है कि तंबाकू के खिलाफ कानूनी और गैर सरकारी अभियानों की क्या गति है और उसका क्या हश्र है। भारत में योजनाबद्ध तरीके से युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में लाने का अघोषित अभियान सा चलता दिखाई दे रहा है। आज युवक ही नहीं, बल्कि युवतियाँ भी नशे की लत की शिकार होती जा रही हैं। देश में तमाम प्रतिबंध और चेतावनियों के बाद भी जिस गति से तंबाकू खाने का प्रचलन बढ़ रहा है। उससे यह संभावना व्यक्त की जा सकती है कि आने वाले समय में इसके खतरे और बढ़ेंगे। तंबाकू के खतरे को नजरअंदाज करना न सिर्फ भयानक होगा, बल्कि आत्मघाती भी होगा। तंबाकू जनित कुछ आंकड़ों पर भी गौर कर लें। विश्व स्वास्थ्य संगठन का आंकड़ा कहता है कि 1997 के मुकाबले तंबाकू निषेध कानूनों के लागू करने के बाद वयस्कों में तंबाकू सेवन की दर में 21 से 30 प्रतिशत की कमी आई थी, लेकिन इसी दौरान हाईस्कूल जाने वाले 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में तंबाकू का सेवन 60 प्रतिशत बढ़ गया था। दुनिया में होने वाली हर पांच मौतों में से एक मौत तंबाकू की वजह से होती है। तंबाकू जनित रोगों में सबसे ज्यादा मामले फेंफड़े और रक्त से संबंधित रोगों के हैं जिसका उपचार न केवल महंगा बल्कि जटिल भी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि सन 2050 तक 2.2 अरब लोग तंबाकू या तंबाकू उत्पादों का सेवन कर रहे होंगे। इस आकलन से अंदाजा लगाया जा सकता है कि तंबाकू के खिलाफ कानूनी और गैर सरकारी अभियानों की क्या गति है और उसका क्या हश्र है। प्रत्येक आठ सेकंड में होने वाली एक मौत तंबाकू और तंबाकू जनित उत्पादों के सेवन से होती है। फिर भी तंबाकू के उपभोग में कमी न होना मानव सभ्यता के लिए एक गंभीर सवाल है। तंबाकू के बढ़ते खतरे और जानलेवा दुष्प्रभावों के बावजूद इससे निपटने की हमारी तैयारी इतनी लचर है कि हम अपनी मौत को देख तो सकते हैं, लेकिन उसे टालने की कोशिश नहीं कर सकते। इसलिए इसे आत्मघाती कदम निरुपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह मानवीय इतिहास की एक त्रासद घटना ही कही जाएगी कि कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका की सक्रियता के बावजूद स्थिति नहीं संभल रही। क्या तंबाकू के खिलाफ इस जंग में हमें हमारी नीयत ठीक करने की जरूरत नहीं है? अगर हम स्वयं सचेत हो जाएं तो ही इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। लेकिन तमाम चेतावनियों के बावजूद हम अपना जीवन बर्बादी के मार्ग पर ले जाने की भूल कर रहे हैं। चीन के बाद भारत में दुनिया के सबसे अधिक तंबाकू सेवन करने वाले लोग रहते हैं। तंबाकू सेवन करने वालों में बीड़ी पीने वालों का अनुपात 85 प्रतिशत है। सरकार तंबाकू के उत्पादन को नियंत्रित कर इसके दुष्प्रभाव को कम करना चाहती है, परंतु तंबाकू की खेती और तंबाकू उत्पादों से जुड़े उद्योगों में लगे लाखों किसानों-मजदूरों की आजीविका आड़े आ रही है। विशेषज्ञ तंबाकू से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए इस पर कर बढ़ाने का सुझाव देते रहे हैं। उनके अनुसार यदि देश में बीड़ी, सिगरेट पर लगने वाले कर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्तर पर ला दिया जाए, तो लाखों लोगों को असमय मौत के मुंह में जाने से बचाया भी जा सकेगा। बीड़ी-सिगरेट से हो रहे भारी नुकसान के बावजूद देश में लोकप्रिय तंबाकू उत्पादों पर कर की दरें बहुत कम हैं। उदाहरण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सिगरेट पर 65 से 85 प्रतिशत कर लगाने का सुझाव दिया है। यदि सिगरेट की खुदरा बिक्री पर कर को बढ़ाकर 78 प्रतिशत कर दिया जाए, तो तंबाकू से होने वाली 34 लाख मौतों को कई वर्ष तक टालने में सफलता मिलेगी। डेढ़ करोड़ लोगों को अकाल मौत से बचाया जा सकेगा और बीमारी पर होने वाले खर्च में भी कमी आ जाएगी। तंबाकू और उसके उत्पादों के सेवन से पूरे शरीर पर विपरीत प्रभाव होता है। अनेक बार चेतावनी देने के बाद भी हम इसे छोडने़ का प्रयास नहीं करते। इसके कारण शरीर के प्रत्येक अंग पर इसका दुष्प्रभाव होता है। इससे पेट और गले का कैंसर हो सकता है। आपकी सेहत का राज छिपा है आपके दांतों में। अगर आपके दांत तंदुरुस्त नहीं हैं तो समझिए शरीर भी तंदुरुस्त नहीं। युवाओं में गुटखा खाने का चलन बढ़ता जा रहा है जिसका नतीजा दांतों और मसूढ़ों को भुगतना पड़ता है। लगातार गुटखे के सेवन से सबम्यूकस फाइब्रोसिस हो जाता है जिससे मुंह खुलना बंद हो जाता है। मुंह नहीं खुलेगा तो दांतों और मसूड़ों की सफाई कैसे होगी। मुंह नहीं खुलना कैंसर से ठीक पहले के लक्षण हैं। आजकल लोग 12 से 13 साल की उम्र में गुटखा खाना शुरू कर देते हैं जिससे उनके दांत अधेड़ लोगों की तरह घिस जाते हैं। दांतों पर लगा इनेमल घिस जाता है और दांत संवेदनशील बन जाते हैं। दांतों के पेरिओडोंटल टिश्यू (दांत की हड्डी) क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और दांत ढीले हो जाते हैं। भारत में दांतों की गंदगी और नियमित साफ-सफाई न होने के कारण 700 तरह के बैक्टीरिया खून में पहुंच जाते हैं जो दिल की बीमारी का कारण बनते हैं। लगातार तंबाकू के इस्तेमाल से दांत का रंग भी काला हो जाता है। तंबाकू को लगातार मुंह में रखने से गाल का वह हिस्सा गल जाता है जहां तंबाकू रहता है। तंबाकू में मौजूद निकोटिन और चूना गाल के ऊतक को जला देता है यह ऊतक जलकर कैंसर का कारण बन जाते हैं। शारीरिक रूप से कमजोर युवाओं पर गुटखे का असर सबसे ज्यादा पड़ता है। संतुलित खान-पान न होने से गुटखा इन युवाओं में जहर का काम करता है। लगातार गुटखे के सेवन से दांतों के जरिए युवाओं में मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर और दिल की बीमारी हो जाती है। निकोटिन ऐसा पदार्थ है, जो शरीर के लिए सिर्फ हानिकारक ही होता है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू में चार हजार से अधिक हानिकारक रसायन होते हैं, इनमें से 18 से अधिक कैंसर कारक माने जाते हैं। हालांकि भारत में सिगरेट पीना लोग देर से शुरू करते हैं, लेकिन जब बात इसे छोडने़ की आती है तो इस मामले में भारतीय बहुत पीछे हैं। सिगरेट या बीड़ी की लत को छोडने़ के लिए केवल एक सख्त इरादे की जरूरत होती है। कहावत है कि हजारों मील का लंबा सफर एक कदम से शुरू होता है। सिगरेट-बीड़ी छोडने़ की राह में आपको संकल्प करने की आवश्यकता है उसके बाद मंजिल आपके सामने होगी। तंबाकू सेवन करने व्यक्तियों पर इसका किस स्तर तक दुष्प्रभाव हो रहा है।

## लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ की सार्थकता

**(डॉ. दीपकुमार शुक्ल)**

पत्रकारिता को लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ का नाम अनायास ही नहीं मिला। बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति पत्रकारिता के दायित्वों की महत्ता के दृष्टिगत समाज ने ही इसे यह स्थान प्रदान किया है। आज पत्रकारिता लोकतन्त्र का अविभाज्य अंग बन चुकी है। हिन्दी भाषा का प्रथम समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को प्रकाशित हुआ था। इसी कारण 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। साप्ताहिक समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के सम्पादक स्मृतिशेष पं. जुगुल किशोर शुक्ल थे। अपने समय के चर्चित वकील पं. जुगुल किशोर शुक्ल ने कोलकाता (तब कलकत्ता) के कोलूटोला से इस समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारम्भ किया था। उस समय देश में अंगेजी, फारसी और बंगला भाषा में तो कई समाचार पत्र निकलते थे। परन्तु हिन्दी भाषा का एक भी अखबार नहीं था। हालाकि सन 1818?19 में बंगला भाषा के अखबार 'समाचार दर्पण' में कुछ पृष्ठ हिन्दी भाषा के भी हुआ करते थे। परन्तु हिन्दी पत्रकारिता का प्रणेता 'उदन्त मार्तण्ड' को ही माना जाता है। क्योंकि यह पहला पूर्ण हिन्दी समाचार पत्र था। यद्यपि आर्थिक परेशानियों के चलते 'उदन्त मार्तण्ड' मात्र डेढ़ वर्ष तक ही प्रकाशित हो पाया। परन्तु हिन्दी पत्रकारिता के लिए प्रेरणा?स्रोत बनकर सदा सर्वदा के लिए प्रतिष्ठित हो गया। समय के बढ़ते क्रम में हिन्दी पत्रकारिता ने अंग्रेजी पत्रकारिता के दबदबे को समाप्त करके आज अपनी अलग पहचान बनाने में पूर्ण सफलता प्राप्त कर ली है। वर्तमान समय में अनेक हिन्दी समाचार पत्र देश के कोने?कोने में अपनी पहुँच बना चुके हैं। देश भर में हिन्दी के दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्रपत्रिकाओं की बहुत बड़ी संख्या यह सिद्ध करती है कि भारत में हिन्दी पत्रकारिता ने 200 वर्षों से भी कम समय में कितना अधिक विकास किया है। संचार क्रान्ति के उत्तरपथ में हिन्दी पत्रकारिता का एक नवीन चेहरा दूरदर्शन के विभिन्न हिन्दी चैनलों के रूप में भी स्थापित होने में सफल रहा है। परन्तु इन चैनलों की व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा ने पत्रकारिता के मूल्यों का क्षरण करने में भी महती भूमिका निभायी है। जिससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर अब प्रश्न?चिन्ह भी लगने लगे हैं। पत्रकारिता को लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ का नाम अनायास ही नहीं मिला। बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति पत्रकारिता के दायित्वों की महत्ता के दृष्टिगत समाज ने ही इसे यह स्थान प्रदान किया है। आज पत्रकारिता लोकतन्त्र का अविभाज्य अंग बन चुकी है। लोक कल्याण की भावना ही पत्रकरिता का मूल उद्देश्य है। पत्रकारिता जब तक अपने इसी उद्देश्य के तहत सामाजिक सराकारों के प्रति सार्थक भूमिका निभाती रहेगी। तभी तक वह लोकतन्त्र को सशक्त बनाने में अहम योगदान दे सकती है। इससे इतर न तो वह सामाजिक मूल्यों की रक्षा कर सकती है और न ही लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ की भूमिका को सार्थक कर सकती है। स्वतन्त्रता संग्राम के समय वह निःस्वार्थ पत्रकारिता ही थी जिसने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने के साथ?साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वाधीनता के लक्ष्य से निरन्तर जोड़े रखा था। आज उसी पत्रकारिता का एक चेहरा ऐसा भी उभर कर सामने आया है, जो समाज में साम्प्रदायिक विद्वेष को निरन्तर हवा देते हुए देश की एकता?अखण्डता को तोड़ने का काम कर रहा है। छोटी सी बात को सनसनीखेज बनाकर गला फाड़?फाड़ कर चिल्लाना, तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करना एक चलन जैसा बनता जा रहा है। किसी भी विषय को खुद ही उठाना, खुद ही बहस करना और खुद ही निर्णय सुना देना, क्या यही पत्रकारिता है? कुछ चैनलों पर होने वाली बहस देखकर तो कई बार ऐसा लगता है कि आखिर यह हो क्या रहा है। कहने को तो बहस में बोलने के लिए अनेक विशेषज्ञ बुलाये जाते हैं। परन्तु सबसे अधिक समय एंकर ही लेता है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5390

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5389

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर और कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं। आपकी किस्मत आपका साथ देगी और आपको आर्थिक सफलता प्राप्त होगी। आपके लिए सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आज आवश्यक सामान की खरीद करने में शाम तक का समय व्यतीत होगा। घर परिवार के बुजुर्गों से बहस न करें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको सुबह से ही हर कार्य में सफलता मिलने से मन में प्रसन्नता और सकारात्मक भाव रहेगा। आपको आपके कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। इससे आपको गौरव महसूस होगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और भाग्य आपका साथ देगा। आज आपको पुत्र पुत्री से जुड़ा कोई फैसला लेना पड़ सकता है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए राजनीतिक क्षेत्र में सफलताकारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने के योग बन रहे हैं और किस्मत आपका साथ देगी। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वन्दी आपसे पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी शुभव्यय कीर्ति की वृद्धि कारक है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है। आपको धन के निवेश में बेहतर रिटर्न प्राप्त होगा।

### सिंह
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल के लोगों की तरफ से मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष की तरफ से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी मार्गी चल रहा है। गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

### मिथुन
आज आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। आपको बहुत दिनों से रुका धन मिलेगा। नए संबंधों में स्थायित्व बनेगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात का समय आनंद में बीतेगा। आपका समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा।

### कन्या
आज आपको कहीं पास या दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको कहीं मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो बिल्कुल न दें। आपको नुकसान हो सकता है।

### तुला
आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी और करियर में मनचाही सफलता प्राप्त होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपका मन सम्मान और सांसारिक प्रतिष्ठा से अभिभूत होगा और दूसरे लोगों से आपको मदद मिलेगी। व्यापार के भागीदारों तथा पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। आप कोई पुराना उधार चुकाने में सफल होंगे।

### वृश्चिक
आज भाग्य का साथ मिल रहा है और आपको करियर के मामले में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। ऑफिस में किसी प्रकार के बड़े बदलाव होने से आपको लाभ होगा। कोई भी नया बिजनस आरंभ करने से पहले वैधानिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरान्त ही कुछ निर्णय लें। घर के पुराने लटके हुए कार्यों को पूरा करने का मौका भी आपको मिलेगा।

### मकर
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या आप सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे। आपको शाम के वक्त कहीं से रुका धन मिल सकता है और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

### कुंभ
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। शाम का समय घरवालों के साथ व्यतीत करें। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा।

### धनु
आज मन प्रसन्न रहेगा। आपका समय परिवार के लोगों साथ आनंद में बीतेगा। आपको आत्मसंतोष होगा। कभी कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आपको सफलता मिल सकती है। किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको कारोबार में दूसरे लोगों से मदद मिल सकती है। अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनानें का प्रयास करें। कार्यालय में भी अकस्मात् कोई नया परिवर्तन आपके फेवर में हो सकता है। महिला सहकर्मी और अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं और आपको लाभ होगा।

### वर्ग पहेली 5390



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. यह योरप महाद्वीप में स्थित देश है इसे यूनान भी कहते है (2)
3. उत्तरप्रदेश का यह स्थल चूड़ी बनाने के कारखाने या कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
7. ऐसी घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. इस पहले टाउन कहा जाता था (3)
10. तीन घंटे का समय, याम (3)
11. गतिविधि, दुष्कर्म, संचलन (4)
12. ऐसी ही सही, अच्छा, कोई चिंता नहीं, देखा जाएगा (2)
14. हाथ, कर, बालिस्त, पाणि (2)
15. रवि, दिनकर, दिनपति, दिनकर (2)
16. अंग्रेजों के बारह महिनों में से एक (2)
17. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक, घड़ियाल (3)
19. नियुक्त करना, धरना, संग्रह करना (3)
21. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
22. हजरत मुहम्मद की यह छंदोबद्ध स्तुति है (2)
23. पितृपक्ष, श्राद्धपक्ष (4)

**ऊपर से नीचे**
1. गर्दन, शरीर का वह हिस्सा जो सिर व धड़ को जोड़ता है (2)
2. अभिभावक, संरक्षक (5)
3. चालाकी, चालबाजी, धूर्तता, प्रकृति (4)
4. प्राणरक्षा की विनती करना (4)
5. उद्यान, बगीचा, उपवन, वाटिका (2)
6. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
8. जलाने वाला, दग्धक (3)
11. औचित्य की सीमा लांघना, अति कर देना (5)
13. प्रक्षालक, प्रक्षालनकर्मी (3)
16. घास-फूस को बटकर बनाई गई रस्सी, पुराना, प्राचीन (2)
18. हिफाजत किया हुआ, महफूज, रक्षा किया हुआ, पालित, पोषित (3)
20. पत्र, चिट्ठी (2)
21. पुनीत, पवित्र, निर्दोष, निर्मल (2)

### वर्ग पहेली 5389 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | ग्लैं | ड | | क | बी | र | |
| त | | र | सि | क | | सा | म |
| जा | ग | ना | | ह | या | त | |
| म | म | | प | रा | | ल | घु |
| क | क | पि | ट | | चा | | ल |
| री | | ता | ना | शा | ह | | न |
| | द | म | | य | | का | शी |
| ग | वा | ह | | द | म | क | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा 450 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी-उमा भारती



**भोपाल, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने लोकसभा चुनाव के परिणाम पर बड़ा दावा किया है। उमा भारती का अनुमान है कि भाजपा एग्जिट पोल की भविष्यवाणी से कहीं अधिक सीटें जीतने जा रही है। हिमालय में लंबे प्रवास से लौटीं उमा भारती ने कहा है कि भाजपा 450 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। गौरतलब है कि इस बार भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। उन्होंने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और उन्हें मसीहाई करिश्मे वाला प्रधानमंत्री बताया। उमा भारती ने काउंटिंग से एक दिन पहले सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भाजपा की प्रचंड जीत का भरोसा जताया। उमा भारती का कहना है कि हिमालय पर देशभर से आने वाले लोगों की मुलाकात के बाद उन्हें यह अनुमान हुआ है। उन्होंने लिखा, परसों एग्जिट पोल आया, उनके जो भी अनुमान हैं किंतु मेरा अनुमान साढ़े चार सौ से कम नहीं हो सकता। मैं अभी लगभग ढाई महीने हिमालय के प्रवास पर रही हूं। वहां विभिन्न राज्यों के तीर्थ यात्री और साधु संत मिले, वह मोदी जी के अलावा दूसरा नाम लेते ही नहीं थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और कन्याकुमारी में उनके तप को लेकर कहा कि इसे कोई अलौकिक व्यक्ति ही कर सकता है। उमा ने कहा कि मोदी जी ने कन्याकुमारी में जिस तरह से तप किया, यह एक अलौकिक व्यक्ति ही कर सकता है। आजादी के बाद भगवान की दया से भारत को एक मसीहाई करिश्मे वाला प्रधानमंत्री मिल ही गया। उन्होंने आगे कहा, जिस तरह से मोदी जी ने बनारस में भावुकता के साथ गंगा जी की तुलना अपनी मां से की उससे मुझे भरोसा हो गया कि अविरल-निर्मल गंगा का मेरा सपना साकार रूप धारण करेगा। पूर्व सीएम ने कहा, नदी जोड़ो योजना का मॉडल लिंक केन-बेतवा का मेरा सपना भी साकार होगा, इसीलिए मैं अपने प्रधानमंत्री जी पर विश्वास एवं अपने सपने साकार होने की उम्मीद से आनंदित एवं निश्चिंत हूं।

### आंधी-तूफान ने मचाया कहर, 100 से ज्यादा पेड़ गिरे, रायगढ़ में 20 घंटे से बिजली बंद

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शनिवार देर शाम आए तेज आंधी तूफान से कई जगहों पर बिजली के पोल के टूटने और पेड़ों की डालियों के बिजली के तारों पर टूट कर गिरने से रायगढ़ शहर सहित पूरे जिले में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई। इससे पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। आंधी तूफान से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुई है। शनिवार देर शाम रायगढ़ जिले में आए आंधी तूफान ने बिजली विभाग के प्री मानसून तैयारियों की पोल खोल दी है। शाम सात बजे से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों का बुरा हाल है। घरों में पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। पिछले 20 घंटे से बिजली के अभाव के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए हैं। बिजली विभाग कल रात से ही सप्लाई बहाल करने में जुटा हुआ है। सीएसईबी के एसई मनीष तनेजा ने बताया कि आंधी तूफान से रायगढ़ शहर में करीब 35 से 40 फीडर से बिजली सप्लाई बाधित हुई। करीब 20 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं। कई जगहों पर पेड़ बिजली की तारों पर गिर गए हैं, जिससे तारें भी टूट गई हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों कोड़ा तराई, किरोड़ीमल नगर, तमनार, लैलूंगा में भी कुछ जगहों पर पोल गिरे हैं। सभी जगहों पर मरम्मत का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर में छह फीडर को छोड़ कर बाकी जगहों पर सप्लाई शुरू कर दी गई है। अभी करीब 70 लोगों की टीम बिजली व्यवस्था बहाल करने में जुटी हुई है। जहां तार टूट गए थे उन्हें जोड़ा जा रहा है। चक्रधर नगर, पॉलीटेक्निक के सामने, टीवी टावर रोड पर अधिक संख्या में पेड़ गिरे हैं।

# दिल्ली में गर्मी से हाहाकार, अस्पताल में बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या, चार लोगों ने तोड़ा दम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक की वजह से बेहोशी की हालत में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। पिछले कुछ दिनों में गर्मी की वजह से चार बड़े अस्पतालों में 26 लोग इसकी वजह से भर्ती हुए हैं। वहीं, चार लोगों की इलाज के दौरान अब तक मौत हो चुकी है। सभी लू लगने के कारण हीट स्ट्रोक के शिकार हुए थे।

गर्मी की वजह से शनिवार को लोकनायक अस्पताल में 31 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि भजनपुरा के रहने वाले व्यक्ति की शनिवार रात को तीन बजे जान चली गई। इस व्यक्ति को शुक्रवार रात को उनके अस्पताल में लाया गया था। इस दौरान वह बेहोशी की स्थिति में था। वह शराब बहुत पीता था और तेज धूप में चलते हुए अचानक गिर गया था। इसके बाद उसे अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। मरीज की हालत को देखते हुए उसे वेंटिलेटर पर भी रखा गया, लेकिन कुछ समय बाद उसकी जान चली गई। लोकनायक में अभी तक चार मरीजों को हीट स्ट्रोक की वजह से भर्ती किया गया था। इनमें से दो को छुट्टी मिल चुकी है, एक की मौत हो गई और एक अभी भी भर्ती है। इससे पहले सफदरजंग अस्पताल में मालवीय नगर के रहने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति की हीट स्ट्रोक की वजह से मौत हो गई। उसके शरीर का तापमान बहुत अधिक था और वह बेहोशी की हालत में था। वह पहले से ही मधुमेह से पीड़ित था। अस्पताल में शुक्रवार को भी एक व्यक्ति की जान चली गई थी। अभी तक यहां हीट स्ट्रोक की वजह से दो लोगों की जान जा चुकी है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी एक व्यक्ति की गर्मी के कारण मौत हो गई थी।



दिल्ली के सफदरजंग संस्थान में अभी तक हीट स्ट्रोक की वजह से 14 लोगों को भर्ती किया गया था। इनमें दो की मौत हो गई और पांच अन्य का इलाज चल रहा है और सात को छुट्टी दी जा चुकी है। लोकनायक अस्पताल में भी हीट स्ट्रोक की वजह से अभी तक चार मरीज भर्ती किया जा चुके हैं। वहीं, राम मनोहर लोहिया में भी पांच मरीजों को हीट स्ट्रोक की वजह से भर्ती किया जा चुका है। इनमें एक की मौत हो गई थी। उधर, दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में हीट स्ट्रोक की वजह से तीन लोगों को भर्ती किया जा चुका है।

## सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ीं, पानीपत कोर्ट ने जारी किया नोटिस, दो जुलाई को पेशी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। उसके पाकिस्तान निवासी पति गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक ने पानीपत जिला कोर्ट में केस दायर किया है। इसमें सीमा हैदर, रबुपुरा के थाना प्रभारी के साथ यू-ट्यूब, फेसबुक, गुगल, इंस्टाग्राम को भी पार्टी बनाया है। कोर्ट ने सभी को नोटिस जारी किया है। सभी को दो जुलाई को पेश होना होगा। जानकारी के मुताबिक, सीमा हैदर ने गुलाम हैदर को तलाक दिए बिना दूसरी शादी की है। वकील मोमिन मलिक ने गुलाम हैदर की मांग पर फैमिली कोर्ट में शादी को चुनौती दी थी, जिसमें गुलाम हैदर के कागजों के आधार पर सीमा हैदर को जमानत मिली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमा हैदर ने अपने वकील के माध्यम उनको बदनाम करने की कोशिश की वकील मोमिन मलिक ने इस मामले में जिला कोर्ट में क्रिमिनल केस दायर किया है, जिसमें सोशल मीडिया पर उनकी छवि को खराब करने का आरोप लगाया है।



## एग्जिट पोल से ज्यादा मिलेंगी सीटें, नतीजों से पहले रामदास आठवले की भविष्यवाणी

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को एग्जिट पोल में लगाए गए अनुमान से ज्यादा लोकसभा सीट मिलेंगी। आठवले ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी। 'एग्जिट पोल' में शनिवार को अनुमान लगाया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे तथा भाजपा-नीत राजग को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने की उम्मीद है। 'इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया' ने अपने सर्वेक्षण में राजग को 361-401 सीट मिलने की संभावना जताई है। उसका अनुमान है कि 'इंडिया' गठबंधन को 131-166 सीट से संतोष करना पड़ेगा।

'एबीपी-सी वोटर' ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए 353-383 सीट और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के लिए 152-182 सीट का अनुमान लगाया है। 'टुडेज़ चाणक्य' ने 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा और उसके गठबंधन के लिए कहीं अधिक सीट मिलने की भविष्यवाणी की है। इसने भाजपा को 335 सीट और राजग को 400 सीट दी हैं। इसने विपक्षी गठबंधन को 107 सीट दी हैं ।

इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने गठबंधन के लिए '400 पार' का नारा दिया था। आठवले ने कहा कि 'एग्जिट पोल' में अनुमान लगाया गया है कि राजग 350 से 375 सीट जीतेगा, लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को ज्यादा सीट मिलेंगी। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख आठवले ने कहा, महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति 35 से 40 सीट (48 में से) जीतेगी और देश में राजग को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। आठवले की पार्टी राजग में शामिल है।

महाराष्ट्र में महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं। आठवले ने कहा कि पिछले साल राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 'एग्जिट पोल' की भविष्यवाणी से कहीं अधिक सफलता मिली थी। उन्होंने कहा, अब 'एग्जिट पोल' में राजग को 375 सीट मिली हैं, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन 400 सीट पार कर जाएगा।

आठवले ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने संविधान बदलने की बात कहकर दलितों के बीच भ्रम पैदा करने की कोशिश की, लेकिन राजग लोगों के बीच भ्रम दूर करने में सफल रहा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों के इस शरारती अभियान का अच्छी तरह से मुकाबला किया गया और इसलिए दलितों, बहुजनों, बौद्धों और बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायियों ने सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन किया।

## आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती को मुंडवा लेना चाहिए अपना सिर-अनिल विज


**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती पर रविवार को निशाना साधा। विज ने कहा कि भारती को अपना सिर मुंडवा लेना चाहिए, क्योंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। वह एग्जिट पोल पर न्यूज एजेंसी से बातचीत कर रहे थे। अनिल विज ने कहा, एग्जिट पोल से ऐसे रुझान मिल रहे हैं कि बीजेपी की सरकार बनने वाली है। एग्जिट पोल के आंकड़ों में अभी भी अंतर है, हम तो 400 के पार जाने वाले हैं। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा में हम सभी 10 सीटें जीतने जा रहे हैं।

अनिल विज ने इस दौरान आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती पर चुटकी ली। उन्होंने कहा, सोमनाथ भारती को अब अपना सिर मुंडवा लेना चाहिए क्योंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। दरअसल, आप लीडर ने शनिवार को कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह अपना सिर मुंडवा लेंगे।

# गाजियाबाद के होटल में चल रहा था सेक्स बाजार, पुलिस ने 4 को दबोचा, छुड़ाई गईं महिलाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
शक्तिखंड चार स्थित एक एक होटल में देह व्यापार की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने मौके से चार युवकों को आपत्तिजनक वस्तुओं के साथ गिरफ्तार करते हुए तीन महिलाओं को मुक्त कराया गया। महिलाओं से डरा-धमकाकर होटल संचालक देह व्यापार करा रहा था। कार्रवाई के दौरान होटल मालिक छत के रास्ते फरार हो गया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि डायल 112 हेल्पलाइन के जरिए सूचना मिली कि शक्तिखंड चार स्थित होटल क्यूबी इन में महिलाओं को बहला-फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है।

मामला संज्ञान में आते ही एसीपी इंदिरापुरम के नेतृव में पुलिस टीम ने शनिवार रात छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस टीम ने लक्ष्य निवासी अशोक नगर दिल्ली, अविनाश निवासी गौतमबुद्धनगर, राहुल कुमार निवासी विवेक विहार दिल्ली व गौरव यादव निवासी शिवपुरी विजयनगर को गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपी कमरों में महिलाओं के साथ आपत्तिजनक हालत में मिले। कुछ ऐसी ही चीजें भी मिली हैं, जिन्हें जब्त किया गया है। होटल संचालक आनंद कुमार छत के रास्ते फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।



एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि होटल में नौकरी की तलाश में आने वाली महिलाओं को होटल संचालक अपनी बातों में उलझाने और बहला-फुसलाकर उनकी कुछ आपत्तिजनक वीडियो बना लेता था। फिर इन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए उन्हें देह व्यापार के धंधे में लगा देता था। उक्त महिलाओं को ग्राहकों से वसूले गए पैसों में से 15-20 फीसदी हिस्सा ही दिया जाता था।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह होटल कुछ दिन पहले ही खोला गया था। आबादी के बीच छोटे से मकान में चल रहे इस होटल को लेकर स्थानीय लोगों ने शुरुआत में विरोध किया था, लेकिन संचालक नहीं माना। लोगों का कहना है कि यहां दिन भर युवक-युवती आते-जाते रहते थे, जिससे माहौल खराब हो रहा था। इससे लोग काफी परेशान थे। इस बारे में सोशल मीडिया पर भी लोगों ने शिकायत की थी। एसीपी का कहना है कि मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## एक अपराधी कैसे कर सकता है भगत सिंह से खुद की तुलना, केजरीवाल पर भाजपा का तंज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने से पहले कहा था कि वह भगत सिंह के चेले हैं, देश को बचाने के लिए कई बार जेल जा सकते हैं। उनके इस बयान पर भाजपा ने तंज कसा है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि एक अपराधी खुद की तुलना भगत सिंह से कैसे कर सकता है।

सचदेवा ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल अपनी तुलना शहीद भगत सिंह या चंद्रशेखर आजाद से करना चाहते हैं तो यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। सचदेवा ने कहा कि एक अपराधी जो शराब के व्यापारियों के साथ सांठगांठ करके दलाली खाता है, कमीशन खाता है और माननीय न्यायालय ने उसे जेल भेजा। माननीय न्यायालय के कहने पर वह सरेंडर कर रहा है तो कहां से वह अपनी तुलना भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद से कर सकता है। अगर एक चोर या अपराधी इस तरह से अपनी तुलना करेगा तो समझ लीजिए कि देश के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा।


वहीं, अरविंद केजरीवाल द्वारा एग्जिट पोल को लेकर उठाए गए सवालों पर सचदेवा ने कहा कि जिस एग्जिट पोल को वह झूठा बता रहे हैं, उसी एग्जिट पोल को लेकर कई बार अपनी वाहवाही बटोरते रहे हैं। अगर आप एग्जिट पोल पर अंगुली उठा रहे हैं तो जितने मीडिया चैनल्स हैं, आप उनकी निष्पक्षता और ईमानदारी पर सवाल उठा रहे हैं। आप उनके काम पर सवाल उठा रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का चरित्र रहा है कि जो उन्हें सूटेबल लगती है वे उसके पक्ष में बोलते हैं अन्यथा विरोध करते हैं।

## डीएमई पर कार ने वैन को मारी टक्कर, हादसे में लड़की की मौत, गुरुग्राम से पकड़ा गया कार चालक

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कार ने एक ईको वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में वैन में सवार 9 लोग घायल हो गए। इलाज के दौरान 12 साल की एक लड़की की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कानून के छात्र 19 साल के कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस ने बताया कि गुरुवार को गाजियाबाद के मसूरी के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तेज गति कार ने ईको वैन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में वैन में सवार नौ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक 12 साल की लड़की ने दम तोड़ दिया। कार चालक दुर्घटना के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि एक 12 साल की लड़की की हत्या करने और आठ अन्य को घायल करने के आरोप में गुरुग्राम से कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। 19 साल का कार चालक कानून की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस ने आरोपी की पहचान गुरुग्राम निवासी मयंक यादव के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि ईको वैन से एक ही परिवार के सदस्य हरिद्वार से मोरबी (गुजरात) जा रहे थे। कार से टक्कर लगने के बाद वैन हाईवे से नीचे गिर गई। घायलों को स्थानीय लोग डासना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि कार चालक कानून का छात्र है और दुर्घटना के समय उसके साथ एक महिला भी थी। दोनों हरियाणा नंबर की कार छोड़कर मौके से भाग गए। सहायक पुलिस आयुक्त (मसूरी/मुरादनगर) नरेश कुमार ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद कार चालक ने बताया कि वह नैनीताल स्थित नीम करोली बाबा आश्रम जा रहा था। रास्ते में वह दिशा भूल गया। वह मेरठ-गाजियाबाद कैरिजवे पर मुड़ गया और बाद में कार ईको वैन से टकरा गई। कार का रजिस्ट्रेशन उसकी मां के नाम पर है।



# टोंक-सवाई माधोपुर का सबसे पहले आएगा परिणाम

**सवाई माधोपुर, एजेंसी।**
राजस्थान की 25 सीटों का परिणाम मंगलवार को आ जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वोटों की गिनती 4 जून मंगलवार सुबह 8 बजे से शुरू होगीभारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज कुमार साहू ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना तैयारियों की लोकसभा क्षेत्रवार समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना से जुडे समस्त प्रोटोकॉल का ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधान सभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की समुचित आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया।

गंगानगर 21, बीकानेर 21, चूरू 22, झुंझुनूं 26, सीकर 21,जयपुर ग्रामीण 22, जयपुर 21, अलवर 21, भरतपुर 21, करौली धौलपुर 23, टोंक सवाई माधोपुर 20, अजमेर 21, नागौर 22, पाली 23, जोधपुर 24, बाड़मेर 23, जालोर 25, उदयपुर 23, बांसवाड़ा 27, चित्तौड़गढ़ 23, राजसमंद 28, भीलवाड़ा 23, कोटा 24 और झालावाड़ बारा 26 राउंड पोलिंग।गुप्ता ने बताया कि मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर ली गई है। राजनैतिक दलों से अपने-अपने काउंटिंग एजेंट्स की सूचियां 31 मई तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में आवश्यक रूप से देने को कहा गया है, जिनमें से अधिकतर ने सूची आरओ को सौंप दी है। जिन्हें अधिकृत पास जारी किया जाना प्रक्रियागत है। साथ ही राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को मतगणना संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की जा चुकी है। मतगणना उपरांत विजय जूलूस नहीं निकाले जाने, मतगणना स्थल को ईको-फ्रेंडली रखने एवं धारा-144 की पालना सुनिश्चित करने के बारे में भी विस्तार से बताया जा चुका है।

गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मतगणना स्थलों पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। सुरक्षा घेरे का पहला स्तर मतगणना परिसर और परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि से शुरू होगा, द्वितीय स्तर और मध्य घेरा मतगणना परिसर के गेट पर होगा। इसका संचालन सशस्त्र पुलिस द्वारा किया जाएगा। तीसरा स्तर और सबसे भीतरी घेरा मतगणना हॉल के दरवाजे पर होगा। इसका संचालन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार, रिटर्निंग अधिकारी किसी भी राजनीतिक व्यक्ति, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त नहीं करेंगे और न ही किसी तरह का पक्षपात करेंगे। मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए वैध प्राधिकार-पत्र होने के बावजूद यदि आरओ को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में उचित संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकेगा। किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति के कमरे में प्रवेश करने या छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

टी-20 वर्ल्डकपः 2024




# ओमान के खिलाफ रोमांचक सुपर ओवर में नामीबिया ने हासिल की जीत

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** नामीबिया ने सोमवार को केंसिंग्टन ओवल में रोमांचक मुकाबले में ओमान को सुपर ओवर में हराया, दोनों टीमें 40 ओवर के रोमांचक मैच में बराबरी पर थीं। डेविड विसे और गेरहार्ड इरास्मस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दिलाई।

सुपर ओवर तक मैच बराबरी पर रहा, जहां नामीबिया ने निर्णायक रूप से नियंत्रण हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया ने विसे के एक चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए, जबकि इरास्मस ने अंतिम गेंदों पर दो और चौके लगाए। नामीबियाई जोड़ी की आक्रामक बल्लेबाजी ने ओमान के सामने एक मुश्किल लक्ष्य रखा। विसे का शानदार प्रदर्शन सुपर ओवर में भी जारी रहा। उनकी सटीक यॉर्कर ने ओमानी बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने नसीम खुशी का महत्वपूर्ण विकेट लिया और आखिरी गेंद पर एक्वीब इलियास के छक्के के बावजूद ओमान जवाब में केवल 10 रन ही बना सका।

नियमित मैच में नामीबिया को सुस्त पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते देखा गया। उन्होंने शुरुआती विकेट खो दिया और पावरप्ले के बाद रन-ए-बॉल की गति बनाए रखी। ओमान के स्पिनरों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली, जिससे नामीबिया के लिए तेजी लाना मुश्किल हो गया। इरास्मस (13 गेंदों में 16 रन) और जेजे स्मिथ (8 गेंदों में 12 रन) दोनों ने तेज शॉट खेले, जिससे ओमान एक कमांडिंग स्थिति में आ गया। हालांकि, विसे के अंतिम ओवर में समय पर लगाए गए छक्के ने नामीबिया की उम्मीदों को जीवित रखा। अंतिम ओवर में पांच रन की जरूरत के साथ, मेहरान खान की शानदार गेंदबाजी ने खेल को सुपर ओवर में धकेल दिया।

मैच की शुरुआत में नामीबिया ने अपने टी20 विश्व कप अभियान में गेंद से शानदार शुरुआत की। टॉस जीतकर और गेंदबाजी का विकल्प चुनते हुए उन्होंने जल्दी ही ओमान को बैकफुट पर ला दिया। ट्रम्पेलमैन ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पारी की पहली गेंद पर एक विकेट लिया और उसी ओवर में दूसरा विकेट लिया। उन्होंने अपने दूसरे ओवर में अपना तीसरा शिकार किया, जिससे ओमान लड़खड़ा गया। नामीबिया के स्पिनर बर्नार्ड शोल्ट्ज़ और इरास्मस ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से दबाव बनाना जारी रखा। जीशान मकसूद और खालिद कैल के कुछ प्रतिरोध के बावजूद, ओमान कोई महत्वपूर्ण गति बनाने के लिए संघर्ष करता रहा। डेथ ओवरों में विसे की चतुर गेंदबाजी और ट्रम्पेलमैन के चार विकेटों ने ओमान को कम स्कोर पर रोक दिया। अपने संतुलित आक्रमण और ठोस बल्लेबाजी लाइनअप के साथ नामीबिया इस रोमांचक जीत के बाद टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए आश्वस्त महसूस करेगा।

## नामीबिया के रूबेन ट्रम्पेलमैन ने टी-20 में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड




**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** नामीबिया के रूबेन ट्रम्पेलमैन ने सोमवार 3 जून को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 अभियान में पहले मैच में एक नया टी20 रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी20 मैच की पहली दो गेंदों पर दो विकेट लेने वाले पहले व्यक्ति बन गए। उन्होंने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में केंसिंग्टन ओवल में ग्रुप बी के मैच में ओमान की बल्लेबाजी इकाई को हिलाकर रख दिया।

नामीबिया ने रोमांचक मुकाबले में ओमान को सुपर ओवर में हराया, दोनों टीमें 40 ओवर के रोमांचक मैच में बराबरी पर थीं। डेविड विसे और गेरहार्ड इरास्मस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दिलाई।

कप्तान गेरहार्ड इरास्मस द्वारा टॉस जीतने और गेंदबाजों के लिए भरपूर सहायता वाली पिच पर गेंदबाजी करने के बाद रूबेन ट्रम्पेलमैन ने पूरी ताकत से खेलते हुए शानदार शुरुआत की। नामीबिया इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकता था क्योंकि रूबेन ट्रम्पेलमैन ने खेल की पहली दो गेंदों पर सलामी बल्लेबाज कश्यप प्रजापति और कप्तान आकिब इलियास के बड़े विकेट हासिल किए।

ट्रम्पेलमैन की यह बाएं हाथ की स्विंग गेंदबाजी का मास्टरक्लास था, क्योंकि उन्होंने गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाजों की तरफ स्विंग कराया। प्रजापति को एक फुलर-लेंथ डिलीवरी पर आउट किया, जो देर से स्विंग हुई। इलियास को एक अनप्लेएबल इन-स्विंगिंग यॉर्कर का सामना करना पड़ा।

आईएसएसएफ वर्ल्डकप

# निशानेबाज ईशा सिंह का शानदार प्रदर्शन, महिला 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में पहुंचीं



**म्यूनिख, एजेंसी।** महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक से चौथे स्थान पर रहकर सोमवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। तिलोत्मा सेन 30वें और इलावेनिल वलारिवान 45वें स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफिकेशन दौर में 293 का स्कोर बनाकर आईएसएसएफ विश्व कप के महिला 25 मीटर पिस्टल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

ईशा ने छठे स्थान से फाइनल में जगह बनाई, जबकि हमवतन रिद्म सांगवान 281 के स्कोर से 68वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक से चौथे स्थान पर रहकर सोमवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। तिलोत्मा सेन 30वें और इलावेनिल वलारिवान 45वें स्थान पर रहीं।

### संदीप फाइनल में जगह बनाने से चूके

संदीप सिंह 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 631.4 अंक से नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। दिव्यांश पंवार 631.2 अंक से 12वें, जबकि रूद्रांक्ष पाटिल 630.7 अंक से 17वें स्थान पर रहे। अर्जुन बबुता केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशाना लगा रहे थे। वह 635.1 अंक के स्कोर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। वह स्पर्धा में दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाने वाले निशानेबाज रहे।

## क्रिस वुड ने दिखाई खेल भावना पार्किंसन को नहीं किया रन आउट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिस वुड ने खेल भावना दिखाते हुए उस समय सभी का दिल जीत लिया जब उन्होंने मौजूदा टी20 ब्लास्ट 2024 के हैम्पशायर और केंट के बीच मैच के दौरान मैथ्यू पार्किंसन को रन आउट नहीं करने का फैसला किया।

जॉय एविसन ने खेल के अंतिम ओवर के दौरान वुड द्वारा फुल टॉस गेंद पर शॉट खेला और नॉन-स्ट्राइकर पर खड़े पार्किंसन को गेंद लगी जो उस समय दोड़कर आधी विकेट पार कर चुके थे। गेंद लगने पर पार्किंसन तुरंत जमीन पर गिर पड़े। उस समय वुड के पास पार्किंसन को रन आउट करने का स्पष्ट मौका था क्योंकि गेंद लगने से पहले वह विकेट के आधे हिस्से में थे, लेकिन वुड ने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। उनके इस फैसले से लोग वुड की काफी तारीफ भी कर रहे हैं।

उन्होंने इस इशारे से मजबूत नैतिक सिद्धांतों और एक अच्छे एथलीट होने के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने उन्हें रन आउट नहीं करने का फैसला किया क्योंकि खेल लगभग समाप्त हो चुका था। मैच की बात करें तो केंट ने 20 ओवरों में 165/9 रन बनाए। इसके विपरीत क्रिस वुड बेहतरीन गेंदबाज रहे जिन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए और विपक्षी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक सीमित रखने में मदद की।





## टीम इंडिया का हेड कोच बनने को लेकर गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, बोले- ये सम्मान...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के साथ ही टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो रहा है. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने नए हेड कोच की तलाश भी शुरू कर दी है. बीसीसीआई ने सोमवार (13 मई) को नए हेड कोच के लिए आवेदन मंगाए थे.

वहीं आवेदन करने की लास्ट तारीख 27 मई (सोमवार) थी. रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का नाम हेड कोच की रेस में सबसे आगे है. गंभीर की मेंटरशिप में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था. मुकाबले के बाद गौतम गंभीर और बीसीसीआई सचिव जय शाह के बीच बातचीत हुई. कहा जा रहा है कि गंभीर का नाम लगभग फाइनल है और बीससीआई की ओर से आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा हो सकती है. अब गंभीर ने भी हेड कोच बनने को लेकर ग्रीन सिग्नल दे दिया है. गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है.

गंभीर ने अबू धाबी में एक इवेंट के दौरान कहा, मैं भारतीय टीम को कोचिंग देना पसंद करूंगा. अपनी राष्ट्रीय टीम (भारतीय टीम) को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है.

गंभीर ने आगे कहा, आप 140 करोड़ भारतीयों और दुनिया भर के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. जब आप भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो यह उससे बड़ा कैसे हो सकता है. मैं भारत को विश्व कप जीतने में मदद नहीं करूंगा, यह 140 करोड़ भारतीय हैं जो भारत को वर्ल्ड कप जीतने में मदद करेंगे.





ताईवान एथेलेटिक्स ओपन

## नयना को मिली बड़ी सफलता, ताइवान में लंबी कूद में स्वर्ण जीता, अनिमेष भी स्पेन में चमके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिमेष कुजूर ने स्पेन में ट्रोफियो डि एटलेटिस्मो स्यूदाद डि सलामांका-मेमोरियल कार्लोस गिल पेरेज एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय धावक ने 20.59 सेकेंड के समय से दौड़ जीती। लंबी कूद की भारत की शीर्ष खिलाड़ी नयना जेम्स ने रविवार को अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 6.43 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर की कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में 28 वर्षीय नयना ने अपने तीसरे प्रयास में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

यह भारत के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। नयना का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6.67 मीटर है जो उन्होंने मार्च में इंडियन ओपन जंप्स प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने के दौरान किया था। उन्होंने पिछले महीने फेडरेशन कप में भी 6.53 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच भारतीय धावक अनिमेष कुजूर ने स्पेन में ट्रोफियो डि एटलेटिस्मो स्यूदाद डि सलामांका-मेमोरियल कार्लोस गिल पेरेज एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय धावक ने 20.59 सेकेंड के समय से दौड़ जीती। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 20.62 सेकेंड था जो उन्होंने इस महीने की शुरुआत में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान हासिल किया था। स्पेन के डेनियल रोड्रिग्ज सेरानो (20.85 सेकेंड) और माउरो ट्रियाना लोपेज (21.27 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले अनिमेष ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.27 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय निकालकर चौथा स्थान हासिल किया था, जो पिछले साल मणिकांत होबलीधर द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड से मामूली अंतर से पीछे था।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिरसे ने सलामांका में ही 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.57 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। हाल ही में शिरसे ने फिनलैंड के जैवस्काइला में वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर (चैलेंजर स्तर) मीट के दौरान पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.41 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। फ्रांस में वर्ल्ड एथलेटिक्स श्रेणी डी प्रतियोगिता लिमोज नेशनल मीटिंग में राष्ट्रमंडल खेलों के त्रिकूद स्वर्ण पदक विजेता एल्धोज पॉल ने 16.24 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि जेसी संदेश ने ऊंची कूद के खिताब के लिए 2.18 मीटर का प्रयास किया।



## विश्व शतरंज रैंकिंग में चौंथे स्थान पर पहुंचे भारत के अर्जुन एरीगैसी

**पेरिस, फ्रांस, एजेंसी।** इस समय भारतीय शतरंज के युवा खिलाड़ियों का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है , डी गुकेश विश्व चैंपियनशिप के खिताब को चुनौती देने वाले है तो प्रज्ञानन्दा नें विश्व के शीर्ष खिलाड़ी कार्लसन और करूआना को पराजित करते हुए विश्व के शीर्ष 10 में अपनी जगह बना ली है तो भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरीगैसी नें फ्रेंच टॉप 16 क्लब चैंपियनशिप में लगातार चार जीत के साथ अपनी लाइव रेटिंग 2771 तक पहुंचाते हुए विश्व रैंकिंग में चौंथा स्थान हासिल कर लिया है , उन्होने यान नेपोमनिशी को पीछे छोड़ते हुए यह कारनामा किया है और ऐसा करने वाले वह विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए है । अर्जुन नें इस टूर्नामेंट में मेज़ फिशर टीम की ओर से खेलते हुए पहले राउंड में पेंटाला हरीकृष्णा , दूसरे राउंड में कुनैन वितालय , तीसरे राउंड में आलोन्सो रोसेल और चौंथे राउंड में लोइक त्रावडोन को मात देते हुए लगातार चार जीत दर्ज की है ।

# छह जून के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है, कोच स्टिमक ने दिया चौंकाने वाला बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छह जून को खेले जाने वाले मैच में भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। यह मुकाबला करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच होगा। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने छह जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच से पहले बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि छह जून को खेले जाने वाले फीफा विश्व कप क्वालिफायर मैच के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। फीफा विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में भारत साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा। इसके बाद भारतीय टीम का सामना 11 जून को कतर से उनकी ही सरजमीं पर होगा।


फीफा वर्ल्डकप



गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम फिलहाल रैंकिंग में 121वें स्थान पर बनी है। इसके बावजूद भारत पहली बार 2026 विश्व कप के क्वालिफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है। स्टिमक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, यह बड़ा मुकाबला है।

इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठायें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। छह जून को खेले जाने वाले मैच में भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। यह मुकाबला करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच होगा। स्टिमक ने आगे कहा, इस महत्वपूर्ण मैच के लिए हमें स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग, मैच की अहमियत, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास के संबंध में कुछ चीजें करनी होंगी। इसलिये हम अपने खिलाड़ियों के लिए हर पहलू पर काम करेंगे ताकि वे इस मैच के लिए अपनी शीर्ष फॉर्म में रहें। भारतीय टीम को छह मैच में हार का सामना करना पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने इन मुकाबलों में सिर्फ एक गोला दागा है।

मुख्य कोच ने कहा, इस मैच की तैयारी के लिए दो अहम चीजे हैं। पहले तो यह मैच जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें बहुत चतुराई से खेलने की जरूरत होगी। हमें संयम की जरूरत होगी। अगर हम पहले आधे घंटे में गोल नहीं करते हैं तो हमें समझदारी से एकजुट होकर बेहतरीन फुटबॉल खेलनी होगी। ये सभी चीजें काफी अहम हैं और हमें इनके लिए तैयार होना होगा।




## भारतीय पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में करारी शिकस्त, ग्रेट ब्रिटेन ने 1-3 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेट ब्रिटेन के लिए बंडुराक निकोलस ने दो (दूसरे और 11वें मिनट में) गोल किए। मेजबान टीम के लिए कैलनन विल (47वें मिनट) ने भी एक गोल किया। वहीं, भारत के लिए सिर्फ एक गोल अभिषेक ने किया।

एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के अपने दूसरे मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। रविवार को मेजबान ने भारत को 1-3 से हराया। शनिवार को हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-0 से हराया था लेकिन रविवार को भारतीय टीम अपनी जीत की लय बरकरार रखने में नाकाम रही। ग्रेट ब्रिटेन के लिए बंडुराक निकोलस ने दो (दूसरे और 11वें मिनट में) गोल किए। मेजबान टीम के लिए कैलनन विल (47वें मिनट) ने भी एक गोल किया। वहीं, भारत के लिए सिर्फ एक गोल अभिषेक ने किया। उन्होंने 35वें मिनट में गोल किया। भारत को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इनमें से किसी को भी गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## एक नजर

### महिला की हीट स्ट्रोक से मौत के बाद परिजनों से मिले इंडी गठबंधन प्रत्याशी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के सिहुली पंचायत के पटोई गांव में लोकसभा चुनाव के दिन 1 जून को चंद्रद्रीप यादव की 55 वर्षीया पत्नी यशोदा देवी वोट देकर लौट रही थी। इसी दौरान हीट स्ट्रोक के चपेट मे आने से उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर सोमवार को इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम सिंह, सरपंच इन्द्रदेव यादव एवं पूर्व मुखिया रंजीत कुमार यादव के साथ मृतका के घर पहुंचे। परिजन से मिलकर ढ़ांढस बंधाया और सांत्वना दी। ग्रामीणों ने राजाराम सिंह को समस्याओ से अवगत कराया। इस अवसर पर नरेश यादव, तेतर यादव एवं बिंदेश्वर यादव आदि मौजूद रहे।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**टंडवा(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** टंडवा थाना पुलिस ने सोमवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के बारा बनाडीह गांव निवासी पंचम राम है। थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बताया कि उक्त व्यक्ति के पर कोर्ट से वारंट निर्गत था और वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### किराना दुकान से शराब की बोतल बरामद

**अंबा(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** सिमरा पुलिस ने स्थानीय बाजार के एक किराना दुकान से 26 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। इस क्रम में दुकानदार सिमरा बाजार निवासी कमलेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पता चला था कि किराना दुकान से शराब का धंधा संचालित हो रहा है। इस आधार पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार दुकानदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।

### कॉलेज में कार्यशाला का किया गया आयोजन

**रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के अरथुआ में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में स्टार्टअप सेल द्वारा एक दिवसीय प्रोटेक्ट इनोवेशनः इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट की महत्ता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि, रवि भारद्वाज, डॉ राय चन्द्रशेखर प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्रों न हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने बताया कि आज देश को जितनी जरूरत आविष्कार की है, उससे कहीं ज्यादा जरूरत उस आविष्कार की सुरक्षा की है जो कि आईपीआर द्वारा किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने आईपीआर की महत्ता से सबको अवगत कराया। इसके उपरांत रवि भारद्वाज द्वारा आईपीआर की विस्तृत जानकारी दी गई।

# गर्मी से युवक की बिगड़ी तबीयत, मौत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** एक युवक की रात में अचानक तबीयत बिगड़ गयी। इसके बाद उसे औरंगाबाद अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में युवक की मौत हो गयी। परिजनों का कहना है कि लू लगने से उसकी जान गयी है। मृतक युवक 18 वर्षीय गुड्डु कुमार ओबरा के कारा बाजार निवासी रामजी प्रसाद का बेटा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड्डु शनिवार को मतदान को लेकर काफी उत्साहित था और उसने मतदान भी किया था। मतदान करने के बाद दोपहर में घर आकर स्नान कर लिया। इसके बाद रात में लगभग 10:30 बजे अचानक उसकी तबीयत खराब हो गयी। देखते ही देखते उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ने लगी। इसके बाद उसे इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि उक्त लड़का वर्तमान में औरंगाबाद से डीएलएड कर रहा था। मृतक के पांच भाई एवं पांच बहन है। लगभग एक वर्ष पूर्व बड़े भाई की मौत बीमारी के कारण हो गयी थी। वहीं घटना के बाद से मृतकको मां सुमित्रा देवी व परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पैक्स अध्यक्ष विवेक दुबे, अतुलदुबे,सर्वोत्तम कुमार, निलोतम कुमार,चंदन कुमार,संतोष खत्री, विनोद गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरुण सिंह,सरपंच संजय सिंह उर्फ उमा यादव ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दिया।

## ऑटो-ट्रैक्टर की टक्कर में मासूम की मौत, चार घायल, रेफर

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के तिलन बिगहा गांव के समीप अनियंत्रित ऑटो सड़क पर खड़े ट्रैक्टर से टकरा गया। इस घटना में ऑटो सवार एक दस वर्षीय मासूम की मौत घटनास्थल पर ही तड़प-तड़प कर हो गई। तीन सें चार लोग जख्मी भी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और परिजनों से जरूरी पूछताछ के बाद औरंगाबाद में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करायी। अंततः शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान डिहुरी गांव निवासी बिक्की चंद्रा के पुत्र प्रज्ञान चंद्रा उर्फ गोलू के रूप में हुई है। मृतक के दादा सुनील प्रसाद चौरसिया ने बताया की उनका पोता अपनी दादी मंजू देवी के साथ रविवार की शाम गोह बाजार से समानों की खरीददारी करने गया था।देर शाम घर लौटने के लिए ऑटो पर सवार हो गया। जैसे ही ऑटो तिलन बिगहा मोड़ के समीप पहुंचा ,वैसे ही अनियंत्रित हो गया और सेंट्रिंग सामान लदे एक ट्रैक्टर से टकरा गया। ट्रैक्टर में लदा सरिया प्रज्ञान चंद्रा के छाती को चीरते हुए पार कर गया जिससे प्रज्ञान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही ऑटो में बैठे अन्य लोगो जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी जख्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह पहुंचाया गया जहां के डॉक्टरों ने दो की हालत गंभीर देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है । वहीं अन्य का इलाज जारी है।

# मतगणना के दौरान व बाद में उपद्रव मचाने वालों से सख्ती से निपटेगी क्यूआरटी टीम, मिली ट्रेनिंग



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** किसी प्रत्याशी की जीत या हार के बाद विरोध और समर्थन में उपद्रव मचाने तथा अनावश्यक हंगामा खड़ा करने वाले उपद्रवी सावधान हो जाएं। ऐसा करने पर औरंगाबाद की पुलिस उनका दंगाईयों के स्टाइल में ट्रीटमेंट करेगी। इसके लिए मतगणना की पूर्व संध्या पर औरंगाबाद के पुलिस लाईन में दंगा रोधी बल को सोमवार को खास ट्रेनिंग दी गई है। ट्रेनिंग ले चुका दंगा रोधी बल मतगणना के दिन 4 जून को शहर में मतगणना केंद्र परिसर सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज व आसपास के इलाके से लेकर शहर में विभिन्न स्थानों पर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहेंगे। पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने बताया कि पुलिस लाइन में पुलिस उपाधीक्षक(रक्षित) द्वारा मंगलवार को औरंगाबाद संसदीय सीट के चुनाव परिणाम के लिए होने वाले मतगणना को लेकर पुलिस केंद्र मैदान में पुलिस बलों को दंगा नियंत्रण ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया गया है। इस दौरान उनसे टियर गैस फायरिंग, क्राउड कंट्रोल, दंगा नियंत्रण लाठी चार्ज एवं अन्य पहलुओं का मॉक ड्रिल कराया गया है। साथ ही इन्हे किसी भी संभावित उपद्रव से निपटने के लिए टियर गैस से लेकर सेफगार्ड एवं अन्य सभी साजो सामान से लैश किया गया है। इस क्विक रिस्पांस टीम(क्यूआरटी) की तैनाती मतगणना के दौरान और मतगणना खत्म होने के बाद भी रहेगी। किसी भी उपद्रव की स्थिति में यह टीम उपद्रवियों के साथ सख्ती से निपटेगी।

## लापरवाही : हजारों गरीब जून माह के अनाज से रह सकते हैं वंचित

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के जिला सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि विभाग की लापरवाही के चलते गरीब प्रताड़ित होंगे। जून में अनेकों डीलरों को आवंटन नही मिला या मिला भी तो बहुत कम मिला जिससे वितरण करना संभव नहीं है। मामला 2020 नवम्बर के कारण यह स्थिति बनी है। 2020 नवम्बर में डीलरों को पीएमकेजीवाई के अनाज 19 डीलरों को दाउदनगर प्रखंड में और सैंकड़ों डीलरों को जिला भर में नहीं मिला था। इसके बावजूद पॉश मशीन पर आवंटन दर्ज कर दिया गया। अनाज मशीन पर एडवांस बता रहा है जिससे सरकार ने डीलरों के आवंटन को कम कर दिया या पूर्ण बंद कर दिया। पदाधिकारी की गलत नीति के कारण डीलर परेशान हैं। उपभोक्ताओं को जून में अनाज मिलने की कम उम्मीद है। यदि समय रहते आवंटन नहीं मिला तो वितरण करना मुश्किल है। इससे डीलरों ओर उपभोक्ताओं के बीच विवाद होना तय है।

## पीट-पीटकर अधेड़ की हत्या, बधार में फेंका शव

निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना क्षेत्र के सुर्खी निवासी, 60 वर्षीय रामस्वरूप राम की हत्या पीट-पीटकर कर दी गई है। उनका शव सोमवार को अदरी नदी के पास एक बधार से बरामद हुआ। प्रतिदिन की तरह, वह सोमवार की सुबह ओबरा सब्जी मंडी में काम करने गए थे, जहां वे सब्जियों से भरी बोरियों को लादने और उतारने का काम करते थे। काम खत्म करने के बाद जब वे घर लौट रहे थे, तो रास्ते में झांझु के पास कुछ लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद, उन लोगों ने पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी और शव को बधार में फेंक दिया।

जब रामस्वरूप दोपहर तक घर नहीं लौटे, तो परिजन उनकी तलाश में निकल पड़े। इस दौरान, लोगों ने नदी के पास उनका शव पाया। घटना की सूचना मिलते ही, थानाध्यक्ष अजय कुमार और पुलिस पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजन हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक का हाइड्रोसिल क्षतिग्रस्त पाया गया है।

## हीट स्ट्रोक से सहकर्मी के निधन पर स्वास्थ्यकर्मियों ने की शोकसभा

**रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हीट स्ट्रोक से सहकर्मी मो. कल्लू के निधन पर स्वास्थ्यकर्मियों ने सोमवार को रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार भवन में शोकसभा की। शोकसभा की अध्यक्षता लिपिक रूपेश कुमार ने की। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी गई। गौरतलब है कि 54 वर्षीय मो.कल्लू की लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान के दिन चुनाव ड्यूटी लगी थी। इसके लिए वह 30 मई को औरंगाबाद में योगदान कर अपना नियुक्ति पत्र लेकर वापस अपने घर रफीगंज लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही वह हीट स्ट्रोक के चपेट में आ गया।

## संसदीय सीट की मतगणना आज, तैयारी पूरी

- आज सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य आरंभ होगा। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** संसदीय सीट के लिए मतगणना मंगलवार को शहर के सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय परिसर में संपन्न होगी। मतगणना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि मतगणना स्थल के इर्द-गिर्द धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सिन्हा कॉलेज मोड़ से मतगणना स्थल जाने वाली सड़क पर सभी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्रातः 8 बजे से मतगणना का कार्य आरंभ होगा। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम के मतों की गिनती की जाएगी और प्रातः 9 बजे से रुझान मिलने लगेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना कक्ष में मोबाइल लेने जाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतगणना को लेकर सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग 14-14 टेबल बनाए गए हैं और सुरक्षा को लेकर बहुस्तरीय व्यवस्था की गई है।

## मतगणना कर्मियों को मिला पोस्टल बैलेट्स की काउंटिंग का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र की मतगणना को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित नगर भवन में पोस्टल बैलेट की काउंटिंग को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पोस्टल बैलेट काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग सुपरवाइजर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन ने की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में जो बातें बताई जा रही है, इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। कोई भी कार्य अपनी मनमर्जी से नहीं करना है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतगणना को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करेंगे। उन्होंने क्रमवार पोस्टल बैलेट की गणना के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पोस्टल बैलेट पेपर खोलने व विभिन्न प्रपत्रों के संबंध में विस्तार से बताया।

कर्मियों को विस्तार से ईटीपीबीएस एवं पोस्टल बैलेट के मतों की गणना की जानकारी दी। उनके द्वारा बताया गया कि सुबह आठ बजे पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ होगी। काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग सुपरवाइजर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का क्या कार्य और क्या दायित्व हैं, इसके संबंध में विस्तार से बताया। कहा कि पोस्टल बैलेट मतगणना को लेकर केंद्र में हॉल बनाया गया है। कहीं से कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उनके द्वारा पोस्टल बैलट के फॉर्म 13 ए, बी, सी को स्कैन एवं बारकोड स्कैन कर मतगणना करने एवं पोस्टल बैलट मत को वैध एवं अवैध मत को अलग करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि किस परिस्थिति में पोस्टल बैलट को अवैध घोषित किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी, प्रशिक्षण कार्य में लगे सभी कर्मियों के अतिरिक्त जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल अधिकारी ने बताया कि चार जून को सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में होनेवाले मतगणना के लिए प्रशासन की ओर से युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। वोटों की गिनती में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसके लिए कर्मियों को आयोग की गाइडलाइन के बारे में भली भांति अवगत कराया गया है।

## नदी में नहाने गए युवक की डूबकर मौत

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह प्रखंड की सीमा अरवल जिले के बंशी थाना क्षेत्र के कोनी गांव निवासी 45 वर्षीय संजय दास की मृत्यु पुनपुन नदी में डूब जाने से हो गई है। जानकारी के अनुसार वे नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान डूबकर उनकी मौत हो गई। उन्हें डूबते हुए कुछ लोगो ने देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। ग्रामीणों ने उन्हें नदी से निकालकर उपहारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर इलाज के लिए लाए। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर गोह प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र आये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत करार दिया। मृतक काफी गरीब परिवार के थे। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके दो पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं। परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव घर ले गए।

## गर्मी से बिगड़ रही लोगों की सेहत, अस्पताल में भीड़

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों की सेहत खराब हो रही है। इलाज के लिए लोग सरकारी एवं निजी अस्पताल पहुंच रहे हैं। गोह पीएचसी में प्रतिदिन मरीजों की लंबी कतार लग रही है। सोमवार को गोह में तकरीबन चार सौ मरीजों का इलाज सरकारी अस्पताल के ओपीडी में किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम प्रकाश एवं डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अधिकांश मरीज हीट वेब से जुड़े हैं। कई दिनों से पारा 42 डिग्री के पार रह रहा है जिससे स्थिति काफी भयावह हो गई है। दिन चढ़ते सड़कें सुनी हो जा रही है। चिकित्सको ने सलाह दी है कि तेज धूप में बाहर निकलने से बचे। तरल पदार्थ का सेवन करें। सुपाच्य एवं विटामिन युक्त भोजन करें। ठंडा भोजन नहीं नहीं करना चाहिए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिनव चंद्र ने बताया कि गर्मी को देखते ही सभी कर्मियों को रोस्टर बनाकर 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। मुख्यालय के अस्पताल में स्थायी रूप से हीट वेव वार्ड बनाया गया है। सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्यकर्मी एवं पर्याप्त दवा उपलब्ध है।

### कृषि योग्य भूमि में जल जमाव से परेशानी

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.) ।** दाउदनगर पुराना शहर स्थित वार्ड नंबर 3 में जल जमाव से कृषक परेशान हैं। किला के पश्चिम व दक्षिण भाग में वर्ष 2007 से ही शहर के विभिन्न वार्डों का गंदा पानी गिर रहा है जो लगभग 10 एकड़ में फैला चुका है। पानी फैलने से कृषि योग्य भूमि बर्बाद हो चुकी है। हालांकि नगर परिषद दाउदनगर द्वारा बार-बार समस्या समाधान का आश्वासन दिया जाता है लेकिन आज तक समाधान नहीं हो सका है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की हुई मौत

निज संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना क्षेत्र के जगई निवासी विमलेश मिस्त्री (50 वर्ष) की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने के बाद इलाज के क्रम में हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम साइकिल से वे अंबा से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में उत्तर कोयल नहर के बजराही फॉल के पास में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इसमें वे गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त होकर नहर में गिर गए। नहर के पूल के समीप मौजूद लोगों ने उन्हें नहर से बाहर निकाला और इलाज के लिए अंबा के एक निजी क्लीनिक में लाए। यहां से रेफर होने के बाद औरंगाबाद ले गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें वहां से भी रेफर कर दिया गया।

## दो संगठनों का आपसी विलय कर बना किसान-मजदूर यूनियन



निज संवाददाता

**अम्बा (औरंगाबाद)।** कुटुम्बा प्रखंड के परता में सोमवार को भ्रष्टाचार प्रतिरोध संघर्ष मोर्चा एवं नागरिक अधिकार संघर्ष समिति की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुभाष कुमार सिंह ने की। वही बैठक में दिनेश राय, कुमार अकेला, आलोक कुमार, राजेश सिंह, अभिमन्यु सिंह, विकास कुमार, भुनेश्वर कुमार एवं सुभाष कुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से दोनों संगठनों का आपस में विलय कर एक नया संगठन गठित किया गया। नवगठित संगठन का नाम किसान-मजदूर यूनियन बिहार-झारखंड रखा गया, जिसका अध्यक्ष आलोक कुमार को चुना गया। अध्यक्ष द्वारा संगठन की पूरी कमिटी की घोषणा बाद में की जाएगी। बैठक में अन्य प्रस्ताव पारित कर बिहार एवं झारखंड की लंबित सिंचाई परियोजनाओं को अविलम्ब पूरा करने, होलिया व पुनपुन नदी को अतिक्रमण से मुक्त कराने, सामाजिक कार्यकर्ता आलोक कुमार व उनके परिजनों पर हमले तथा लगातार किए गए एससी-एसटी के फर्जी मुकदमो का उच्चस्तरीय जांच कराने तथा एससी-एसटी एक्ट के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने, रजौली प्रखंड अंतर्गत भूदान से मिले पर्चाधारियों को कब्जा से बेदखल करने का राजकीय षड्यंत्र बंद करने, हुसैनाबाद अनुमंडल में किए गए।

## रामचरितमानस पाठ हुआ आयोजन

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** ओबरा प्रखंड के मखरा गांव में दो दिवसीय रामचरितमानस पाठ का आयोजन भगवान हनुमान के 12वीं वार्षिकोत्सव के मौके पर किया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। अयोध्या से आए विद्वानों ने कथा के जरिय लोगों को सनातन संस्कृति का महत्व बताया। इस मौके पर कमलेश कुमार विकल, स्टेशन प्रबंधक अरविंद कुमार, डा. राजेश कुमार रंजन, सूरजमल शर्मा, विजय शर्मा, अर्जुन शर्मा, रमेश शर्मा, विजय शर्मा, महेंद्र पासवान, सत्येंद्र ठाकुर, अर्जुन पासवान, धर्म प्रकाश मेहता, हरि पासवान आदि थे।

